राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 पिता के साथ बेटी भी है बेहतरीन खिलाड़ी, जीवा का धोनी के साथ ...

बंगले पर बढ़ा बवाल, एक साथ आई दो-दो मुसीबत ... 12

वर्ष : 10 | अंक : 355 | पटना, गुरुवार, 11 मई, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 42°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,995
चांदी	72,500
सेंसेक्स	57,635
निफ्टी	16,986

मातृ मृत्यु, मृत शिशुओं के जन्म, नवजात की मौत के मामले में भारत की स्थिति दयनीय : संयुक्त राष्ट्र

प्रात : किरण

केपटाउन/एजेंसी। दुनियाभर में प्रसव के दौरान महिलाओं की मौत, मृत शिशुओं के जन्म और नवजात शिशुओं की मौत होने के 60 प्रतिशत मामले 10 देशों में पाए गए हैं और इस सूची में भारत की स्थिति सबसे खराब है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर शिशुओं के जन्म के 51 प्रतिशत मामले जिन 10 देशों में दर्ज किए गए हैं, उनकी सूची में भी भारत शीर्ष पर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में प्रकाशित इन आंकड़ों को अंतरराष्ट्रीय मातृ नवजात स्वास्थ्य सम्मेलन (आईएमएनएचसी 2023) के दौरान मंगलवार को जारी किया गया। इन आंकड़ों के अनुसार, 2020-2021 में प्रसव के दौरान दो लाख 90 हजार महिलाओं की मौत हुई, 19 लाख मृत शिशुओं का जन्म हुआ और 23 लाख नवजात शिशुओं की मौत हुई, यानी वैश्विक स्तर पर कुल 45 लाख मौत हुईं, जिनमें से भारत में मृतक संख्या 7,88,000 रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस दौरान दुनिया भर में पैदा हुए बच्चों में से 17 प्रतिशत शिशुओं का जन्म भारत में हुआ और यह भी मौत की अधिक संख्या का कारण हो सकता हे। रिपोर्ट के अनुसार, मातृ मृत्यु, मृत शिशुओं के जन्म और नवजात की मौत संबंधी इस सूची में भारत के बाद नाइजीरिया, पाकिस्तान, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, इथियोपिया, बांग्लादेश और चीन का नंबर है। उप-सहारा अफ्रीका और मध्य एवं दक्षिणी एशिया ऐसे क्षेत्र हैं जहां इस तरह की मौत के मामले में स्थिति सबसे खराब है, लेकिन वैश्विक 2030 के लक्ष्यों को हासिल करने को लेकर हर देश के प्रयास की गति अलग है। अब तक की पहली संयुक्त प्रत्येक नवजात कार्य योजना (ईएनएपी) और रोकी जा सकने वाली मातृ मृत्यु दर समाप्ति (एंडिंग प्रिवेंटेबल मैटरनल मॉर्टेलिटी) (ईपीएमएम) रिपोर्ट के अनुसार, गर्भवती महिलाओं, माताओं और शिशुओं की मृत्यु के मामलों को कम करने की दिशा में वैश्विक प्रगति मातृ एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य में घटते निवेश के कारण आठ वर्षों से स्थिर रही है। डब्ल्यूएचओ में मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य संबंधी मामलों की निदेशक डॉ अंशु बनर्जी ने कहा, गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की दुनिया भर में उच्च दर से मौत हो रही है, जो अस्वीकार्य है और कोविड महामारी ने उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने की दिशा में रुकावटें पैदा की हैं।

उन्होंने कहा अलग परिणाम देखने के लिए हमें चीजों को अलग तरह से करना होगा। प्राथमिक स्वास्थ्य की देखभाल में निवेश बढ़ाना होगा क्योंकि ऐसा करने से हर महिला और बच्चे के लिए स्वास्थ्य और जीवित रहने के अवसर बढ़ेंगे।

विपक्षी एकजुटता : हेमंत सोरेन से मिलें नीतीश, तेजस्वी रहें मौजूद

सभी विपक्षी दल एकजुट हुए तो चौंकाने वाले आएंगे परिणाम : नीतीश

प्रात : किरण

रांची/ एजेंसी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तमाम विपक्षी दलों को एकजुट करने की मुहिम में जुटे हैं। इस कड़ी में मुख्यमंत्री बुधवार को उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ रांची पहुंचे। उन्हें बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद विपक्षी एकता को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, मंत्री संजय झा और जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह भी थे। मुलाकात के बाद संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में नीतीश कुमार और हेमंत सोरेने ने कहा कि विपक्षी एकता की बदौलत अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को रोकेंगे। नीतीश कुमार ने कहा कि सभी विपक्षी दलों को एकजुट करने का काम किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि आज इतिहास बदलने की बात हो रही है। हमलोगों को देश के इतिहास को बचाना है। वे लोग आजादी का 75 वर्ष मना रहे। पहले वर्ष में वे लोग कहां थे ? इधर उधर की बात किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों की आपसी बातचीत हुई है, पूरे देश में बातचीत हुई है। हम लोग एकजुट होकर काम करेंगे। कहा कि जब हम एकजुट होकर

काम करेंगे तब आगामी लोकसभा चुनाव में परिणाम देख लीजियेगा। जो परिणाम सामने आएंगे उसे देख देश का इतिहास अक्षुण्ण रहेगा। आजादी की लड़ाई का इतिहास कायम रहेगा देश प्रगति करेगा और हम देश में किसी भी प्रकार का विवाद नहीं होने देंगे। देश की आजादी का इतिहास कायम रहेगा। देश को आगे बढ़ाने का काम होगा,किसी तरह का विवाद नहीं होगा। उन्होंने कहा कि चौथे स्तंभ मीडिया को भी स्वतंत्र रूप से काम करने नहीं दिया जा रहा है। आज चर्चा सिर्फ और सिर्फ एक व्यक्ति की होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का भी विकास होगा और देश के विकास के लिए भी काम होगा। हम लोगों का रिश्ता क्या है, आपलोग जानते हैं न ? वर्ष 2000 में झारखंड अलग हुआ बिहार से, पहले और आज भी हमलोगों का रिश्ता है। हेमंत सोरेन के पिताजी से हमारा क्या रिश्ता रहा है। बता दें कि इससे पहले 9 मई को नीतीश कुमार ओडिशा पहुंचे थे और वहां के सीएम नवीन पटनायक से मुलाकात की थी और आज उन्होंने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से मिले। अब 11 मई को नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव मुंबई जाएंगे जहां उद्धव ठाकरे से मिलकर एकजुट होने की पहल करेंगे।

सब लोगों के जो विचार हैं उसे अमलीजामा पहनायेंगे: मीडिया से बातचीत करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि इन दिनों देश की राजनीतिक व्यवस्था पर चर्चा चल रही है। हमलोग अभी केंद्र सरकार के विपक्षी राजनीति की भूमिका में है। आगे देश के अंदर कैसे विचारों को स्थापित किया जाए, बढ़ाया जाए इस विषय पर चर्चा चल रही है। अब यह चाचा रांची तक पहुंची है। हम लोगों ने भी इस विषय पर संक्षिप्त चर्चा की है। इस चर्चा के बाद अब हम लोग इस विषय पर सब लोगों के साथ विस्तृत चर्चा करेंगे। जो राजनीतिक विचार हैं उसको इकट्ठा करने के लिए बहुत जल्द एक बार फिर से हम सबलोग साथ बैठेंगे। सब लोगों के जो विचार हैं उसे अमलीजामा पहनायेंगे। हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे गार्जियन(नीतीश कुमार) सामने बैठे हैं। इनसे बहुत सारी बातें हमें जाननी भी है और सीखना भी है। राज्य की क्षेत्रीय अस्मिता और देश की एकता कैसे बनी रहे इस पर काम करना है। हमें जरूर इस का मार्गदर्शन मिलेगा।

विप के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

विप के सभापति ने सदस्यों को दिलाई शपथ

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार विधान परिषद् के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। बिहार विधान परिषद् के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर ने स्नातक एवं शिक्षक क्षेत्र से चार नव निर्वाचित सदस्यों अवधेश नारायण सिंह, गया स्नातक, जीवन कुमार, गया शिक्षक, प्रो डॉ वीरेन्द्र नारायण यादव, सारण स्नातक एवं संजीव कुमार सिंह, कोशी शिक्षक को शपथ दिलायी गई। शपथ लेने वाले सदस्यों को बिहार विधान परिषद् की कार्य संचालन नियमावली, डायरी, आवास आवंटन पत्र एवं बिहार विधान परिषद् की समिति में मनोनयन से संबंधित पत्र भी भेट की गई । शपथ ग्रहण समारोह में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बिहार विधान परिषद् के उप सभापति डॉ. रामचन्द्रे पूर्वे, बिहार विधान सभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, मुख्य सचेतक सत्तारूढ़ दल संजय कुमार सिंह, सचेतक सत्तारूढ़ दल रीना यादव, नेता प्रतिपक्ष विधान सभा विजय कुमार सिन्हा, नवल किशोर यादव, सुनील कुमार, प्रो प्रेम चन्द्र मिश्रा, कुमुद वर्मा, निवेदिता सिंह, राधा चरण साह, प्रो रामबली सिंह, प्रमोद कुमार, संतोष कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के आरम्भ में बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सचिव विनोद कुमार ने निर्वाचन संबंधी गजट अधिसूचना पढ़ी।

संक्षिप्त खबरें

द केरल स्टोरी पर बंगाल में प्रतिबंध के खिलाफ याचिका पर 12 मई को एससी में सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय विवादास्पद फिल्म द केरल स्टोरी पर पश्चिम बंगाल में रोक लगाने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ फिल्म निमाताओं की ओर से दायर याचिका पर 12 मई को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने बुधवार को याचिकाकताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे की गुहार स्वीकार करते हुए याचिका पर सुनवाई के लिए अपनी सहमति व्यक्त की। श्री साल्वे ने विशेष उल्लेख के दौरान इस मामले पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया था। उन्होंने पीठ के समक्ष अनुरोध करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा 8 मई को फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई थी।

अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई 12 मई को

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय अडाणी-हिंडनबर्ग से जुड़े उस विवाद पर 12 मई को सुनवाई करेगा, जिसमें शीर्ष अदालत ने दो मार्च को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) को शेयर मूल्यों में अडाणी समूह द्वारा हेरफेर किये जाने और त्रुटिपूर्ण नियामकीय जानकारी देने के आरोपों की दो महीनों में जांच करने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग की एक रिपोर्ट आने पर अडाणी समूह की कंपनियों के बाजार मूल्य (पूंजीकरण) में 140 अरब डॉलर की गिरावट आने के बाद भारतीय निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक समिति भी गठित की थी।

बस की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत

अहमदाबाद। गुजरात के गांधीनगर जिले के कलोल शहर में बुधवार को सुबह तेज रफ्तार से जा रही एक निजी लग्जरी बस ने वहां खड़ी राज्य परिवहन (एसटी) की बस को टक्कर मार दी जिससे उसके आगे खड़े पांच लोगों की कुचल कर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। कलोल पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे एक स्थानीय बस अड्डे के पास हुई जहां कुछ यात्री बस का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वहां खड़ी राज्य परिवहन की बस में एक तेज रफ्तार लग्जरी बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राज्य परिवहन की बस तेजी से आगे बढ़ी जिससे वहां खड़े पांच लोग कुचल गए। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि पांच से सात अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

रक्त बोतल लेकर ग्रेटर नोएडा से दिल्ली पहुंचा ड्रोन

नई दिल्ली। देश में पहली बार बुधवार को उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा से रक्त की 10 बोतलें लेकर एक विशेष ड्रोन सफलता पूर्वक नई दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज पहुंचा। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने यहां बताया कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने आईड्रोन योजना के तहत ड्रोन से रक्त बोतल की आपूर्ति करने का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। नई दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और ग्रेटर नोएडा के गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के बीच देश में पहली बार रक्त बोतल पहुंचायी गयी।

कर्नाटक चुनाव: एग्जिट पोल में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। कर्नाटक की 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए बुधवार को हुए मतदान के एग्जिट पोल के प्रारंभिक अनुमानों में सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर दिखायी गयी है और ऐसे में जनता दल एस की भूमिका महत्वपूर्ण होती दिख रही है। मतदान के ठीक बाद प्रसारित पांच एजेन्सियों के एग्जिट पोल में किसी भी पार्टी के पक्ष में किसी बड़ी लहर का रूझान नहीं दिखा है और जहां दो एग्जिट पोल में भाजपा को कामचलाऊ बहुमत के करीब दिखाया गया है। वहीं एक में कांग्रेस बहुमत का आंकड़ा पार करती दिख रही है। इन सर्वेक्षणों में भाजपा को 79 से 117 के बीच, कांग्रेस को 86 से 118 और जनता दल एस को 14 से 33 के बीच सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। न्यूज नेशन-सीजीएस ने भाजपा को 114, कांग्रेस तथा सहयोगी दलों को 86 और जद एस को 21 तथा अन्य को तीन सीटें दी हैं।

रिपब्लिक टी वी- पी मार्क के सर्वे में भाजपा को 85 से 100, कांग्रेस को 94 से 108, जद एस को 24 से 32 तथा अन्य को 2 से 6 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया है। सुर्वण न्यूज- जन की बात के पोल में भाजपा को 94 से 117, कांग्रेस को 91 से 106, जद

एस को 14 से 24 और अन्य को 0 से 2 सीटों पर सफल होते दिखा गया है। टीवी 9 भारत वर्ष- पोल स्ट्रेट का अनुमान है कि भाजपा को 88 से 98, कांग्रेस को 99 से 109, जद एस 21 से 26 और अन्य 0 से 4 सीट पा सकते हैं।

जी न्यूज-मेट्रिज एजेन्सी के सर्वे में भाजपा को 79 से 94, कांग्रेस 103 से 118, जद एस 25 से 35 सीटों पर अन्य 2 से 5 सीटों पर विजयी होते दिख रहे हैं। कांग्रेस और भाजपा के नेताओं ने अलग अलग बयानों में अपनी अपनी पार्टियों की बड़ी जीत का दावा किया है। मतगणना 13 मई को होगी। अंतिम समाचार मिलने तक करीब 66 प्रतिशत मतदाताओं के अपने अधिकार का इस्तेमाल करने की रिपोर्ट है।

मिथिलांचल क्षेत्र की विकास के प्रति मुख्यमंत्री गंभीर : संजय झा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जल संसाधन मंत्री संजय झा के कहा कि मिथिलांचल क्षेत्र की विकास के प्रति मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बेहद गंभीर और सजग हैं। बीते कुछ वर्षो में मुख्यमंत्री के पहल से मिथिला में कई ऐतिहासिक और अभूतपूर्व विकास सम्बन्धित कार्य किए गए हैं जिसकी व्याख्या शब्दों में समाहित करना मुमकिन नहीं है। दरभंगा एयरपोर्ट और दरभंगा एम्स उसका एक प्रत्यक्ष उदाहरण हम सभी के सामने है। मिथलांचल में सिंचाई की व्यवस्था को सदृढ़ करने की दिशा में पश्चिम कोसी नहर परियोजना पर भी बिहार सरकार जोरशोर से कार्य कर रही है। इसके निर्माण कार्य पूरा होने के बाद 2,65,265 हेक्टेयर जमीन को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और स्थानीय किसानों को इसका सीधा लाभ होगा। आगे उन्होंने कहा कि मिथिलांचल क्षेत्र को बाढ़ से सुरक्षित रखने के लिए 730 करोड़ रुपये की लागत से कमला नदी पर बिहार सरकार द्वारा बराज बनाने का कार्य जल्द शुरू होने वाला है। जल संसाधन मंत्री बुधवार को जदयू कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। बताते चले कि जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में दरभंगा की महापौर अंजुम आरा अपने समर्थकों के साथ जदयू की सदस्यता ग्रहण

की है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ललन ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 2024 में देश भाजपा मुक्त बनेगा। आगे उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ आज पूरे देशभर में आक्रोश का माहौल है। इनकी आर्थिक नीतियों के कारण आज देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी और भूखमरी की मार झेल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनता से जुड़ी आधारभूत समस्याओं से कन्नी काटकर अपने उद्योगपति मित्रों की सेवा में व्यस्त हैं। यह भी सर्वविदित है कि सवैंधानिक संस्थाओं पर भाजपा-आरएसएस अतिक्रमण करने का प्रयास कर रही है। इनके द्वारा सत्ता का दुरुपयोग कर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त किया जा रहा है।

दानापुर से कोटा के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन आज होगी रवाना

- दानापुर से आज 22.30 बजे खुलेगी, दूसरे दिन 01.05 बजे कोटा पहुंचेगी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पूर्व मध्य रेलवे ने दानापुर से कोटा के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक 11 मई गुरूवार को 09820 दानापुर-कोटा परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । दानापुर से यह ट्रेन 22.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 01.05 बजे कोटा पहुंचेगी । दानापुर और कोटा के मध्य यह परीक्षा स्पेशल ट्रेन आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी, जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, इटावा, शम्सबाद टाउन, आगरा कैंट, बयाना, गंगापुर सिटी और सवाई माधोपुर स्टेशन पर रूकते हुए जाएगी । इस ट्रेन में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकॉनोमी तथा वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के क्रमशः 2-2 कोच, शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच लगेंगे ।

आचार्य धीरेंद्र शास्त्री 13 मई को आएंगे पटना, 15 को लगेगा दिव्य दरबार

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पटना के नौबतपुर स्थित तरेत पाली मठ के प्रांगण में बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के द्वारा 13 मई को हो रहा है, जो आगामी 17 मई तक चलेगा। इस दौरान आचार्य धीरेंद्र शास्त्री श्री हनुमंत कथा का वाचन करेंगे। वही 15 मई को आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का दिव्य दरबार लगेगा। इसके लिए सारी व्यवस्थाएं हो चुकी है। उक्त बातें बुधवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के श्री हनुमंत कथा के आयोजकों द्वारा दी गई। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि बिहार साधु संतों की धरती है और यहां पर हम सभी बागेश्वर धाम के आचार्य श्री धीरेंद्र शास्त्री जी का स्वागत करने को तैयार हैं। उन्होंने बताया कि बाबा के आगमन को लेकर सारी तैयारियां युद्धस्तर पर की गई है और गर्मी को देखकर श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था भी किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आचार्य के कार्यक्रम को लेकर आयोजन स्थल के आसपास के सभी गांव में उत्साह का माहौल है। इस आयोजन में बिहार ही नहीं झारखंड उत्तर प्रदेश और नेपाल से भी श्रद्धालुओं का आगमन होने जा रहा है। आयोजन में प्रशासन का भी सार्थक सहयोग मिल रहा है। साथ ही व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए वॉलिंटियर्स भी तत्पर रहेंगे। उन्होंने आचार्य धीरेंद्र शास्त्री को लेकर राजनीतिक बयानों पर कहा कि लोकतंत्र में सबों को बोलने का अधिकार है। लेकिन इससे बाबा बागेश्वर महाराज के श्रद्धालुओं पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। सभी बाबा के दर्शन को उत्साहित हैं और हम सभी लोग इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मुस्तैदी के साथ जुटे हुए हैं।

जनसभा प्रधानमंत्री ने श्रीनाथजी मंदिर में दर्शन के बाद जनसभा को किया संबोधित, कांग्रेस पर कसा तंज

नकारात्मकता से भरे लोग देश में अच्छा होता नहीं देखना चाहते : मोदी

प्रात : किरण

नाथद्वारा/ एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करते हुए देश में अर्थव्यवस्था को एक नई गति दी है लेकिन कुछ लोग विकृत विचारधारा के शिकार हो चुके है और इतनी नकारात्मकता से भरे हुए है कि देश में कुछ भी अच्छा होता हुआ वे देखना ही नहीं चाहते। श्री मोदी बुधवार को श्रीनाथजी मंदिर में दर्शन के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि अब उन्हें सिर्फ विवाद खड़ा करना ही अच्छा लगता है। कुछ लोग उपदेश देते है कि आटा पहले कि डाटा पहले, सड़क पहले कि सेटेलाइट पहले लेकिन इतिहास गवाह है कि स्थाई एवं तेज विकास के लिए मूल व्यवस्थाओं के साथ ही आधुनिक इन्फ्रा बनाना भी जरुरी होता है।

उन्होंने कहा कि जो लोग कदम कदम पर हर चीज वोट के तराजू से तोलते है, वह देश के भविष्य को ध्यान में रखकर योजना नहीं बनाते। कई बार देखते है गांव में पानी टंकी चार- पांच साल में ही छोटी पहड़ जाती है। सड़के एवं फ्लाई ओवर चार-पांच साल में ही अपर्याप्त होने लगते है। हमारे देश में इसी सोच ने इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण को प्राथ्मिकता नहीं दी है इसका बहुत बड़ा नुकसान देश ने उठाया है। अगर पहले ही मेडिकल कालेज बन गये होते तो आज चिकित्सकों की की कमी नही होती। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइनों का बिजलीकरण हो गया तो आज इसके लिए हजारो करोड़ रुपए खर्च कर काम करने की जरुरत नही होती। उन्होंने कहा कि अगर पहले ही हर घर तक नल से जल आता तो आज साढ़े तीन लाख करोड़ का जलजीवन मिशन शुरू नहीं करना पड़ता। प्रधानमंत्री ने कहा कि नकारात्मकता से भरे हुए लोग राजनीति से ऊपर उठकर कुछ नहीं सोच सकते हैं। उन्होंने कहा कि नाथद्वारा के नंद समंद बांध एवं टांटोड़ बांध नहीं बने होते तो क्या होता। उन्होंने लाखा बंजारा का जिक करते हुए कहा कि लाखा बंजारा का नाम बार बार आता है, पानी के लिए लाखा बंजारा ने अपना जीवन खपा दिया। हालात यह है कि इतना काम करने वाले और पानी की समस्या का समाधान करने वाले लाखा बंजारा अगर आज चुनाव में खड़ा हो जाये तो नकारात्मक सोच वाले उसे भी हराने के लिए मैदान में आ जायेंगे। उसके लिए भी पार्टियों को इक्कट्ठा करेंगे।

प्रधानमंत्री 18 मई को अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो का उद्घाटन करेंगे : केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 मई को दिल्ली में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पर्यटन प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान कई सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 18-20 मई तक आयोजित किया जाएगा।

पीएम ने ने इजराइल के विदेश मंत्री से द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन के साथ बैठक में उन्होंने कृषि, जल, नवोन्मेष और लोगों के बीच आपसी संबंधों के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। इजराइली विदेश मंत्री तीन दिवसीय यात्रा पर आज सुबह यहां पहुंचे थे, लेकिन गाजा पट्टी में एक चरमपंथी समूह के ठिकानों पर इजराइल द्वारा सैन्य कार्रवाई किये जाने के मद्देनजर उन्होंने यात्रा की अवधि में कटौती करने के अपने फैसले की घोषणा की। उन्होंने मंगलवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। मोदी ने ट्वीट किया, ह्यह्यइजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन से मिलकर खुशी हुई। हमने कृषि, जल, नवाचार और लोगों के बीच संबंधों के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

संक्षिप्त खबरें

एसएसपी के निर्देश पर अवैध बालू खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान

दानापुर। रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध बालू लदे सात ट्रैक्टर को जब्त किया है। आठ चालक और सह चालक को गिरफ्तार किया है। वहीं इस कार्रवाई से बालू माफिया में हड़कंप मच गया है। दानापुर पुलिस ने बुधवार को सैनिक चौक से बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया है और दो चालक को गिरफ्तार किया गया है। जबकि रूपसपुर पुलिस ने गोला रोड से बालू लदे सात ट्रैक्टर को जब्त किया गया है छह और चालक व उपचालक गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष केपी सिंह ने बताया कि बिना चालन के बालू लदे दो ट्रैक्टर को सैनिक चौक से जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर मालिक व चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। वही रूपसपुर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि गोला रोड से बिना चालन व ओवर लोडिंग पांच बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है और छह चालक व उपचालक को गिरफ्तार किया गया है।

सेना के जमीन पर अतिक्रमण हटाने, देवनानाला का जीर्णोद्वार समेत आदि मुद्दों को लेकर बैठक

दानापुर। नगर के सेना के जमीन पर अतिक्रमण हटाने, देवनानाला का जीर्णेद्वार, ऑटो स्टैंड पर से अतिक्रमण हटाने को लेकर बुधवार को सैन्य अधिकारियों व एसडीओ व एएसपी समेत अन्य पदाधिकारी की बैठक की गई। बैठक में सेना के जमीन पर अतिक्रमणाकारियों से मुक्त कराने को लेकर विशेष चर्चा किया गया। साथ ही ऑटो स्टैंड पर अतिक्रमण के कारण जाम से निजात दिलाने को लेकर अभियान चलाने को लेकर विचार -विमर्श किया गया। साथ ही देवनानाला की जीर्णेद्धार व सफाई को लेकर भी चर्चा किया गया। साथ ही कचहरी घाट से पीपा पुल घाट तक सौंदर्यीकरण पर भी चर्चा की गई। बैठक में एसडीओ प्रदीप सिंह, एएसपी अभिनव धीमन, सब एरिया के स्टेशन कमांडेट कर्नल डीएस चौहान, नप के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, सीओ अमृत राज बंधु, छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी पदाधिकारी देवांशु चौधरी समेत अन्य पदाधिकारियों मौजूद थे।

स्कूल में पर्यावरण पर सेमिनार आयोजित

दानापुर। नगर के तरूमित्र द्वारा बेली रोड के आरपीएस मोड स्थित पटना दून पब्लिक स्कूल में बुधवार को जल जीवन हरियाली व मातृभूमि जननि विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन स्कूल के सहायक निर्देशक श्वेता सिन्हा व प्राचार्य सिम्पल सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर देवप्रिया दत्ता ने छात्र-छात्राओं को जल जीवन हरियाली व जननि मातृभूमि सुरक्षित करने और रखने को लेकर विस्तृत जानकारी दी। श्रीमती सिन्हा ने बच्चों को प्लास्टिक, पॉलिथीन का उपयोग नही करने की सलाह देते हुए सचेत किया कि यदि हम लोग समय रहते सजग न हुए तो गंगा तट दूर हो जाएगा। किसान अलग मरेंगे। साथ ही जल जीवन हरियाली के बारे में अवगत कराया।

अधिवक्ता संघ का चुनाव 30 मई को होगा

दानापुर। नगर के अंतर्गत अधिवक्ता संघ के पुस्तकालय भवन में बुधवार को संघ के चुनाव को लेकर निवार्ची पदाधिकारी शिव कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक की गई. बैठक में सर्वसम्मति से मतदात सूची का प्रकाशित कर दिया गया. साथ ही संघ का चुनाव के तिथियों की घोषणा की गई. निवार्ची पदाधकारी शिव कुमार यादव ने बताया कि नामांकन फार्म की ब्रिकी व नामांकन 15 मई को सुबह दस बजे से पांच बजे तक होगा. 17 मई को नामांकन पत्रो की स्कूटिनी किया जायेगा और 19 मई को नामांकन वापसी लिया जायेगा और 30 मई को सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक मतदान किया जायेगा और उसी दिन शाम पांच बजे से मतों की गिनती किया जायेगा और चुनाव परिणाम की घोषण की जाएगी।

एनएम मेडिकल कॉलेज की प्रोफेसर डाक्टर संध्या सिंह ने किया लक्ष्य कार्यक्रम योजना का निरीक्षण

धमदाहा / पूर्णिया। लक्ष्य कार्यक्रम योजना के तहत नालंदा मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ संध्या सिंह ने नीति आयोग के द्वारा बने अत्याधुनिक प्रसव कक्ष का निरीक्षण करने पहुंचे थे। प्रस्रव कक्ष में गुणवत्तापूर्ण सुविधा प्रदान करने को लेकर प्रस्व कक्ष वार्ड का साफ-सफाई प्रस्रव वाली महिलाओं को मिलने वाले सुविधाओं से संबंधित अस्पताल प्रबंधक बिकल कुमार स्टाफ नर्स इंचार्ज बेला पीवी से पूछताछ किया। प्रसव कक्ष का निरंतर साफ-सफाई चादर, रोगी को मिलने वाले अल्पाहार चाय एवं अपराह्न, रात्रि भोजन, संबंधित पूछताछ महिलाए एवं परिजनों से किया गया।

एनएमसीएच में स्वास्थ्य निदेशक ने किया एनएमसीएच का निरीक्षण

केंद्रीयकृत पंजीयन व दवा वितरण पर सुविधा बढ़ाने आदि का निर्देश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

एनएमसीएच में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ रत्ना शरण और अपर निदेशक निहारिका शरण ने निरीक्षण किया। इस दौरान यहां बुनियादी सुविधाओं, चिकित्सा सेवा, दवाइयां, आधारभूत संरचना और अन्य संसाधन की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल के इंडोर वार्ड, इमरजेंसी, मेडिसिन, सर्जरी, गायनी, एक्स-रे, पैथोलॉजी सहित अन्य विभागों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही केंद्रीय पंजीयन काउंटर और दवा वितरण काउंटर को भी देखा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पंजीयन काउंटर के पास शेड लगाने, पंजीयन काउंटर पर महिला व पुरुष के लिए कतार की अलग व्यवस्था करने, मरीजों और उनके परिजन को पीने के पानी की व्यवस्था करने, अस्पताल में साफ-सफाई को और बेहतर करने के साथ ही अन्य निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान प्राचार्य डॉ रेणु रोहतगी, अस्पताल अधीक्षक डॉ राजीव रंजन, उपाधीक्षक डॉ अजय कुमार सिन्हा, अस्पताल प्रबंधक प्रणव कुमार आदि मौजूद थे। इस दौरान अधिकारियों ने मरीजों के इलाज की व्यवस्था को और बेहतर करने का निर्देश दिया।

एनएमसीएच में आज इमरजेंसी को छोड़ ओपीडी करेंगे बाधित

पारा मेडिकल छात्रों का एनएमसी में अनशन रखा जारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अपनी मांगों को लेकर पारा मेडिकल छात्र बुधवार को रात भर अनशन पर बैठे रहेंगे। पारा मेडिकल छात्र संघ पीएमसीएच इकाई के अध्यक्ष मनोहर कुमार ने बताया सत्र नियमित करने के लिए 2019, 2020 और 2021 तीनों बैच का एग्जाम एक साथ लिया जाए। एनएमसीएच इकाई अध्यक्ष प्रियेश कुमार वर्मा ने बताया कि गुरुवार को एनएमसीएच का ओपीडी इमरजेंसी छोड़कर बाकी सभी मरीज के लिए बंद रहेगा। आमरण अनशन पर बैठी छात्रा ज्योति कुमारी ने बताया कि छात्रावास नहीं होने के कारण उन लोगों को बाहर रहना पड़ता है। इस कारण से उन सबों को करीब 10 हजार प्रति माह रहने में खर्च होता है। इसे वह सब वहन नहीं कर पा रहे हैं और पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर हैं। अनशन पर बैठी दीपा कुमारी, शालिनी कुमारी, अंकिता कुमारी, रितु कुमारी एवं आराधना कुमारी ने बताया कि वह सब बुधवार से लगातार रात-दिन अनशन पर एनएमसी बोर्ड ऑफिस में बैठे रहेंगे। पीएमसीएच छात्र संघ के प्रधान महासचिव ने कहा कि हमारा आंदोलन जारी रहेगा, जब तक मांग को लिखित रूप से नहीं पूरा किया जाएगा। कल पीएमसीएच में ओपीडी बंद रहेगा। मनीष कुमार, अमन कुमार, रजनीश झा, आशुतोष कुमार, गौरव कुमार, कुमार मुकेश, गौरव कुमार, विमलेश कुमार, सुबोध कुमार, गौतम कुमार, प्रिंस कुमार यादव, अनुराग कुमार, सिद्धू कुमार आदि छात्र आज रात भर अनशन पर बैठे रहेंगे।

तख्तश्री कमेटी की बैठक में पूरे दिन होती रही माथापच्ची, निर्णय नहीं

ज्ञानी रणजीत सिंह पर इस्तीफा का दबाव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्त श्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी की बैठक दो किस्तों में हुई। पहले सुबह में पदाधिकारियों ने बैठक की। इसके बाद फिर बोर्ड की बैठक शुरू हुई। यह रात आठ बजे तक जारी रही। दरअसल जालंधर के एक संगत के द्वारा तख्तश्री पटना साहिब में सोने-चांदी के बने श्री साहिब का भेंटा दिया गया था। इसमें बताए गए अनुसार सोना-चांदी की मात्रा न के बराबर पाया गया।

इसके बाद भेंटा देने वाले डॉ गुरविंदर सिंह सामरा के द्वारा तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार पद पर रहे ज्ञानी रणजीत सिंह पर आरोप लगाए गए। मामले को तूल पकड़ता देख हाई पावर जांच कमेटी पांच सदस्यों का गठन किया गया। इसने अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी, मगर प्रधान सूचना दिए जाने के एक सप्ताह बाद भी इसे प्राप्त करने नहीं पहुंचे। तब इस रिपोर्ट को सार्वजनिक कर दिया गया। हालांकि इसके पूर्व स्पीड पोस्ट से भी जांच रिपोर्ट की प्रति भेजी गई, जिसे अस्वीकार कर दिया गया। इसी मुद्दे को लेकर तख्तश्री कमेटी की बैठक नौ मई को हुई, मगर इसे अगले दिन के लिए टाल दिया गया।

बुधवार को भी सुबह नौ बजे कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक हुई। फिर इसके बाद पदाधिकारी और सदस्यों की बैठक शुरू हुई। इसमें हाई पावर जांच कमेटी के द्वारा रिपोर्ट को सार्वजनिक किए जाने के बाद उत्पन्न स्थिति पर निर्णय लिया जाना था। काफी माथापच्ची के बाद बताया जाता है कि कमेटी के अध्यक्ष ने अपने दूत के रूप में उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह, अधीक्षक दलजीत सिंह और प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल को को ज्ञानी रणजीत सिंह के पास भेजा गया कि उन्हें कहा जाए कि वह अपना इस्तीफा सौंप दें। मगर ऐसा नहीं हो पाया। इस संबंध में जब कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि अभी बैठक में कोई निर्णय नहीं हो पाया है। बैठक चल रही है। जैसे ही कोई निर्णय लिया जाएगा, मीडिया को बताया जाएगा। हालांकि कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह मंगलवार की रात भी ज्ञानी रणजीत सिंह से जाकर मिले और करीब दो-तीन घंटों तक बातचीत हुई। इसमें ज्ञानी रणजीत सिंह को काफी समझाने के बाद कहा गया कि आप इस्तीफा दे दें। ऐसा नहीं होने पर आपकी परेशानी बढ़ सकती है। हाई पावर जांच कमेटी की ओर से रिपोर्ट प्रबंधक कमेटी को नहीं सौंप कर मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक किए जाने और अकाल तख्त साहिब से मिले आदेश का अनुपालन नहीं करने के आलोक में उत्पन्न स्थिति पर फैसला लेने के लिए जारी है। अध्यक्षता अध्यक्ष जगजोत सिंह ने की। बैठक में महासचिव इंद्रजीत सिंह के अलावा गुरविंदर सिंह, डॉक्टर गुरमीत सिंह, हरमनवंश सिंह, महेंद्र पाल सिंह ढिल्लन और राजा सिंह शामिल हुए। इस मामले में प्रबंधक कमेटी के पदधारक भी कुछ बोलने से कतरा रहे थे।

जबरन इस्तीफा का दबाव बनाया तो देंगे धरना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सेवादार समाज कल्याण समिति के तत्कालीन अध्यक्ष बलराम सिंह ने कहा कि तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह को जब तख्तश्री कमेटी के द्वारा गठित जांच कमेटी ने निर्दोष साबित करार दिया है, तो ऐसे में प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष के द्वारा उन पर इस्तीफा दिए जाने का दबाव क्यों बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकारी अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही एवं उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह के हस्ताक्षर से इन्हें सेवा मुक्त किए जाने का पत्र 10 दिसंबर, 22 को जारी किया गया था। जब उन दोनों ने जारी पत्र में इन्हें सेवा मुक्त कर ही दिया, तो इस्तीफा फिर से लिए जाने का सवाल कहां पैदा होता है। दरअसल 10 दिसंबर, 22 को जारी पत्र की प्रति ज्ञानी रणजीत सिंह को रिसीव नहीं कराया गया था और न ही उन्हें तख्तश्री परिसर स्थित आवासीय और उनके लुधियाना स्थित निजी आवास के पते पर ही भेजा गया था। इस कारण से वह सेवा मुक्त किए जाने का पत्र भी अमान्य है। कारण कि उसका कानूनी महत्व नहीं रह गया है। अब जबकि हाई पावर जांच कमेटी की रिपोर्ट को ही असंवैधानिक बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इसे तत्कालीन अध्यक्ष अवतार सिंह हित ने दिल्ली में बैठ कर गठित किया था और इसे कमेटी की बोर्ड की बैठक में पास नहीं कराया गया था। इसलिए यह हाई पावर जांच कमेटी असंवैधानिक है। बलराम सिंह ने कहा कि यदि हाई पावर जांच कमेटी दिल्ली में बैठ कर अध्यक्ष के द्वारा बनाया गया, तो दिल्ली में बैठ कर ही अध्यक्ष रहे अवतार सिंह हित ने जो पत्र ज्ञानी रणजीत सिंह को जत्थेदार और मुख्य ग्रंथी का पद का इस्तेमाल नहीं किए जाने और जांच कमेटी की रिपोर्ट में निर्दोष साबित होने के बाद ही सेवा शुरू किए जाने का पत्र जारी किया था। ऐसे में वह पत्र भी असंवैधानिक है। इस आधार पर ज्ञानी रणजीत सिंह को इतने लंबे समय तक सेवा से वंचित रखा गया। इसके जिम्मेदार कौन हैं और अब उन पर इस्तीफा का दबाव किस आधार पर बनाया जा रहा है। यदि कमेटी के पदाधिकारियों का यही रवैया रहा, तो वह इसके खिलाफ धरना देंगे।

नहीं दूंगा इस्तीफा, कमेटी सेवा सौंपे बाद में रिजाइन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री पटना साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह ने कहा कि उन्होंने लंबे समय तक लगाए गए गलत आरोप के कारण सेवा से वंचित रहे और मानसिक यंत्रणा झेली है। जब तख्तश्री कमेटी ने ही हाई पावर जांच कमेटी नियुक्त किया और उसकी रिपोर्ट में अब उन्हें निर्दोष साबित किया गया है, तब उन पर इस्तीफा देने का दबाव बनाया जा रहा है। वह किसी भी कीमत पर अपना इस्तीफा नहीं सौंपेंगे। उन्होंने एक बार फिर कमेटी के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि देश-दुनिया में उन पर गलत आरोप लगाए जाने के कारण बदनामी का दंश झेलना पड़ा है। अब जब जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में उन्हें निर्दोष साबित किया है, तब उन पर इस्तीफा देने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कमेटी के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि उन्हें कम से कम 10 दिन या एक माह का सेवा करने का पत्र सौंपा जाए। इसके साथ ही उनसे इस्तीफा भी लिखवा लें, ताकि देश-दुनिया में उनके प्रति बनी गलत धारणा दूर हो सके। दरअसल श्री अकाल तख्त साहिब यह द्वारा भी हाई पावर जांच कमेटी को जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपी जाने का हुक्म दिया गया था। इधर तख्तश्री कमेटी के बोर्ड की 22 मार्च को हुई बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा की गई थी इसके बाद उसी तारीख को महासचिव इंद्रजीत सिंह एवं सचिव हरबंश सिंह ने अपने हस्ताक्षर से हाई पावर जांच कमेटी के चेयरमैन दिल्ली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश आरएस सोढ़ी को पत्र भेजा। इसमें साफ तौर पर कहा गया कि कमेटी के अध्यक्ष के निदेर्शानुसार जांच रिपोर्ट जल्द से जल्द सौंपी जाए। जब रिपोर्ट सौंप दी गई है और उन्हें निर्दोष बताया गया है, तब किस आधार पर उन्हें सेवा करने से कमेटी के पदाधिकारीगण उन्हें वंचित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।

बैठक में भाग लेने के लिए चरणजीत सिंह पहुंच रहे पटना

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने कहा कि कमेटी की बैठक आज मध्य रात्रि तक चलने की संभावना है। कारण कि हर हाल में कमेटी निर्णय लेने के करीब पहुंच सकती है। कमेटी के पदाधिकारियों के विशेष आग्रह पर सदस्य चरणजीत सिंह पटना आ रहे हैं। वह पटना पहुंचते ही बैठक में शामिल होंगे। वहीं उनके सद्प्रयास से ज्ञानी रणजीत सिंह प्रकरण में मध्यस्थता कर कुछ निर्णय लिया जा सकेगा। इधर कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह भी आज सुबह पटना पहुंचे और पदाधिकारियों और बोर्ड की मीटिंग में भी भाग लिए। इस बीच खासा चर्चा रही कि जब कमेटी के प्रधान ने चरणजीत सिंह को सदस्य माननीय से ही इंकार कर दिया, तो फिर किस परिस्थिति में उन्हें विशेष आग्रह कर बैठक में भाग लेने के लिए बुलाया है।

लेप्रोस्कोपिक विधि से पारस में हुआ गोल ब्लाडर कैंसर की सर्जरी

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पारस एचएमआरआई के डॉक्टरों ने किया लैप्रोस्कोपिक विधि से गोल ब्लाडर के कैंसर मरीज की सर्जरी क इस जटिल सर्जरी को संभालने वाली टीम में गैस्ट्रोसर्जन डॉ नितिन कुमार एंव कैंसर सर्जन डॉ. अकांक्षा बाजपेई, पारस एचएमआरआई, पटना है। नालंदा की 60 वर्षीय मरीज वचनी देवी के पेट में हमेशा दर्द की शिकायत रहती थी। जांच के क्रम में अल्ट्रासाउंड किया गया तो गोल ब्लाडर में गांठ का पता चला। डॉक्टरों को शक हुआ तो उनका सीटी स्कैन किया गया। सीटी स्कैन में वचनी देवी के गोल ब्लाडर में कैंसर का पता चला। इसके बाद तुरंत कैंसरस हिस्से को काटकर निकालने का फैसला लिया गया, क्योंकि ऐसा नहीं करने पर वह और फैल सकता था। जब वचनी देवी के परिजन उन्हें लेकर पारस एचएमआरआई अस्पताल पहुंचे। गैस्ट्रो सर्जन डॉ. नितिन और कैंसर सर्जन डॉ. आकांक्षा वाजपेयी ने इस जटिल केस को अपने हाथ लिया। सामान्य तरीके से ऑपरेशन में 25-30 सेंटीमीटर का चीरा लगाना पड़ता है। इस दौरान रक्तस्राव भी काफी होता है। इसलिए लेप्रोस्कोपिक विधि से वचनी देवी के गोल ब्लाडर के कैंसरग्रस्त हिस्से को निकालने का निर्णय लिया गया। परिजन भी इसके लिए तैयार हो गए। इस जटिल ऑपरेशन में लीवर के एक हिस्से को भी निकालना पड़ता है, लेकिन दूरबीन विधि से हुए ऑपरेशन में मरीज को ना तो इंटेसिव केयर यूनिट में रखने की जरूरत पड़ी और ना ही अलग से ब्लड चढ़ाने की। डॉ. नितिन कुमार ने कहा कि दूरबीन विधि से ऑपरेशन के कारण मरीज को किसी प्रकार की परेशानी नहीं झेलनी पड़ी। उन्हें अलग से ब्लड चढ़ाने की आवश्यकता भी नहीं पड़ी। आइसीयू में भी उन्हें नहीं रखना पड़ा। कैंसर सर्जन डॉ. अकांक्षा बाजपेई ने कहा कि दूरबीन विधि से सर्जरी करने में कैंसर के सर्जरी के सारे मानकों का ध्यान रखा गया और जरुरी सारे लिम्फ नोड्स और गांठ के आसपास का सारा ग्रसित हिस्सा निकाल दिया गया। अब वे धीरे-धीरे स्वस्थ हो रहीं हैं और डॉक्टरों की सलाह पर सामान्य आहार भी ले रहीं हैं। उनका कैमोथेरेपी करने वाली डॉ. मोशर्रत शाहीन (कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजी) ने कहा, कैमोथेरेपी की आधी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। मरीज को किसी तरह की परेशानी नहीं है। वह सामान्य भोजन भी ले रहीं हैं। कैमोथेरेपी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वह सामान्य जीवन गुजार सकेंगी। पारस हेल्थकेयर ईस्ट के रीजनल डाइरेक्टर राजीव भंडारी ने कहा कि कैंसर के इलाज में पारस अव्वल स्थान पर है। यहां इलाज की विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध है।

आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने एक रक्तदान वैन दान की

पटना। एम्स पटना में आईसीआईसीआई फाउंडेशन द्वारा कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एक रक्तदान वैन दान की गई. वैन का विधिवत स्वागत और अनावरण एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल ने किया उस दौरान डॉ. उमेश कुमार बधानी, डीन (अकादमिक), एचओडी इंचार्ज, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन डॉ. रुचि सिन्हा, डीन (स्टूडेंट अफेयर्स), डॉ अरुण प्रसाद, उप निदेशक (प्रशासन), डॉ. सीएम सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, एम्स पटना, डॉ. श्रीकांत भारती, पीआरओ, एम्स पटना और आईसीआईसीआई फाउंडेशन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

अपराध की योजना को अंजाम देने के पूर्व 8 अपराधी गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। आलमगंज थाना की पुलिस ने अपराध की योजना बनाते हुए आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन सबों के पास से एक देसी कट्टा, गोली, चाकू और मोटरसाइकिल बरामद की गई है इस संबंध में एएसपी शरथ आरएस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार को सूचना मिली कि आयरन कसेरा के पास अपराध की योजना बना अपराधी वहां जुटे हुए हैं। इस सूचना के मिलने के बाद पुलिस की टीम वहां पहुंच कर अपराधियों की घेराबंदी की।

इस दौरान आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उन सबों के पास से एक देसी कट्टा, चार गोली, चार चाकू और तीन मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। इससे अपराध की घटना घटित होने से बच गई। गिरफ्तार अपराधियों में से अधिकांश अपराधी पूर्व में भी अनेक संगीन मामलों में जेल जा चुके हैं। उक्त अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद अनुमंडल के शहरी क्षेत्र के मेहंदीगंज एवं बाइपास थाना क्षेत्र के कुछ चोरी के कांडों का उद्भेदन भी संभव हो पाया है।

गिरफ्तार अपराधियों में इसी थाना क्षेत्र के सादिकपुर दुर्गाचरण लेन का रहने वाला विशाल राज, बड़ी पटनदेवी पीली कोठी के रोहित कुमार, सादिकपुर मीना बाजार का गोलू कुमार, बेलवरगंज सिंधवा टोली का चंदन कुमार, काजीबाग संतोषी माता गली का स्पर्श कुमार, मीना बाजार दुर्गाचरण का राहुल कुमार गुलजारबाग दादर मंडी का गोलू कुमार और खाजेकलां थाना क्षेत्र के दीवान मोहल्ला नौजर घाट का रहने वाला दीपक कुमार शामिल है। इन सबों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, चार गोली, चार चाकू और तीन मोटरसाइकिल बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

तमिलनाडु से 45 विद्यार्थियों का प्रतिनिधि मंडल आईआईटी पटना पहुंचा

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। तमिलनाडु के विविध उच्च शिक्षण संस्थानों के 45 विद्यार्थियों का एक प्रतिनिधि मंडल आज शाम आईआईटी पटना पहुंचा है। विद्यार्थियों का यह दौरा भारत सरकार के महत्वाकांक्षी सांस्कृतिक व शैक्षिक प्रयास ह्लएक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगमह्व कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत हो रहा है। बिहार का नोडल इंस्टीट्यूट आईआईटी पटना है जबकि तमिलनाडु का नोडल इंस्टीट्यूट एनआईटी तिरुचिरापल्ली है। विद्यार्थियों का यह प्रतिनिधिमंडल यहां 16 मई तक रहेगा।

इनके साथ पांच संकाय सदस्य भी आए हैं। इस यात्रा का उद्देश्य है दोनों राज्यों के मध्य समृद्ध सांस्कृतिक एवं पारम्परिक विनिमय तथा विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना। इसके अतिरिक्त पर्यटन, परम्परा, प्रगति, टेक्नोलॉजी एवं परस्पर सम्पर्क भी कार्यसूची में शामिल हैं।

बिहार आने वाली तमिलनाडु युवा संगम टीम की यात्रा का उद्घाटन बिहार के राज्यपाल महामहीम श्री राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर द्वारा आईआईटी पटना में 11 मई 2023 को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर आईआईटी पटना के निदेशक प्रो टी एन सिंह, शिक्षा विभाग-बिहार सरकार की ओर से श्री दीपक कुमार सिंह, एसीएस; आईआईटी पटना के विद्यार्थी, संकाय व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थीगण बिहार के राज्यपाल से भेंट करेंगे तथा महाबोधि मंदिर, विष्णुपद मंदिर व भारत के सबसे बड़े रबर डैम गयाजी डैम भी जाएंगे।

यात्रा के दूसरे दिन सभी विद्यार्थी नालंदा व राजगीर देखेंगे, नेचर सफारी का आनंद लेंगे, तत्पश्चात वीरायतन संग्रहालय, विश्व शांति स्तूप, घोड़ा कटोरा सरोवर, नालंदा विश्व विरासत स्थल, गुरुद्वारा आदि देखेंगे। ये विद्यार्थी पटना संग्रहालय, वैशाली शांति स्तूप, सोनेपुर, मरीन ड्राइव भी जाएंगे और साथ ही सांस्कृतिक व खेल आयोजन देखेंगे तथा प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मुलाकात भी करेंगे।

शिक्षा मंत्रालय की मौलिक पहल युवा संगम का युवा विनियम कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत आता है। इसका लक्ष्य है लोगों -विशेषकर विभिन्न राज्यों के युवाओं- के बीच जुड़ाव को मजबूत करना तथा उन्हें भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति एवं जीवन मूल्यों से परिचित कराना। एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की है और जिसका ध्येय भारत के विभिन्न राज्यों के मध्य एक सांस्कृतिक जुड़ाव कायम करना है।

पारा मेडिकल छात्रों की एक मांग पूरी, परीक्षा नियंत्रक नियुक्त

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। पारा मेडिकल छात्रों के आंदोलन के बाद स्वास्थ्य विभाग के सचिव के. सेंथिल कुमार ने परीक्षा नियंत्रक को नियुक्त किया है। इधर पारा मेडिकल छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण ने कहा कि राज्य सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है, तो बिहार के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सभी जगह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत का पुतला दहन किया जाएगा। इधर स्वास्थ्य विभाग के सचिव के. सेंथिल कुमार ने बुधवार को आदेश जारी किया। इसमें कहा गया कि नालंदा मेडिकल कॉलेज के फामाकीलॉजी विभाग में प्राध्याआपक सह परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय कुमार के एक मार्च से लापता रहने के कारण स्वास्थ्य सेवाएओं के अपर निदेशक डॉ विरेश्वर प्रसाद को अंतरिम व्यवस्था के तहत तत्काल प्रभाव से अपने कार्यों के अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक स्वास्थय विभाग का प्रभार लेने का आदेश दिया गया है।

वहीं एनएमसीएच के अध्यक्ष प्रियेश वर्मा ने कहा कि जब तक लिखित रूप से मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा।

15 अगस्त से दीदी की रसोई भी चालू किया जायेगा

दानापुर। नगर के अनुमंडल अस्पताल के निर्माणधीन भवन कार्य धीमी गति से किये जाने पर कडी नाराजगी जाहिर करते हुए संवदेक को कडी फटकार लगाया और 15 अगस्त से पूर्व भवन को तैयार करने का भी सख्त निर्देश दिया है. श्री अमृत ने अस्पताल के भवन के सभी फ्लोर का भी निरीक्षण किया और निरीक्षण के क्रम में पैदल मरीजों के लिए रैप, रेलिंग व लिफ्ट की व्यवस्थ को लेकर भी समीक्षा किया गया है. ताकि मरीजों को इलाज कराने में कोई परेशानियों का सामना नही करना पडेगा. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के महत्वपूर्ण योजना है, जो दीदी की रसोई योजना के तहत अस्पताल के कैंटीन में जीविका दीदियों के द्वारा खाना बना कर उपलब्ध करवाया जाएगा. इस योजना के द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों व अस्पताल के स्टाफ को उच्च गुणवत्ता का खाना मुहैयार कराया जाएगा. मरीजों को मुफ्त में खाना मिलेगा. जबकि, परिजनों को न्यूनतम दाम पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

जदयू मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिलाई पार्टी की प्राथमिक सदस्यता

दरभंगा की महापौर अंजुम आरा ने थामी जदयू की तीर

- 2024 में भाजपा मुक्त बनेगा भारत : ललन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में दरभंगा की महापौर अंजुम आरा अपने समर्थकों के साथ तीर थामी है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ललन ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकासकार्य, महिला सशक्तिकरण के प्रति उनका दृढ़ निश्चय एवं जदयू के समाजवादी सिद्धांतों से प्रेरित होकर दरभंगा की महापौर अंजुम आरा ने हमारे साथ जुड़कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में कार्य करने की इच्छा जताई है। जदयू परिवार में हम उनका हार्दिक स्वागत करते हैं एवं उनके इस साहसिक निर्णय की प्रशंसा भी करते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ आज पूरे देशभर में आक्रोश का माहौल है। इनकी आर्थिक नीतियों के कारण आज देश की जनता महँगाई, बेरोजगारी, गरीबी और भूखमरी की मार झेल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनता से जुड़ी आधारभूत समस्याओं से कन्नी काटकर अपने उद्योगपति मित्रों की सेवा में व्यस्त हैं। यह भी सर्वविदित है कि सवैंधानिक संस्थाओं पर भाजपा-आरएसएस अतिक्रमण करने का प्रयास कर रही है। इनके द्वारा सत्ता का दुरुपयोग कर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2024 में भारत भाजपा मुक्त बनेगा,आगे उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश की महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए नगर निकाय व ग्राम पंचायत में 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित कर जो ऐतिहासिक निर्णय लिया था, आज उसी का परिणाम है की महापौर अंजुम आरा सहित प्रदेशभर में हजारों महिलाएं अपने-अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रही है और बिहार का मान बढ़ा रही है। अंजूम आरा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बदौलत ही मेरी जैसी साधारण महिला महापौर के रूप में जनता द्वारा निर्वाचित हुई है। नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिश आरक्षण की सुविधा हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं के उत्थान व सशक्तिकरण में मुख्यमंत्री का उल्लेखनीय योगदान रहा है। उनके द्वारा किए गए कई कार्यों से प्रभावित और प्रेरित होकर हमनें जदयू के साथ जुड़कर काम करने का निर्णय किया है। समाज में सभी वर्गों के कल्याण के प्रति मुख्यमंत्री का अटूट संकल्प सरहनीय और सकारात्मक है। जदयू की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व वार्ड पार्षद डब्बू खान, दरभंगा विधानसभा क्षेत्र से ।प्डप्ड प्रत्याशी पप्पू खान, वार्ड पार्षद तब्बसुम खातून, वार्ड पार्षद फिरोज आलम, मदरसा हमीदिया के अध्यक्ष खालिद राजा, पूर्व वार्ड पार्षद मो. शमीम, प्रबंधन समिति हमीदिया के सदस्य औबेश करीम, जिला मोहर्रम कमिटी के पूर्व सदस्य तनवीर आलम, मुखिया सूरज कुमार, मो. निजामुद्दीन, सकैत हुसैन थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिहार सरकार के मंत्री संजय झा, विजय कुमार चौधरी, मदन सहनी, विधान परिषद् संजय कुमार सिंह गांधी, विधान परिषद् रविंद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश महासचिव चन्दन कुमार सिंह, वासुदेव कुशवाहा, स्वेता विश्वास, रंजीत झा, संतोष कुशवाहा, अब्दुल बांकी उपस्थित थे।

विपक्षी दलों की एकजुटता से भाजपा भयभीत : श्रवण

- जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल हुए ग्रामीण विकास मंत्री व लघु जल संसाधन मंत्री
- बिहार में नफरत फैलाने वालों को नकार देगी जनता : जयंत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि विपक्षी दलों की एकजुटता से भाजपा भयभीत है। बुधवार को जदयू प्रदेश मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में मंत्री श्रवण कुमार ने मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल पर कहा कि सत्ता जाने के डर से भाजपा भयभीत हो चुकी है। विपक्षी दलों की एकजुटता से सुशील मोदी के पेट में दर्द उठने लगा है, इसीलिए वो अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के द्वारा ह्यद केरला स्टोरीह्न को टैक्स फ्री किए जाने की मांग पर मंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि गिरिराज सिंह को पहले यह जवाब देना चाहिए कि उनके विभाग के द्वारा बिहार की जनता के हित अब तक कौन से काम हुआ हैं? केंद्र द्वारा मनरेगा के कार्मिकों का 1500 करोड़ रुपये बकाया राशि अभी तक बिहार को नहीं मिला है लेकिन आवश्यक विषयों पर गिरिराज सिंह चुप्पी साध लेते हैं। उन्हें समझना चाहिए कि फिजूल की बयानबाजी से जनता का लाभ नहीं होता है। जनसुनवाई कार्यक्रम में मौजूद लघु एवं जल संसाधन मंत्री मंत्री जयन्त राज ने कहा कि धीरेन्द्र शास्त्री अगर बिहार में अमन-चैन और सामाजिक सौहार्द की बात करते हैं तो किसी भी व्यक्ति को उनसे परेशानी नहीं है। बिहार शांति और प्रेम की भूमि है, यहां नफरत फैलाने वालों को नकार दिया जाता है। हनुमंत कथा में निमंत्रण को लेकर पूछे गए सवालों पर उन्होंने कहा कि हमें कोई निमंत्रण प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बिहार भाजपा के सभी सांसदगण को नौबतपुर में जाकर धीरेन्द्र शास्त्री को अपना पर्ची दिखाना चाहिए कि अगले लोकसभा चुनाव में उनकी जमानत बचेगी या नहीं? इससे पहले जदयू प्रदेश मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में मंत्री श्रवण कुमार और लघु एवं जलसंसाधन मंत्री जयंत राज ने प्रदेशभर से आए आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनका निवारण किया।

धीरेन्द्र शास्त्री के आगमन का विरोध निंदनीय : लोजपा रा

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को लेकर पोस्टर फाड़े जाने की घटना को निंदनीय बताया है। पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता ी राजेश भट्ट ने कहा है कि बाबा बागेश्वर धाम के प्रति आस्था रखना या ना रखना किसी का निजी मामला हो सकता है, लेकिन इस तरह से पोस्ट फाड़ने का कृत्य कहीं से भी शोभनीय नहीं है। श्री भट्ट ने कहा कि बाबा बागेश्वर धाम के पोस्टर फाड़े जाने की यह घटना एक सभ्य समाज के लिए कहीं से उचित नहीं है। इस घटना से बिहार की छवि धूमिल हो रही है। श्री भट्ट ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से जिस तरीके से सरकार में शामिल लोग बाबा बागेश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के आगमन का विरोध कर रहे हैं, ऐसा प्रतीत होता है कि पोस्टर फाड़े जाने की घटना को उन्हीं के इशारे पर अंजाम दिया गया है। यह घटना पूरी तरह से सनातन धर्म का विरोध है, लेकिन विरोधियों को यह जानना चाहिए की जो सनातन है उसे कोई खत्म नहीं कर सकता। श्री भट्ट ने कहा कि बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के प्रति करोड़ो लोगों की जो आस्था है, उसे ऐसे कृत्य से कम नहीं किया जा सकता। ऐसा कृत्य करने वालों को एक बार इतिहास पर नजर डाल लेनी चाहिए। इतिहास गवाह है अताताइयों ने जब-जब धर्म को हानि पहुंचाने की कोशिश की है उनका समूल नाश हुआ है। उक्त आशय की जानकारी लोजपा (रा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पसवान ने दी

बिहार में पहली बार 2025 में बनेगी भाजपा की सरकार : सम्राट

- भाजपा शराबबंदी का समर्थक, मगर शराब के अवैध कारोबार का विरोधी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बिहार विधान परिषद सम्राट चौधरी ने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। बुधवार को भागलपुर दौरा के क्रम में संवाददाताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिहार में विकास ठप्प है। अपराध की बढती घटनाओं से एक बार फिर बिहार के लोग दहशत में है। प्रतिदिन 15 से 24 लोगों की हत्याएं हो रही है। विगत के 8 महीने में 3500 लोग हत्या के शिकार हुए हैं। श्री चौधरी ने कहा कि 2005 से 2013 तक जब बिहार में एनडीए की सरकार थी तो वह बिहार के विकास की चिन्ता करती थी। मगर उसके बाद से विकास पटरी से उतर चुका हैं। एनडीए की सरकार के दौरान जो निवेश प्रस्ताव आए थे, बाद के दिनों में सारे निवेशक भाग गए। सिल्क सिटी के रूप में भागलपुर को जाना जाता है। उद्योग मंत्री के तौर पर सैयद शहनवाज हुसैन ने बहुत कुछ प्रयास शुरू किया ।

श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा शराबबंदी का समर्थन करती है मगर अभी बिहार में जो शराब का अवैध कारोबार चल रहा है, उसका विरोध करती है। अब भाजपा के दवाब पर जहरीली शराब से मरने वालों को 4-4 लाख रुपये का मुआवजा देना स्वीकार किया है तो शर्त लगा दिया है कि मृतक के परिजनों को लिख कर देना होगा कि कहां से शराब खरीदी गई थी। श्री चौधरी ने कहा कि अभी वह जिलो का भ्रमण कर रहे हैं, लोगों से मिल रहे हैं। संगठन को मजबूत बनाना है। बूथ स्तर पर पन्न कमिटी से लेकर ऊपर तक कमिटी बनानी है। प्रदेश की 40 की 40 लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करनी है। आजादी के 75 वर्षों के बाद 2025 में पहली बार बिहार में भाजपा की सरकार बनानी है। श्री चौधरी पूर्व मंत्री सैयद शहनवाज हुसैन व पार्टी के अन्य सैकड़ों नेताओं-कार्यकताओं के साथ कुप्पा घाट जाकर वहां संत सद्गुरु महर्षि मेंही बाबा के आश्रम में सद्गुरु महराज जी और बाबा हरिनंदन जी महाराज का दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया व प्रसाद ग्रहण किया।

लोजपा-(रा) के नेताओं को झूठे मुकदमे में फंसाया जाना दुखद : शर्मा

पटना। लोजपा-(रा) के बढ़ते जनाधार से घबराकर सरकार लोजपा-(रा) के नेताओं को कही झूठे मुकदमा में फंसा रही है, तो कही पार्टी नेताओं की हत्या कराई जा रही है। पुलिस की भूमिका पक्षपात पूर्ण है। अपराधी खुलेआम घूम रहे है। यह बात आज लोजपा-(रा) के राज्य मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए,पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सत्यानंद शर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में अपराधियों का बोल-बाला है। कानून के राज के बदले बालू माफिया, शराब माफिया, भूमि-माफिया का राज चल रहा है। आगे इन नेताओं ने कहा कि अभी 8 मई को रात्रि 10 बजे जहानाबाद जिला लोजपा-(रा) के संसदीय बोर्ड के प्रवक्ता चंदन शर्मा के घर में घुसकर अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दिया। पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। ऐसे ही मोकामा थाना के सिमनार गांव में पार्टी के नेता कपिल देव पासवान की हत्या कर दी गई, अभीतक अपराधी खुलेआम घूम रहे है, उल्टे परिजनों को धमकी दे रहे है कि केश वापस करने के लिए दवाब डाल रहे है। एक सवाल के जबाब में डॉ. शर्मा ने कहा कि हमारी पार्टी का सिद्धान्त है, की न धर्म न जात करें सबकी बात। धर्म अलग है, राजनीति अलग है। संवाददाता सम्मेलन में युवा लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान,एससी/एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मोसलीम, पार्टी के प्रदेश सचिव दिलीप यादव शामिल थे। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दिया।

बिहार में अघोषित आपातकाल की स्थिति : विजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार विधानमंडल में नेता प्रतिपक्ष और भारतीय जनता पार्टी के नेता विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को कहा कि बिहार में अघोषित आपातकाल की स्थिति बन गई है। यहां अधिकारी इमानदारी से काम नहीं कर पा रहे है जबकि विधानसभा अध्यक्ष भी अपनी जिम्मेदारी का आसन से निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुधवार को तो हद ही हो गई जब नए विधान पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में सामान्य परंपरा और प्रोटोकॉल का भी पालन नहीं किया गया। पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहयोग कार्यक्रम में लोगों की समस्या सुनने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि विधान पार्षद शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विधानमंडल नेता प्रतिपक्ष को जगह नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, संसदीय कार्य मंत्री, सभापति, उप सभापति और उपाध्यक्ष बैठे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष दो आंखें हैं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि संवैधनिक संस्थाओं का अपमान करने वालों से उन्हें अपेक्षा भी नहीं थी। उन्होंने विपक्षी एकता को लेकर मुख्यमंत्री के राज्यों के दौरा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोगो को अपने राज्य में देखने की फुर्सत नहीं है और देशाटन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की बात भी अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों का न्याय नहीं मिल रहा।

दलितों एवं पिछड़ों पर हो रहे अत्याचार बंद हो : अनिल

बहुजन समाज पार्टी ने दिया एकदिवसीय धरना

पटना। राजधानी पटना के गर्दनीबाग धरनास्थल पर बहुजन समाज पार्टी के द्वारा दलितों एवं पिछड़ों पर हो रहे अत्याचार पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में बहुजन समाज पार्टी के अनिल कुमार, प्रभारी बिहार प्रदेश, लालजी मेधानकर, केन्द्रीय राज्य प्रभारी, भीम राजभर,केंद्रीय राज्य प्रभारी, शंकर महतो, प्रदेश अध्यक्ष समेत हजारों की संख्या में पार्टी के विभिन्न जिला से आए हुए कार्यकर्ता शामिल हुए। धरना को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि आए दिन दलितों को सताया जा रहा है। उनका घर उजाड़ा जा रहा है। ये सरकार दलितों और पिछड़ों के बच्चों के पढ़ने के अधिकार को भी छिन रही है। वहीं, धरना को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य प्रभारी भीम राजभर ने कहा कि बिहार सरकार और केंद्र सरकार बहुजनो के लिए बनाए गए बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के संविधान के साथ लगातार छेड़खानी कर रही है, जिसका नतीजा यह है कि हमारा आरक्षण, हमारा अधिकार हमसे छीना जा रहा है। केन्द्रीय राज्य प्रभारी लालजी मेधानकर ने कहा कि जिस सरकार में जिलाधिकारी को न्याय नहीं मिलता है उस सरकार में दलितों और पिछड़ों और शोषितों को क्या न्याय मिलेगा। इसलिए जरुरत है कि हम बहुजन एक हो जाओ और देश में और राज्य में बहुजन की सरकार, बहन मायावाती की सरकार बनाए। हमें यह संकल्प लेना है। धरना प्रर्दशन को बिहार प्रदेश अध्यक्ष श्री शंकर महतो, प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश पांडेय, उपाध्यक्ष सकलदेव राम, रामलखन महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार मंडल, बसपा नेता डा रंजन कुमार, अमर आजाद समेत अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

संभावित बाढ के मद्देनजर प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह सजग : डीएम

पटना। पटना के जिला पदाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह ने पटना शहरी सुरक्षा बांधों एवं तटबंधों पर अवस्थित स्लूईस गेटों का ग्रीसिंग एवं चालू स्थिति में रखने के संबंध में निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पटना शहरी सुरक्षा बांध, पुनपुन सुरक्षा बांध, तटबंधों पर बने सभी स्लूईस गेटों का ग्रीसिंग एवं मरम्मति कार्य संभावित बाढ़, 2023 के पूर्व कराना आवश्यक है। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता, यांत्रिक अंचल, मीठापुर पटना; कार्यपालक अभियन्ता, पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमण्डल पटना सिटी एवं अनिसाबाद; कार्यपालक अभियन्ता, गंगा सोन बाढ़ सुरक्षा प्रमण्डल दीघा एवं खगौल तथा कार्यपालक अभियन्ता, यांत्रिक प्रमण्डल, दीघा को निदेश दिया है कि पटना शहरी सुरक्षा बांधों/तटबंधों पर अवस्थित स्लूईस गेटों का संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी के साथ संयुक्त भौतिक सत्यापन कर अविलम्ब ग्रीसिंग एवं मरम्मति कार्य पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही वे इस आशय का प्रमाण-पत्र देंगे कि सभी स्लूईस गेट चालू स्थिति में है। डीएम डॉ. सिंह ने 48 घंटे के अंदर इसका अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया है। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि संभावित बाढ़, 2023 के मद्देनजर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारी की गई है। संपूर्ण प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह सजग एवं तत्पर है। आम जनता को बाढ़ आने की स्थिति में कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि प्रत्येक साल करीब 15 जून से 31 अक्टूबर तक बाढ़ की समस्या उत्पन्न होने की संभावना रहती है। इस परिस्थिति में संभावित बाढ़, 2023 के पूर्व तटबंधों का सुरक्षात्मक कार्य तथा बांधों/तटबंधों के आक्राम्य स्थलों की मरम्मति पूर्व वर्ष के अनुभवों के आधार पर करा लेना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि उपर्युक्त सभी कार्यपालक अभियंता अपने क्षेत्रान्तर्गत संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी/अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर बांधों/तटबंधों का स्थलीय जाँचोपरान्त निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रतिवेदन आपदा प्रबंधन शाखा को 48 घंटे के अंदर उपलब्ध कराएंगें। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि संभावित बाढ़, 2023 के मद्देनजर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारी की गई है। आम जनता को बाढ़ आने की स्थिति में कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी।

जातिगत गणना को रोकने के लिए भाजपा की साजिश का हुआ भंडाफोड : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा पर जातिगत गणना के मुद्दे पर अतिपिछड़ा समाज को धोखा देने का आरोप लगाते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने आज कहा है कि जातिगत गणना को रोकने के लिए भाजपा की साजिश का भंडाफोड़ पिछड़ा/अतिपिछड़ा समाज के सामने पूरी तरह से हो चुका है। आज हर कोई यह जान चुका है कि पिछड़ा/अतिपिछड़ा के विकास के लिए बेहद जरूरी इस गणना को रोकने के लिए कोर्ट में अर्जी लगाने वाले लोगों का संबंध भाजपा के बड़े नेताओं के साथ है। ऐसी कई तस्वीरें सामने आ चुकी हैं, जिनमें यह लोग भाजपा के बड़े नेताओं के साथ खडें हैं। यह बतलाती हैं कि जातिगत गणना को रोकने के लिए चल रही यह साजिशें संयोग नहीं बल्कि भाजपा का सोचा-समझा प्रयोग है। उन्होंने कहा कि जातिगत गणना के खिलाफ भाजपा नेताओं का रवैया नया नहीं है। इनके नेता भले ही ऊपरी मन से इनके इसके समर्थन में बयान देते हैं लेकिन अंदरूनी तौर पर शुरूआत से ही इसकी खिलाफत करते आये हैं। जब बिहार सरकार ने उनके मंसूबे नाकामयाब करते हुए गणना को शुरू कर दिया तब उन्होंने पर्दे के पीछे से अपने लोगों से इसे रुकवाने के लिए कोर्ट में ढकछ दाखिल करवा दिया। इनका यह दोहरा रवैया यह दिखाता है कि यह लोग पिछड़े/अतिपिछड़े समाज को नीचे बनाये रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। जदयू महासचिव ने कहा कि बिहार में जातिगत गणना शुरू होने से हमारे पिछड़े-अतिपिछड़े समाज में हर्ष का माहौल बना हुआ था। भाजपा के दुष्प्रचार के बावजूद हमारे लोग समझने लगे थे कि यह गणना उनकी वास्तविक संख्या का पता लगाने में काफी सहायक सिद्ध होगी। इससे न केवल इस समाज के लिए विकास व समृद्धि के नए द्वार खुलते बल्कि खास योजनाओं के निर्माण करने व उन्हें इस समाज तक सफलतापूर्वक पंहुचाने में भी काफी सहायता मिलने वाली थी। लेकिन भाजपा ने इस समाज के विकास को रोकने लिए जिस तरह से इस गणना को रुकवाया है उसने इस समाज की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। इस धोखे लिए पिछड़ा-अतिपिछड़ा समाज भाजपा को कभी माफ नहीं करेगा।

हज यात्रा को लेकर सरकार सजग, तैयारी पूरी : जमा खां

पटना। आगामी 21 मई से शुरू होनेवाली हज यात्रा को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह सजग है। सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। गया हवाई अड्डा से हज यात्री उड़ान भरेंगे। पटना से गया बस द्वारा हज यात्रा पर जाने वालों को ले जाया जायेगा। इस बार जहानाबाद में 15 मिनट यात्रियों का ठहराव होगा। उक्त जानकारी अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि पहली दुआ बिहार राज्य हज भवन में 20 मई को होगी जिसमें बिहार के मुख्य मंत्री शामिल होगें। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा कि बिहार के कुल हज यात्रियों में पुरूषों की संख्या 3239एवं महिलाओं की 2399 है। 44 महिलायें अकेली हज यात्रा पर जा रही हैं। यात्रा आरंभ होने के दो दिन पूर्व गया हवाई अड्डा से प्रस्थान करने वाले सभी हज यात्रियों को हज भवन पटना में रिपोटिंग करेंगे। इनके रहने खाने की व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्था बिहार सरकार द्वारा कराई गई है। हज भवन से गया हवाई अड्डा के लिए वातानुकूलित बस से विशेष सुरक्षा प्रबंध के साथ गया सभी को ले जाया जायेगा। हज यात्रियों के हज के दौरान सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए सरकारी कर्मियों की खादिमूल हुज्जाज के रूप में बिहार सरकार द्वारा प्रतिनियुक्ति कर 11 पुरूष एवं 2 महिला सरकारी कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। 3412 लोग गया से जब कि 1815 लोग कोलकता से हज के लिए उड़ान भरेंगे। कोलकता से उड़ान भरने वालों के लिए कोलकता राज्य हज कमेटी तैनात रह कर उनकी देख भाल करेंगे। बिहार सरकार ने कोलकता से उड़ान भरने वालों की लिए वहां विशेष व्यवस्था की है। जब कि देश के अन्य स्थानों से 411 हज यात्री उड़ान भरेंगे।

दानापुर एवं सिकंदराबाद के मध्य चलेगी स्पेशल ट्रेन

पटना। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते दानापुर और सिकंदराबाद के मध्य गाड़ी संख्या 07419/07420 सिकंदराबाद-दानापुर- सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । गाड़ी सं. 07419 सिकंदराबाद-दानापुर स्पेशल ट्रेन 13, 20 एवं 27 मई (शनिवार) को सिकंदराबाद से 15.15 बजे खुलकर अगले दिन (रविवार) 23.15 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 07420 दानापुर-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन 15, 22 एवं 29 मई (सोमवार) को दानापुर से 14.00 बजे खुलकर अगले दिन मंगलवार को 23.50 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर आदि स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी के 01, शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच लगेंगे । उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा दी गई है।

संशोधित कोच संरचना से परिचालित होगी अहमदाबाद दरभंगा एवं अहमदाबाद समस्तीपुर स्पेशल ट्रेन

पटना। सीतामढ़ी-रक्सौल-नरकटियागंज-गोरखपुर-लखनऊ-कानपुर-जयपुर के रास्ते अहमदाबाद एवं दरभंगा के मध्य चलायी जा रही 09421/09422 अहमदाबाद-दरभंगा-अहमदाबाद स्पेशल एवं मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू के रास्ते संचालित की जा रही 09413/09414 अहमदाबाद-समस्तीपुर- अहमदाबाद स्पेशल ट्रेन के कोच संयोजन में दिनांक 22 मई एवं उसके बाद की तिथयों से बदलाव किया गया है । संशोधित कोच संरचना के अनुसार 09421/09422 अहमदाबाद-दरभंगा- अहमदाबाद स्पेशल तथा 09413/09414 अहमदाबाद-समस्तीपुर-अहमदाबाद स्पेशल में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 04 कोच के बादले 03 कोच तथा साधारण श्रेणी के 02 कोच के बदले 03 कोच लगेंगे । उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा दी गई है।

पटना पुलिस ने उदय हत्याकांड का किया उद्भेदन

आपसी विवाद में दोस्त की हत्या

पटना। पटना पुलिस को बुधवार को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 7 मार्च 2023 को रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र में हुए उदय हत्याकांड मामले का उद्भेदन किया है। पुलिस ने हत्या में शामिल दो दोस्तों अमित जायसवाल उर्फ अमित और राजू उर्फ राहुल कुमार को गिरफ्तार किया है। मामले की पूरी जानकारी देते हुए सदर एएसपी काम्या मिश्रा ने बताया कि हत्या की घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहे थे जिसकी तलाश के लिए टीम गठित की गई थी। वहीं, गुप्त सुचना के अधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने एक एंड्राइड मोबाईल, एक की पैड मोबाईल और एफजेड बाइक बरामद किया है। सदर एएसपी की मानें तो मृतक उदय कुमार, अमित कुमार और राजू दोस्त थे। ये सभी जमीन खरीद बिक्री जुआ और सट्टेबाजी से रुपया कमाते थे। तीनों के बीच में रुपयों को लेकर विवाद हुआ। जिसमें मृतक उदय को उसके किराए के रूम में मिलने के बहाने गए दोनों दोस्तों ने यूपीएस से उसके सिर पर वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। और मौके से फरार हो गए। आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। वहीं, फोरेंसिक टीम की जाँच में यूपीएस से सर पर वार कर हत्या करने की पुष्टि हुई है। फिलाहल आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।

68वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन चौकस

- डीएम व एसएसपी ने कहा: स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध

पटना

जिले में 3,444 परीक्षार्थी

- 07 स्टैटिक दण्डाधिकारियों-सह-प्रेक्षकों एवं 03 जोनल दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई
- 05 दण्डाधिकारियों को जिला नियंत्रण कक्ष में सुरक्षित रखा गया है

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना के जिला दण्डाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने कहा है कि बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित 68वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न करायी जाएगी। इसके लिए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। डीएम डॉ. सिंह व एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं पर बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 लागू है। यदि कोई उम्मीदवार इस उपबंध का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार उसके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि परीक्षार्थियों के हित में यह आवश्यक है कि परीक्षा स्वच्छ वातावरण में एवं कदाचारमुक्त सम्पन्न हो। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित की जाएगी कि परीक्षा केन्द्र के परिसर में किसी भी हालत में भीड़ या असामाजिक तत्व न जुटे। कदाचार की कोशिश करने या प्रश्रय देने वाले व्यक्तियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। डीएम व एसएसपी मिश्रा द्वारा परीक्षा को कदाचारमुक्त सुनिश्चित कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु 07 स्टैटिक दण्डाधिकारियों-सह-प्रेक्षकों एवं 03 जोनल दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इनके साथ पुलिस पदाधिकारियों एवं सशस्त्र बलों को भी लगाया गया है। साथ ही जिला नियंत्रण कक्ष में 05 सुरक्षित दण्डाधिकारियों को मुस्तैद रखा गया है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु अपर जिला दण्डाधिकारी, विधि-व्यवस्था, पटना को सहायक संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया है। कदाचाररहित परीक्षा के सफल संचालन हेतु श्यामनन्दन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा, पटना को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों की ब्रीफिंग की गई।

परीक्षार्थियों के लिए ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बिंदु : परीक्षा से संबद्ध सभी उम्मीदवारों का आयोग के वेबसाईट से डाउनलोड किया हुआ प्रवेश-पत्र ही परीक्षा में

संक्षिप्त खबरें

अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन थाना क्षेत्र के नरघोघी हाट के समीप मंगलवार की शाम इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों द्वारा ग्रामीणों की पिटाई के मामले को लेकर बुधवार की दोपहर एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। ग्रामीण महेश रजक ने प्राथमिकी में कहा है कि मंगलवार की शाम इंजीनियरिंग कॉलेज के करीब डेढ़ सौ छात्र लाठी-डंडा, लोहे की रॉड एवं ईंट-पत्थर लेकर उनके घर पर अचानक हमला बोल दिया। छात्रों के हमले में कई व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को भी क्षति पहुंची है। वहीं कई मवेशी भी घायल हुए हैं। ग्रामीणों के जुटते देख सभी हमलावर छात्र भाग निकले। घायल लोगों में अशोक दास, सचिन कुमार, मुकेश चौरसिया, मल्हू दास, शंभू महतो, दिलीप चौरसिया, राकेश महतो, राम दयाल शर्मा, भाग्य नारायण शर्मा, राधा देवी, मो० कल्लू आदि के नाम शामिल हैं।

शराब मामले में दोषी को पांच वर्ष सश्रम कारावास और एक लाख रुपए जुमार्ना की सजा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर व्यवहार न्यायालय में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह उत्पाद अधिनियम के विशेष न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय ने बुधवार को शराब कारोबार से संबंधित मामले में दोषी पाए गए जिले के पटोरी थाना क्षेत्र के बिन्दगामा निवासी और स्वर्गीय राजेंद्र महतो के पुत्र गणेश महतो को धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपए अर्थदंड देने की भी सजा सुनाई है। मामला पटोरी थाना क्षेत्र के उत्पाद वाद संख्या 20/20 से संबंधित है। जिसमें उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा 11 जनवरी 2020 को पटोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर ओपी के बिन्दगामा स्थित अभियुक्त गणेश महतो के सड़क किनारे अवस्थित झोपड़ी नुमा बिक्री केंद्र से दो लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

अलग-अलग जगह पर हुई मारपीट की घटना में दर्जन भर लोग जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर हुई मारपीट की घटना में दर्जनभर लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। घायलों में कल्याणपुर गांव निवासी अमरजीत कुमार, अजय कुमार, गीता देवी, लालू महतो, अवधेश कुमार, विजय महतो, सोनू कुमार, महतो मनीष कुमार, पूजा कुमारी एवं फुलहारा गांव के चंदन कुमार जख्मी हैं। डॉ बीके ठाकुर ने बताया कि जख्मी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए कल्याणपुर गांव के गीता देवी, संतोष कुमार महतो, लालू महतो, अवधेश महतो, सोनू महतो एवं विजय लाल महतो को ईलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि जख्मी के आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अस्पताल परिसर में जन्मदिन पार्टी मनाने के मामले में सिविल सर्जन ने मांगी जांच रिपोर्ट

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विभूतिपुर के प्रांगण में स्वास्थ्य प्रबंधक रंजीत कुमार प्रसाद द्वारा जन्मदिन पार्टी मनाया गया। जिसके कारण लगभग चार घंटे अस्पताल का कार्य बाधित रहा। जिससे अस्पताल में भर्ती मरीज एवं आने वाले नए मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मामले को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति के सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव ने सत्यापन की जांच हेतु जारी पत्र को संशोधित करते हुए जांच दल के रूप में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (गैर संचारी रोग) अपर उपाधीक्षक सह सहायक तथा जिला स्वास्थ्य समिति के समन्वयक डॉ विजय कुमार को शामिल करते हुए दो दिनों के अंदर जांच प्रतिवेदन कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश जारी किया है।

अलग-अलग जगहों पर अगलगी में 14 घर जलकर राख, लाखों की क्षति

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन थाना क्षेत्र के हरपुर बरहेता पंचायत के वार्ड चार में बुधवार की दोपहर बिजली की शार्ट-सर्किट से एक घर में आग लग गई थी। देखते ही देखते आसपास के नौ अन्य घर भी आग की चपेट में आ गए। जिसमें करीब 20 लाख रुपए से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है। आग की लपटों को देखकर घर से लोग अपनी जान बचाकर बाहर भागे। उसके बाद आग की लपटे एवं लोगों की शोर सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचकर निजी पंप से चला कर आग पर काबू पाने का अथक प्रयास कर रहे थे। लेकिन आप अपना प्रचंड रूप दिखा रहा था। लोगों ने बताया कि बुधवार की दोपहर महेश ठाकुर के घर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते नौ घर आग की चपेट में आ गई। उसके बाद स्थानीय लोगों ने सरायरंजन पुलिस को अगलगी की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना में लगे अग्निशामक गाड़ी को घटनास्थल पर भेज दिया गया। निजी पंपसेट एवं अग्निशामक मशीन के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। इस अगलगी में सभी घरों में रखे बर्तन, कपड़ा, गहना, नगदी समेत अन्य उपसकर सामान जलकर राख हो गया। वहीं करीब 20 लाख से अधिक की क्षति बताई गई है। अग्नि पीड़ितों में अमरजीत ठाकुर, संजय कुमार ठाकुर, ललित कुमार ठाकुर, अनिल कुमार ठाकुर, पंचानन ठाकुर, दुर्गा नंद ठाकुर, केशव ठाकुर का घर शामिल हैं। बता दें कि 10 दिन के बाद अमरजीत ठाकुर के बेटी का शादी था। शादी को लेकर सारी खरीदारी कर ली गई थी। लेकिन इस अगलगी में शादी के लिए खरीदारी किए गए कपडा, गहना सहित अन्य उपस्थित सामान जलकर राख हो गए। जिससे घर के सभी सदस्य काफी सदमे में हैं। इधर रायपुर बुजूर्ग पंचायत के रसलपुर वार्ड नंबर छह में खाना बनाने के दौरान विनोद राम के घर में गैस सिलेंडर फटने से पांच घर अगलगी की चपेट में आ गई। स्थानीय लोगों की सक्रियता एवं दमकल के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। अग्नि पीड़ित परिवारों में विनोद राम, प्रमोद राम, सुबोध राम, सोनू राम व माधो देवी के घर जलकर राख हो गई। आगलगी में लाखों रुपये के वस्त्र, आभूषण तथा अनाज नष्ट हो गया। घटना की जानकारी सरपंच प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने थानाध्यक्ष एवं अंचलाधिकारी को दी। मौके पर पूर्व जिला परिषद् सदस्य हरेराम सहनी, मुखिया प्रतिनिधि संजीत साह, संजय राय, राजा यादव, सुभाष राय, सुबोध राय, मनीष कुमार, हल्का कर्मचारी दिलीप राय मौजूद रहे। अगलगी की घटना के बाद कर्मचारी दोनों पंचायत में अगलगी की जांच रिपोर्ट कर सीओ को उपलब्ध करा दिया गया है। सीओ पंकज कुमार झा ने बताया कि सभी अग्निपीड़ित परिवार को सरकारी सहायता अविलंब मुहैया करा दी जाएगी।

एसएफआई ने की बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग

हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भारत का छात्र फेडरेशन हसनपुर अंचल कमेटी द्वारा देवधा चौक पर बुधवार को महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपी रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और बृजभूषण सिंह का पुतला फूंका गया। जिसकी अध्यक्षता एसएफआई संयुक्त जिला मंत्री मुरारी पासवान ने किया! विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला सचिव छोटू भारद्वाज ने कहा कि बृजभूषण सिंह पर ये आरोप भाजपा और संघ परिवार की महिला विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। पहले तो महिला पहलवानों के आरोप पर दिल्ली पुलिस ने एफआईआर करने से मना कर दिया, सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के एफआईआर तो हुई लेकिन इतने जघन्य अपराध के आरोपी भाजपा सांसद ना सिर्फ खुलेआम घूम रहा है बल्कि महिला विरोधी टिप्पणियां भी कर रहा है। जब इतने कुछ के बाद भी पहलवान जंतर मंतर पर अपना धरना समाप्त नहीं किये और बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी की मांग करने लगे तो दिल्ली पुलिस द्वारा रात के अंधेरे में उन पर हमला करवा दिया गया और शराब के नशे में चूर पुलिसकर्मियों ने ना सिर्फ महिला पहलवानों को भद्दी गालियां दी बल्कि कई पहलवानों का सिर भी फोड़ दिया। कन्हैया कुमार ने कहा कि एसएफआई पहलवानों के आंदोलन का समर्थन करती हैं और जल्द ही भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो जाती है तो एसएफआई आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से तेज करेगा। मौके पर अंकुश कुमार, मनीष कुमार, राजा कुमार, शिवम कुमार, राजीव पासवान, राजू कुमार, विकास कुमार, कमलदीप कुमार, आनंद कुमार, कुंज बिहारी शर्मा, कन्हैया कुमार, श्यामल रजक, भूषण कुमार दर्जनों छात्र मौजूद थे।

सामाजिक अंकेक्षण सोसायटी ने की कपूर्री बस पड़ाव स्थित आश्रय स्थल की जनसुनवाई

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर कपूर्री बस पड़ाव में नगर निगम के अंतर्गत मिलन महिला स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा संचालित आश्रय स्थल का सामाजिक अंकेक्षण सोसाइटी द्वारा जनसुनवाई की गई। जिसकी अध्यक्षता टेक्नो मिशन स्कूल के प्राचार्य एके लाल ने किया। उक्त जनसुनवाई में ज्यूरी सदस्य मनरेगा के डीपीओ राजेश कुमार, अनमोल उपहार सेवा फाउंडेशन के निदेशक देव कुमार, डीआरपी उदय कुमार, नगर निगम के उप नगर आयुक्त शहीद रजा खान, सिटी मैनेजर मोहम्मद शफी अहमद ने भाग लिया। आश्रय स्थल में प्रतिदिन पांच लाभुकों को मुफ्त एवं इसके अलावे अन्य को 30 रुपए लेकर खाना दिया जाता है तथा ठहरने के लिए बेड की भी व्यवस्था है। आश्रय स्थल की समीक्षा के दौरान संतोषप्रद पाया गया। अनमोल उपहार सेवा फाउंडेशन के निदेशक श्री कुमार ने कहा कि आश्रय स्थल के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार की जरूरत है तथा बंद पड़े टेलीविजन को सही कराने, प्रतिदिन लाभुकों के लिए समाचारपत्र लेने एवं आवश्यक सामग्री की अतिशीघ्र मरम्मत करवाने का सुझाव दिया। नगर निगम के सिटी मैनेजर श्री अहमद ने यह आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के अंदर पाये गये त्रुटि को सुधार कर लिया जाएगा तथा आश्रय स्थल के प्रचार प्रसार हेतु शहर में होर्डिंग भी लगायी जायेगी। उक्त जनसुनवाई का संचालन डीआरपी श्री कुमार ने किया और इसके संचालक अध्यक्ष सीमा कुमारी को साधुवाद दिया। मौके पर एमआरपी राजीव कुमार के अलावे लाभुक एवं सैकड़ों लोग मौजूद थे।

इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों और ग्रामीणों के बीच हुए विवाद में ग्रामीण घायल

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, सदर एसडीओ एवं डीएसपी की पहल पर हुआ जाम समाप्त

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन थाना क्षेत्र के नरघोघी स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के छात्रों ने मंगलवार की देर शाम पास के नरघोघी हाट के समीप एक दर्जन घरों में घुसकर लोगों को लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान उपद्रवी छात्रों ने कई व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं कई मवेशियों को भी घायल कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों को जुटते देख सभी उपद्रवी छात्र फरार हो गए। छात्रों के हमले में तीन दर्जन से अधिक ग्रामीणों के घायल होने की सूचना है। घटना की सुबह बुधवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में जुट कर अभियंत्रण कॉलेज का घेराव किया। वहीं पास के सुभाष चौक के पास सड़क जाम कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे एडीएम, सदर एसडीओ एवं डीएसपी ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम हटाया। फिलहाल कॉलेज गेट के पास स्थानीय पुलिस लगातार कैंप कर रही है। घटना के संबंध में छात्र-छात्राओं का कहना था कि मंगलवार की शाम जब कॉलेज की तीन छात्राएं नरघोघी हाट से गुजर रही थी तो पास खड़े अधेड़ उम्र के कुछ लोग उन पर फब्तियां कसने लगे। वहीं उनके साथ छेड़छाड़ भी की कोशिश की गई। विवश होकर उन्हें छात्रावास में रह रहे छात्रों को इस आशय की सूचना देनी पड़ी। वहीं ग्रामीणों का आरोप था कि हाट से गुजर रही छात्राओं की मौजूदगी में एक कार से उतरे छात्र-छात्राएं प्रेमालाप में मशगूल हो गए, जो उन लोगों को नागवार लगा। बुधवार की दोपहर में डीएम योगेंद्र सिंह एवं एसपी विनय तिवारी ने भी क्षेत्र का दौरा कर बताया कि घटना की प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। जाचोंपरांत सभी दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

कुएं में शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी, आत्महत्या की आशंका

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भुसवर बसौना वार्ड 15 स्थित एक कुएं में बुधवार की अहले सुबह एक व्यक्ति की शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना विभूतिपुर थाना को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में शव को कुंए से बाहर निकाला गया। जहां मृतक की पहचान भूसवर बसौना वार्ड 15 निवासी स्वर्गीय रामविलास महतो के 45 वर्षीय पुत्र राम कुमार महतो के रूप में किया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक राम कुमार महतो 4 मई को खाना खाकर सो गए। देर रात्रि के बाद अचानक गायब हो गए। परिजनों द्वारा अपने स्तर से सगे संबंधी एवं सोशल मीडिया के माध्यम से काफी खोजबीन किया। नहीं मिलने पर 6 मई को विभूतिपुर थाना में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। जहां 10 मई को कुएं से उनका शव बरामद किया गया। शव बरामद के बाद पुलिस कागजी प्रक्रिया के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। वहीं उनके मौत से पत्नी शकुंती देवी, पुत्र बबलू कुमार डब्लू कुमार पुत्री निशा कुमारी रो-रोकर बेसुध हो रहे थे। वहीं परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। दबी जुबान से लोग आत्महत्या की चर्चा भी कर रहे थे।

पांच शराबियों को पुलिस ने गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के दो जगहों से पांच पियक्कड़ों को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। पियक्कड़ की पहचान बिरसिंहपुर गांव निवासी विकास कुमार एवं विक्की कुमार, हरिनंदन सहनी, देवेंद्र सहनी, योगेन्द्र सहनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एएसआई अखिलेश राय को सूचना मिली कि दो जगहों पर पियक्कड़ हंगामा कर रहे हैं। वहीं सूचना पर तुरंत पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया। वहीं थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि सभी पियक्कड़ों को आगे की कार्रवाई के लिए कोर्ट भेज दिया गया है।

सीयूएसबी के कुलपति प्रो. के. एन. सिंह ने किया छात्र पत्रिका सुमेधा का विमोचन

नई दिशा देने वाली पत्रिका साबित हो सुमेधा: कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

गया। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) की सालाना छात्र पत्रिका ह्य सुमेधा ह्य का विमोचन कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने बुधवार को अपने कार्यालय में संपादक मंडल की उपस्थिति में किया। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मो. मुदस्सीर आलम ने बताया कि यह पत्रिका विश्वविद्यालय के छात्र बौद्धिक प्रकोष्ठ रेनेशां के द्वारा संपादक डॉ. सुजीत कुमार (सहायक प्राध्यापक) के मार्गदर्शन में प्रकाशित की जाती हैं पीआरओ ने बताया कि इस पत्रिका में विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों के कलात्मक लेखन एवं कृतियों को स्थान दिया जाता है। विमोचन के अवसर पर कुलपति महोदय के साथ संपादक डॉ. सुजीत कुमार, मीडिया विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रवि सूर्यवंशी एवं विश्वविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद थे। विमोचन के अवसर पर कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने पत्रिका के संपादक मंडल को आजादी के अमृत महोत्सव काल में प्रकाशित इस पत्रिका के सफल प्रकाशन पर शुभकामनाएं दी। उहोंने कहा कि मेरा विश्वास है कि यह पत्रिका सभी लोगों को एक नई दिशा एवं नई सोच प्रदान करने वाला एक माध्यम साबित होगा। उन्होंने छात्र बौद्धिक प्रकोष्ठ को सुझाव दिया कि आने वाले समय में वह पत्रिका के संपादन के साथ साथ पूरे वर्ष साहित्यिक गतिविधियों को विश्वविद्यालय में बढ़ावा दे। पत्रिका के संपादक डॉ. सुजीत कुमार ने बताया कि पिछले दो सालों से कोरोना महामारी के चलते पत्रिका का संपादन नहीं हो पा रहा था। इस वर्ष इस पत्रिका के छपने से पूरा विश्वविद्यालय परिवार खासकर वह बच्चे जिन्होंने इस पत्रिका में अपना योगदान दिया है बेहद प्रसन्न हैं। उन्होंने बताया कि इस पत्रिका में लेखन से लेकर डिजाइन तक का कार्य विश्वविद्यालय के छात्र ही करते हैं इसलिए यह पत्रिका अनूठी है।

डीबीकेएन कॉलेज नरहन में एसएफआई का सदस्यता अभियान तीसरे दिन जारी

विभूतिपूर, प्रात : किरण संवाददाता

एसएफआई के तत्वाधान में प्रखंड के डीबीकेएन महाविद्यालय नरहन में सदस्यता अभियान तीसरे दिन भी चलाया गया। अभियान के दौरान छात्रों में संगठन से जुड़ने के प्रति जबर्दस्त उमंग देखा गया। सदस्यता आभियान एसएफआई राज्य सचिव मंडल सदस्य अवनीश कुमार के निर्देशन एवं जिला कमेटी सदस्य प्रिंस कुमार, उपाध्यक्ष नीलकमल के व विनीत कुमार नेतृत्व में चलाया जा रहा है। मौके पर उपस्थित छात्रों को एसएफआई राज्य सचिव मंडल सदस्य अवनीश कुमार ने छात्रों को संगठन के कार्यक्रम एवं संविधान से अवगत कराने के साथ साथ स्वाधीनता, जनवाद, समाजवाद के लक्ष्य को अंगीकार कर आगे बढ़ाने एवं संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। छात्र नेता प्रिंस कुमार ने कहा कि प्रखंड के प्रत्येक विद्यालयों में जाकर छात्रों को संगठन से जोड़ा जायेगा एवं नई दोषपूर्ण शिक्षा नीति के खिलाफ छात्र गोलबंदी पर जोर दिया जायेगा। कॉलेज के छात्र नेता पिंटू कुमार, प्रियंका कुमारी, मनीषा कुमारी एवं हीरा कुमारी ने ने कहा कि यह अभियान संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। जिसके तहत ककॉलेज में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता, भ्रष्टाचार एवं छात्रों की ज्वलंत मुद्दों को लेकर मजबूत छात्र आंदोलन तैयार कर लडाई लड़ा जायेगा। इस सदस्यता अभियान राहुल कुमार, पूजा कुमारी, गोपाल कुमार, खुशबू कुमारी, किस्मत कुमारी, अर्पण कुमारी, सरोज कुमार, मोहम्मद अंसारी, साबरीन खातून सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं संगठन की सदस्यता ग्रहण किए।

नेक्सस सिलेक्ट ट्रस्ट ने निवेशकों से जुटाए करोड़ों रुपये

पटना। ब्लैकस्टोन प्रायोजित नेक्सस सिलेक्ट ट्रस्ट ने बीस एंकर निवेशकों को सौ रुपये प्रति यूनिट के ऊपरी प्राइस बैंड पर करोड़ों से ऊपर यूनिट आवंटित किए हैं और इस तरह 1,439.99 करोड़ रुपये जुटाये हैं। एंकर बुक इन्वेस्टमेंट में प्रमुख भारतीय संस्थानों का दबदबा रहा। इनमे प्रमुख तौर पर शामिल हैं---एचडीएफसी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड जिसमें एचडीएफसी फोकस्ड 30 फंड शामिल है; एचडीएफसी फ्लेक्सी कैप फंड , एचडीएफसी इंफ्रास्ट्रक्चर फंड और एचडीएफसी हाउसिंग ऑपर्च्युनिटीज फंड - 1140डी नवंबर एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का निवेश 174.6 करोड़ रुपये था। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 143.99 करोड़ रुपये का निवेश किया। एसबीआई डिविडेंड यील्ड फंड ने 99.99 करोड़ रुपये का निवेश किया और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 29.70 करोड़ रुपये का निवेश किया।

उत्पाद अधिनियम के तहत सुनायी गई पांच वर्ष का सश्रम कारावास और एक लाख रुपए जुमार्ना की सजा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर व्यवहार न्यायालय में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह उत्पाद अधिनियम के विशेष न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय ने मंगलवार को शराब कारोबार से संबंधित मामले में दोषी पाए गए जिले के पटोरी थाना क्षेत्र के धरमपुर बांदे वार्ड नंबर 13 निवासी लखन चौधरी के पुत्र शंभू चौधरी को पांच वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई है। साथ ही जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने के पर दोषी को छह माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतने का निर्णय दिया गया है। मामला पटोरी थाना क्षेत्र के उत्पाद वाद संख्या 294/21 से संबंधित है। जिसमें उत्पाद टीम के द्वारा 12 नवंबर 2021 की शाम 4:10 बजे अभियुक्त शंभू चौधरी के धरमपुर बांदे स्थित पक्के घर के दरवाजे के पास उनकी निजी जमीन से 5 लीटर वाले प्लास्टिक गैलन में 4 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उसी मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय के द्वारा उसे दोषी पाते हुए धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही एक लाख रुपए अर्थदंड देने की भी सजा सुनाई गई है।

महाराणा प्रताप भारत के स्वाभिमान के प्रतीक, उनका राष्ट्र प्रेम हमेशा याद रखा जाएगा : चन्देल

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर क्षत्रिय करणी सेना परिवार की ओर से हिमगिरी विवाह भवन में सूर्यवीर योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर करणी सेना के जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चंदेल ने कहा कि वीरता व देश के प्रति सच्चा प्रेम के प्रतिक महाराणा प्रताप जैसे वीर राष्ट्र प्रेमी शायद ही पृथ्वी पर जन्म लेते हैं। जिस प्रकार से महाराणा प्रताप ने समाज को जोड़कर जिस मजबूती से अपनी जन्मभूमि की रक्षा की थी, उससे आज के समाज को प्रेरणा मिलती है। उनके साहस, तपस्या और बलिदान रुपी कीर्ति आज भी अमर हैं। उनके संकल्प को जीवन में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालक मुकेश सागर ने किया व अतिथियों का स्वागत ठाकुर संग्राम सिंह ने किया। सभी अतिथियों ने महाराणा प्रताप के चत्रित, साहस, संघर्ष और वीरता के बारे में अपना अपना विचार रखा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रो० विनोद सिंह, अनुरुद्ध सिंह, आशुतोष सिंह, गुंजेश सिह, गौरव सिंह, यशवंत सिंह, पूजा सिंह, संजीव सिंह, उत्तम सिंह, राकेश रोशन, रंजीत सिंह, दिलीप सिंह, विशाल सिंह, दिपक सिंह, संजीव सिंह, बादल सिंह, प्रवीण सिंह, आभास सिंह, सुधीर सिंह, प्रेम सिह, केके सिंह, अंबुज सिंह, सुमित सिंह, गोविंद सिंह एवं प्रशांत सिंह आदि उपस्थित थे।

मणिपुर से लौटी छात्रा ने वहां की स्थिति बयां की, बिहार सरकार के प्रति किया आभार व्यक्त

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के वाजिदपुर बंबईया निवासी कुमार सुबोध की सुपुत्री मणिपुर स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रही थी। मणिपुर में उत्पन्न हालात से बिहार की सभी छात्र छात्राएं वापस पटना आने पर परिजनों ने राहत की सांस ली। कुमारी आकृति अपने समस्तीपुर आवास पर आने पर बिहार सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और घर के सभी सदस्यों ने परिजनों ने बिहार सरकार को धन्यवाद दिया। तथा अपने बच्चों से मिलकर राहत की सांस ली। आकृति के पिता कुमार सुबोध, पूर्व प्राचार्य गणेश प्रसाद यादव, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार, शिवम कुमार, सत्यम कुमार सहित पूरे परिजनों ने आभार व्यक्त किया है। साथ ही भारत सरकार से मांग किया है कि मणिपुर में स्थिति सामान्य हो और मानवीय मूल्यों की स्थापना की जाए।

गया एसएसपी को सरकार ने दिए दो प्रशस्ति पत्र,रोहतास के समय का दिया सम्मान

प्रात : किरण संवाददाता

गया। बिहार सरकार ने गया एसएसपी ऑफिस भर्ती को 172 प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया दो में से एक बेहद ही ख्यात नक्सली विजय आर की गिरफ्तारी के लिए तुम्हें दूसरा परिस्थिति पर औरत की शक्ल शक्ल बना ली से जुड़ा है दोनों कार्रवाई को एसएसपी आशीष भारती ने रोहतास में स्पीक जाने के द्वार दौरान अंजाम तक पहुंचाया था इस स्थिति में बताया कि इजहार गिटारी के लिए लंबी तैयारी उन्हें करनी पड़ी थी तब जाकर पुलिस के हत्थे चढ़ सका था आगे बताया कि रोहतास में नक्सली दम तोड़ चुका है लेकिन बिहार क्षेत्र में संगठन को फिर से खड़ा करने में जुटा था युवाओं को भड़का रहे थे यहां तक कि रोता में फॉरेस्ट रिजर्व यूरी के खिलाफ अवैध अभियान भी चला था यही नहीं संगठन को चलाने के लिए ले लेवी की मांग ली तथा पुलिस को इस बात की भनक लगी तो बिहार की गिरधारी में जुड़ गई इसका में सरकार के अलावा औरंगाबाद पुलिस को भी लगाया गया था इन तीनों की मशक्कत के बाद एक दिन हुआ बस स्टैंड के पास पुलिस के हत्थे चढ़ गया उन्होंने बताया कि हाथ पकड़ा गया तो उसे मनाया जाने लगा तो इस बात का विरोध कर बैठा हुआ पुलिस चौकी हमें मीडिया के मामले में एसपी ने बताया कि एक लाइन होटल के मालिक का अपहरण कर लिया गया था प्रेम के दौरान 2 की फिरौती मांगी गई थी अपहरण करने वाले का सदस्य कौन से विरोधी की मांग करता था वही की मांग करता था इसलिए अपने को छिपा रखा था पुलिस ने की थी उन्होंने बताया कि करने वाले एक वृत्त का जाने वाला था हुआ था कि लाइन होटल के मालिक का लड़का दिवाली में जुआ खेलने के दौरान काफी मोटी रकम जीता था इसकी इस बात की भनक और अपनों की लगी थी उसने इस घटना को अंजाम दिया था यह घटना 2022 की है

भोजपुर के लाल को मिला शौर्य चक्र , जिलेवासियों में खुशी की लहर

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुर : जिला के शाहपुर नगर पंचायत अंतर्गत गोपालपुर के रहने वाले श्री विक्की पांडे डेप्युटी कमांडेंट एनकाउंटर स्पेशलिस्ट को महामहिम राष्ट्रपति महोदया के हाथों राष्ट्रपति भवन दिल्ली इनको शौर्य और वीरता के लिए सर्वोच्च सम्मान शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।झारखंड में इनको नक्सलियों का काल के नाम से भी जाना जाता है।श्री पांडे के अंदर बचपन से हीं देशभक्ति की भावना है। क्योंकि इनके पिता जी रामाकांत पांडे बिहार पुलिस के सेवानिवृत पुलिस अधिकारी हैं। देशभक्ति की प्रेरणस्त्रोत इनके पिता जी हीं रहे हैं। इनकी प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा पैतृक गांव गोपालपुर में ही हुई।बचपन से हीं विलक्षण प्रतिभा के धनी थे।श्री पांडे ने झारखंड के गुमला जिले में कोबरा कमांडो टीम का करते हुए जोनल कमांडर बुधेश्वर उरांव 16 लाख के दुर्दांत माओवादी को 3.5 किलोमीटर खदेड़ कर मार गिराए थे। इस अदम्य साहस और वीरता के लिए श्री पांडे को शौर्य चक्र से नवाजा गया। श्री पांडे भोजपुर जिले युवाओं के लिए प्रेरणस्त्रोत बन गए हैं।

संक्षिप्त खबरें

ट्रक ने तरबूज बेच रहे युवकों को कुचला ,मौके पर मौत

छपरा । बुधवार की सुबह दारोगा राय सेतु रेवघाट पर पुल से सटे तरबूज बेच रहे युवको को कुचल दिया जिससे तीन युवकों की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी जबकि चौथे युवक की नाजुक हालत बताई जा रही हैं ।घटना के संबंध में बताया गया है कि एक साइकिल सवार युवक को बचाने के क्रम में ट्रक चालक अपना संतुलन खो दिया जिससे तीन युवक को कुचल डाला ।घटना की गंभीरता को देखते हुए चालक फरार हो गया ।सभी तीनो युवक मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना निवासी है ।मृतको में आकाश कुमार महफूज मिया नीरज कुमार हैं जबकि गंभीर रूप से जख्मी युवक मोहमद जावेद हैं जिसका इलाज मुजफ्फरपुर में चल रहा है । घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सडक को अवरोधक लगाकर जाम कर दिया।

नीलाम पत्र वाद का दो वारंटी गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के थावे थावे थाने के प्रशिक्षु एसआई प्रशांत कुमार ने नीलाम पत्र वाद में जारी किए गए वारंट के आधार पर छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी धतीवना गांव के श्रीराम पंडित और तारकेश्वर सिंह के पास बैंक का बकाया है। पूछताछ के बाद गिरफ्तार दोनो वारंटी को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

शराब कांड के पूर्व आरोपित गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के थावे थाने के प्रशिक्षु एसआई प्रशांत कुमार ने मंगलवार की रात छापेमारी कर शराब कांड के पूर्व आरोपित को घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराब कांड के पूर्व आरोपित थाना क्षेत्र के धतीवना गांव के संजय सोनार से पूछताछ के बाद बुधवार को न्यायालय में भेज दिया गया।

शराब के नशे में हंगामा कर रहे तीन गिरफ्तार

गोपालगंज ।जिले के भोरे थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के जगतौली ओपी के पास शराब के नशे में हंगामा कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने पर उसे कोर्ट में पेश किया गया। पकड़े गये युवक की पहचान थाना क्षेत्र के भरपटिया गांव के पीगेंद्र कुमार व चंदन साह एव विजईपुर थाना क्षेत्र के महेशपुर के संजय कुमार के रूप में की गई है।

फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

गोपालगंज ।जिले के भोरे थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव से फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसे आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी चंद्रमा कुमार एक मामले में फरार चल रहा था। थाने के पुलिस पदाधिकारी प्रभात कुमार को यह गुप्त सूचना मिली कि फरार आरोपी अपने घर पर हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

भोरे में पहली बार रोजगार मेला का आयोजन 12 मई को

गोपालगंज ।जिले के भोरे प्रखंड की खजुरहा स्थित सूर्यनाथ आईटीआई में पहली बार रोजगार मेला का आयोजन हो रहा है। जिसमें देश की सर्वश्रेष्ठ कंपनी टाटा मोटर्स एवं डीसकन का आगमन हो रहा है। इस रोजगार मेले में विज्ञान से इंटर एवं आईटीआई पास युवाओं को नौकरी मिलेगी। इसकी जानकारी सूर्यनाथ आईटीआई के प्राचार्य हीरालाल सिंह ने दी है।

सतकोठवा से शराब के नशे में एक गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के सतकोठवा गांव में पुलिस ने सूचना के आधार पर छापेमारी कर शराब के नशे में हल्ला हंगामा करते एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के सतकोठवा गांव के आमिरुल अंसारी के रूप में की गई है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित को बुधवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया।

ए एन शिक्षण संस्थान गंडामन में शुरू हुआ परीक्षण शिविर

छपरा। जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट और गाइड सारण के निर्देश पर प्रथम सोपान परीक्षण शिविर का आयोजन बुधवार को मशरख प्रखंड के धर्मसती गंडामन में स्थित ए० एन० शिक्षण संस्थान गंडामन के परिसर में आयोजित किया गया ।यह शिविर अगले छः दिनों तक चलेगा क्जिला मुख्य आयुक्त सारण के द्वारा शिविर प्रधान के रूप में बेसिक स्काउट मास्टर सह राष्ट्रपति पुरस्कृत स्काउट प्रणव एवं गाइड में शिविर प्रधान के रूप में एडवांस गाइड कैप्टन रितिका सिंह को नियुक्त किया गया है क्वही स्काउट में शिविर सहायक के रूप में स्काउट मास्टर चंदन कुमार और विकास कुमार को नियुक्त किया गया है ।बुधवार को शिविर का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक सत्यप्रकाश मिश्रा,प्राचार्य उज्ज्वल कुमार और शिविर प्रधान प्रणव के द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण करके किया।

नाइजीरिया में फंसे गोपालगंज के 11 मजदूर, वतन वापसी की लगायी गुहार

सांसद और डीएम से मिले फंसे हुए मजदूरों के परिजन, मिला आश्वासन

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

बिहार यूपी और झारखंड के 150 लोग नाइजीरिया के लागोश में फंसे हुए है। उनमें गोपालगंज के 11 मजदूर भी शामिल है। फंसे हुए मजदूरो ने वीडियो संदेश भेजकर अपनी तकलीफ बयां की है। साथ ही सरकार से वतन वापसी की गुहार लगायी है।

वीडियों में मजदूरों ने डैगोट रिफाइनरी केमी टेक कंपनी पर नौ माह से वेतन नही देने, पासपोर्ट जप्त करने के साथ ही बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। नाइजीरिया में फंसे लोगों में गोपालगंज के जगीरी टोला निवासी भेष नारायण सिंह, संतोष कुमार, राम, विलास

साह, इदरीश अंसारी, दीपक राय, उपेंद्र प्रसाद, कन्हैया शर्मा, गुप्ता कालीलाल, तारकेश्वर राय, छोटेलाल चैधरी, मजीद अली आदि शामिल हैं। वहीं, सीवान के ब्यास यादव व मुन्ना कुमार शामिल हैं। इनके अलावा बिहार के बेगुसराय, मधुबनी, मोतीहारी जिले के मजदूर भी शामिल हैं। जबकि, झारखंड के पलामू, गढ़वा, यूपी के देवरिया, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, प्रतापगढ़, बलिया, बस्ती, गाजीपुर व आंध्र प्रदेश के भी कुछ मजदूर नाइजीरिया की कंपनी में फंसे हुए हैं। भेष नरायण सिंह की पुत्री शालू कुमारी ने सांसद डॉ। आलोक कुमार सुमन और डीएम डॉ। नवल किशोर चैधरी से मिलकर फंसे हुए लोगों को नाइजीरिया से वतन बुलाने के लिए गुहार लगायी है। सांसद डॉ आलोक कुमार सुमन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर फंसे हुए मजदूरों को भारत लाने के लिए अपील की है। वही इस मामले को लेकर डीएम ने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर स्वदेश वापसी हेतु आवश्यक कारवाई करने की मांग की है।

दिशा की बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की हुई समीक्षा

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

समाहरणालय के सभागार में बुधवार को दिशा की बैठक सांसद डॉ। आलोक कुमार सुमन की अध्यक्षता में शुरू हुई। जिसमें जिला के विभिन्न समस्याओं एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही सभी विभाग को समस्याओं के निष्पादन के लिए आदेश दिए गए। उन्होंने कहा कि दिशा की बैठक में मुख्यतः अनुसूचित जाति के छात्रों हेतु निर्मित छात्रावासों में आवासीय बच्चों की संख्या समानुपातिक रूप से पूर्ण करने, सुरक्षा गार्डो के लंबित भुगतान, बिजली आपूर्ती, पुल, शिक्षा, सड़क एवं स्वास्थ्य की समस्याओं की चर्चा हुई। बैठक के दौरान सांसद ने सासामुसा रेलवे स्टेशन के अप्रोच रोड को बर्षात से पूर्व पूर्ण करने का निर्देश दिया।

वही बैठक में एनएचआई के परियोजना निदेशक के द्वारा जानकारी दी गयी कि गोपालगंज फ्लाईओवर का कार्य अगस्त 2024 तक पूर्ण कराने का निर्धारित समय है, समय पर

निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उनके द्वारा डुमरिया घाट पुल की अद्यतन प्रगति की भी जानकारी दी गयी और बताया गया कि भठवा और करमैनी में विद्युत लगाने का कार्य इस माह में प्रारंभ हो जाएगा। इसके बाद सासामुसा, बंजारी, समाहर्ता निवास से कोइनी तक विद्युत प्रकाश का कार्य कराया जाएगा। सांसद ने डुमरिया घाट के पास प्रस्तावित अंडरपास के निर्माण को लेकर परियोजना निदेशक को निर्देश दिया कि बैकुंठपुर विधायक प्रेमशंकर यादव, सदर एसडीओ व सीओ के साथ जाकर स्थल निरीक्षण करें ताकि समय से कार्य को पूर्ण कराया जा सके। इसके साथ ही फ्लाई ओवर पर स्ट्रीट लाइट लगाने, शहरी क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं पर रोकथाम हेतु सीसीटीवी कैमरा लगाने, बस स्टैण्ड को शहर से हटाकर अन्य जगह स्थापित करने, डुमरिया घाट पुल के नीचे अपस्ट्रीम मे गाद की सफाई, शहर में जाम की समस्या, नप शहरी एवं नगर पंचायतों में साफ सफाई एवं लाइटिग की व्यवस्था, आइसीडीएस द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की वर्तमान स्थिति, जनवितरण प्रणाली, आधार कार्ड पंजीकरण, मनरेगा, नल जल योजना, जल जीवन हरियाली आदि विषयों गहन मंथन के साथ विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रुप से डीएम डॉ। नवल किशोर चैधरी, डीडीसी अभिषेक रंजन, अपर समाहर्ता सुनील कुमार, डीटीओ मनोज कुमार रजक, सदर एसडीएम डॉ। प्रदीप कुमार, हथुआ एसडीएम राकेश कुमार, वरीय उप समाहर्ता रूपा रानी, जिला कृषि पदाधिकारी भूपेन्द्र मणि त्रिपाठी, सीएस डॉ। विरेन्द्र प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी विनय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राज कुमार शर्मा, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रंजीत कुमार, सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

अगलगी की घटना में तीन दर्जन घर जले, वृद्ध की जिंदा जलकर मौत

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के कुचायकोट थाना खुटवनिया गांव में बुधवार की दोपहर अचानक आग लगने से तीन दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गए। आग लगने की इस घटना में एक वृद्ध व्यक्ति और लगभग एक दर्जन से अधिक पशुओं की जलकर मौत हो गई।

फायर ब्रिगेड कई टीमों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। वही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान घरभरन राम के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर अचानक एक

घर में आग लग गई और देखते ही देखते करीब 30 घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण घटना का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि घटना में युवा उम्र की महिला एवं पुरुष तो किसी तरह अपनी जान बचाकर आग की लपटों से निकल गए लेकिन 65 वर्षीय घरभरन राम की मौत घर के अंदर ही जलकर हो गई। आसपास के गांवों के लोगों का कहना था कि आग की ऐसी लपटें थी कि करीब एक किलोमीटर दूर तक आग की लपटें दिखाई दे रही थी।

घटना के संबंध में बताया गया है कि दोपहर में कडी धूप होने के कारण लोग अपने-अपने घरों में थे। इसी बीच अचानक एक घर में आग लगी और देखते ही देखते पूरे टोला के 30 घर जल कर खाक हो गए। सभी घर फूस का होने के कारण पूरे टोला को जलकर राख होने में कुछ ही समय लगा। कोई भी अपने घरों से एक भी सामान नहीं निकाल पाया। इतना ही नहीं घर के अंदर बांधकर रखे गए अपने पशु को भी निकालने का मौका किसी को नहीं मिल पाया। करीब एक दर्जन से भी अधिक पशुओं के जलने की आशंका जतायी गयी है। घटना की सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मृतक घरभरन राम के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं बीडीओ वैभव शुक्ला, सीओ सहित अन्य घटनास्थल पर पहुंचकर कागजी प्रक्रिया करते हुए पीड़ित परिवारों सहायता राशि दिलाने में जुट गए। मौके पर जीप के पूर्व अध्यक्ष मुकेश पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधी पीड़ित परिवारों की सहायता में तत्पर दिखे।

दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में आधा दर्जन लोग जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। जिले के भोरे थाना क्षेत्र के लामीचैर टोला बंधुछापर गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हुए हैं। घायलों में से एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसे पटना के एम्स में भर्ती कराया गया है।

वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर एक पक्ष के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि लामीचैर टोला बंधु छापर गांव निवासी शिवजी सिंह ने आरोप लगाया कि हमारे परिवार के आने जाने वाले रास्ते को मैनेजर सिंह के परिवार ने अवरुद्ध कर दिया था। जब वह इसका कारण पूछने गए, तो मैनेजर सिंह उनकी पत्नी मंजू देवी, पुत्र रंजीत कुमार सिंह और संदीप कुमार सिंह ने लाठी डंडा और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिसमें शिवजी सिंह सहित कुल तीन लोग घायल हुए। इसमें से अजय सिंह के सिर पर गंभीर चोट आई, जिन्हें तत्काल ही भोरे से गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने पटना के एम्स में भेज दिया। दूसरे पक्ष से मैनेजर सिंह की पत्नी मंजू देवी ने आरोप लगाया कि शिवजी सिंह और उनके परिवार के लोगों ने उनके दरवाजे पर शौच फेक दिया था। जब इसका कारण पूछने गए, तो शिवजी सिंह, बिंदा सिंह, विवेक सिंह और पुष्पा देवी लाठी डंडा से हमला कर दिया। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल ही भोरे अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज में चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने मैनेजर सिंह, रंजीत कुमार सिंह और संदीप कुमार सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मीरगंज में हथियार के बल पर भाजपा नेता की दुकान से 45 हजार की लूट

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। जिले के मीरगंज शहर में बेखौफ बदमाशों ने बुधवार की सुबह भाजपा नेता की दुकान से हथियार के बल पर 45 हजार पांच सौ रुपए नगद लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ गई। मामले में भाजपा नेता व दुकानदार ऋषि वासु के सेल्स मैनेजर गोलू कुमार ने मीरगंज थाने में लिखित शिकायत की है। बताया जाता है कि बुधवार को मीरगंज थाना क्षेत्र के मीरगंज पावर हाउस के समीप गोपालगंज -मीरगंज मुख्य मार्ग पर स्थित ऋषि कलर एंड कंपनी नामक दुकान में एक बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने सेल्स मैनेजर गोलू कुमार के कनपटी पर पिस्टल सटा दिया और 45 हजार पांच सौ रुपए नगद लूटकर गोपालगंज की ओर फरार हो गए। लूट से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई ।बदमाश लूट के बाद सीसीटीवी का हार्ड डिस्क भी लेते गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची मीरगंज थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पीड़ित दुकानदार व भाजपा नेता ऋषि वासु ने बताया कि सुबह में सात बजे के करीब सेल्स मैनेजर गोलू कुमार ने दुकान खोली और काउंटर पर बैठकर काम में लग

गए। तभी एक बाइक पर तीन बदमाश आए और दो बदमाश दुकान के अंदर घुस गए। एक बदमाश मैनेजर के कनपटी पर पिस्टल सटाकर जान से मारने की धमकी दी और गल्ला में रखे कैश लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि बदमाशों ने बिक्री के 45 हजार पांच सौ रुपए नकद की लूट की है। बदमाशों के जाने के बाद जब शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हुए लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे ।मीरगंज थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि मामले कि जांच पुलिस कर रही हैद्य जांच में पता चला है कि तीनों बदमाश मुंह पर मास्क व हेलमेट पहन रखे थेद्य पुलिस आसपास की सीसीटीवी को खंगाल रही हैद्य इधर घटना की सूचना के बाद पूर्व मंत्री रामसेवक सिंह व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह मौके पर पहुंच कर पीड़ित दुकानदार व भाजपा नेता से बात कर पूरी जानकारी ली।

आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । इसुआपुर थाना क्षेत्र के डटरा पुरसौली गांव में बुधवार को लगी भीषण आगलगी में लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गई। जिसमें मोटर साइकिल, साइकिल, गेहूं, भूसा, जेवरात व अन्य सामान जल गए। अगलगी से पीड़ित रामलाल राय ने बताया कि उनके अलावा दीनदयाल राय, मनोज राय, दीनानाथ राय, सनोज राय, काशीनाथ राय, विपिन राय, सिकंदर राय के घरों में रखें मोटरसाइकिल, साइकिल, 75 क्विंटल गेहूं 15 भूसा समेत बेढ़ी, जेवरात, खेत के दस्तावेज, वाहनों के कागजात, अनाज तथा घर में रखें

सभी सामान जलकर राख हो गए। आम लीची जैसे फलदार पेड़ समेत 50 से अधिक वृक्ष भी जल गए। स्थानीय पंचायत के मुखिया अजय राय ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड के पदाधिकारियों, स्थानीय थानाध्यक्ष ,तथा अंचलाधिकारी को दी। जिसके बाद सूचना के 20 मिनट के अंदर मढ़ौरा से फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटनास्थल पहुंची। वहीं ग्रामीणों के सहयोग व अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। मुखिया अजय राय स्वयं अपने सहयोगियों के साथ घंटों आग बुझाने में लगे हुए थे।

हिंदी साहित्य सम्मेलन में साहित्यकार को किया गया सम्मानित

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन में गोपालगंज जिला के युवा कवि पप्पू मिश्र ह्लपुष्पह्ल को सम्मानित किए जाने से साहित्य प्रेमियों में खुशी की लहर है। मीरगंज शहर के नरइनिया गांव निवासी व डॉ राजेंद्र प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक पप्पू मिश्र पुष्प को हिंदी भाषा एवं साहित्य की उन्नति में अपने मूल्यवान समय देने पर बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के 42 वां अधिवेशन में इनको मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष अवध बिहारी चैधरी, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सी पी ठाकुर, बिहार सरकार के मंत्री संजय पासवान, संगीत नाटक

अकादमी के पूर्व अध्यक्ष अध्यक्ष डॉ (प्रो) शंकर प्रसाद, प्रसिद्ध कवि सत्यनारायण आदि गणमान्यों की मौजूदगी में इनको अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पत्रकार, शिक्षक व युवा कवि को मिली इस उपलब्धि से जिले भर के साहित्य प्रेमियों ने इनको बधाई दिया है। जिसमें गोपेश्वर कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ (प्रो) ब्रह्मदेव मण्डल, डॉ सीपी सिंह, कवित्री डॉ नीलाम श्रीवास्तव, कवि प्रो सरफुद्दीन सर्फ, प्रो मोहन लाल, संजय मिश्र संजय डॉ सुबोध कुमार, पर्यावरण मित्र डॉ सत्य प्रकाश, आशुतोष पाण्डेय, वैद्यनाथ पूरी, नागेन्द्र तिवारी, डॉ राम विष्णु प्रसाद, डॉ फिरोज आलम, साई सेवा संस्था के अध्यक्ष सरोज कुमार उर्फ रिंकू, डॉ नीरज कुमार, नागेन्द्र मिश्र, रत्नाकर राय, अधिवक्ता शैलेन्द्र प्रताप शाही, डॉ आलोक कुमार पाण्डेय सहित तमाम लोगों ने युवा साहित्यकार को बधाई दिया है। इसके साथ ही कवि को कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

जेपीयू द्वारा की जा रही लापरवाही को ले साथ में राजपाल व सीएम को लिखा पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । जयप्रकाश विश्वविद्यालय की लापरवाही के कारण स्नातकोत्तर के छात्र रजिस्ट्रेशन और सेशन गड़बड़ी को लेकर पिछले एक साल से दौड़ते-दौड़ते परेशान हैं, लेकिन अब तक विश्वविद्यालय स्तर से इसमें सुधार नहीं किया जा सका हैं,मामला रामजयपाल महाविद्यालय से संबंधित है। मोहम्मद अब्दुल्ला नामक छात्र ने इस संबंध में राजपाल एवं मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इस दिशा में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद अब्दुल्ला ने 2013 में एम. ए. में नामांकन कराया था जिसका रौल नंबर 237 हैं, और 2017 में फाइनल रिजल्ट भी आ गया, जिसका रौल नंबर 1407489 हैं।

परेशान छात्र अब्दुल्लाह ने बताया कि राम जयपाल महाविद्यालय द्वारा पंजीयन व सत्र सुधार के लिए 14 मई 2022 को कुलसचिव के नाम पत्र निर्गत किया था, जिसे 24 मई 2022 को विश्वविद्यालय में जमा हुआ है। लेकिन आज तक इस दिशा में विश्वविद्यालय स्तर पर इसमें कोई सुधार नहीं किया गया, फलस्वरूप छात्र दौड़ते- दौड़ते परेशान हैं। इससे संबंधित पत्र कुलपति को भी 6 माह पहले दिया जा चुका है। छात्रों का पंजीयन और सत्र सुधार नहीं होने से मार्कशीट निर्गत नहीं हो पा रहा है, ऐसी परिस्थिति में बेरोजगार आवेदन नौकरी के लिए आवेदनकरने से भी वंचित हो रहे हैं। विश्वविद्यालय की लचर व्यवस्था से परेशान छात्र ने महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री बिहार को पत्र भेजकर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। फिलहाल प छात्र विश्वविद्यालय का चक्कर लगाकर थक चुके हैं, और आला अधिकारियों से गुहार लगाई है अब देखना है कि विश्वविद्यालय इस दिशा में कौन सा कदम उठा रही है।

चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी : अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । भारतीय जनता पार्टी के जिला अधिकारियों की बैठक जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न जिला पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हर बूथ पर भाजपा के को जिताने के लिए कृत संकल्पित है इसके लिए कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों से तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि भाजपा बूथ स्तर तक काम करती है एवं समाज के हर वर्ग के हित एवं समाज के पिछले पंक्ति के व्यक्ति को भी मुख्यधारा में लाने का काम करती है देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में चौमुखी विकास की धारा बह रही है इस बार लोकसभा के साथ-साथ बिहार में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने और जब तक सरकार नहीं बन जाती तब तक विश्राम नहीं है उन्होंने बैठक में आगामी कार्यक्रमों की भी चर्चा की आज कि इस बैठक में जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह के साथ पूर्व अध्यक्ष एवं गोपालगंज के प्रभारी अशोक कुमार सिंह, रमेश प्रसाद ,उपाध्यक्ष अनु सिंह, तारा देवी , चैतेंद्नाथ नाथ सिंह, मनोज गिरी, गायत्री देवी, क्षेत्रीय प्रभारी मनोज पांडे, महामंत्री विवेक कुमार सिंह ,धर्मेंद्र साह, शत्रुघ्न भगत, जिला मंत्री सत्यानंद सिंह, अर्जुन सिंह, सुमन देवी, राजेश कुमार सिंह, अर्धदु शेखर, रंजन यादव, कोषाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, शैलेश कुमार गुप्ता,मीडिया प्रभारी संजय सिंह ,बलवंत सिंह, प्रवक्ता विनीत कुमार उर्फ गुड्डू चौधरी, किसान मोर्चा अध्यक्ष बबलू मिश्रा ,महिला मोर्चा अध्यक्ष पूजा शर्मा, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष दयानंद उर्फ पप्पू चौहान, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष कृष्णा राम, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अंगद कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिला स्तरीय विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिला स्तरीय विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद राजीव प्रताप रूडी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागर में आहूत की गई ।बैठक में सर्वप्रथम पूर्व में विगत18 नवम्बर को संपन्न जिला स्तरीय विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की कार्यवाही का अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने पंचायती राज विभाग के पोर्टल पर विभाग के सभी अद्यतन योजनाओं को प्रगति प्रतिवेदन के साथ अपलोड करने का निदेश जिला पंचायती राज पदाधिकारी सारण को दिया। पंचायत सरकार भवन के निमाणीपरांत उनकी पूरी तरह कार्यरत होने के लिए सभी

आवश्यक पहल करने का भी निर्देश जिला पंचायती राज पदाधिकारी को दिया गया। इस संबंध में दिशा के सचिव- सह-जिला पदाधिकारी अमन समीर ने बताया कि वे स्वयं सभी प्रखंडों का भ्रमण कर स्थानीय सभी जनप्रतिनिधियों से वार्ता कर पंचायत सरकार भवन को पूरी तरह फंक्शनल बनाने की दिशा में पहल करेंगे। सरकार के विभिन्न विभागों को आवश्यकतानुसार निर्माण हेतु सरकारी जमीन की कमी अब नही रहेगी। इसके लिए अंचलवार सरकारी भूमि को चिन्हित कर भूमि का डाटावेस तैयार करवाने की प्रक्रिया प्रारंभ किये जाने की जानकारी जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा दी गई। तत्पश्चात आवश्यकतानुसार विभागों को निर्माण कार्य हेतु आवंटित किया जा सकेगा। जल-जीवन-हरियाली कार्यक्रम के तहत सभी अतिक्रमित तालाबों को शीघ्र ही अतिक्रमण से मुक्त करा लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत लगातार मिल रही विभिन्न तरह की शिकायतों को देखते हुए जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा प्राथमिकता के तौर पर प्रत्येक प्रखंड के किन्ही तीन पंचायतों के सभी वार्डो में जल नल योजना की विस्तृत जाँच करवाई जाएगी। तत्पश्चात दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जल नल योजना के तहत लिए गए विद्युत कनेक्शन के बकाया विधुत विपत्र के राशि के भुगतान हेतु आवंटन प्राप्त होने की जानकारी पंचायती राज पदाधिकारी के द्वारा दी गयी। अध्यक्ष के द्वारा जिले में प्रमुख सड़कों के किनारे सरकारी वृक्षों की अवैध कटाई का मुदा स्वयं उठाया गया। तत्काल आज ही इसकी जाँच कराकर प्रतिवेदन देने का निदेश दिया गया। मनरेगा के तहत सोख्ता के निर्माण हेतु सूची विधायकगणों से प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई जिला प्रोग्राम पदाधिकारी मनरेगा करेंगे। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आई.सी.डी.एस. सारण के द्वारा जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना के तहत जिला को मिले।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष के आवास पर आयोजित समारोह में कई मंत्री हुए शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । कांग्रेस के जिला अध्यक्ष व पुराने कांग्रेसी प्रोफेसर डॉ कामेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ विद्वानजी के सलेमपुर स्थित आवास पर उनके नाती ज्योतिरादित्य के उपनयन संस्कार समारोह के अवसर पर सूबे के कई मंत्री सहित नेताओं का जमावड़ा लगा रहा। बुधवार को सलेमपुर स्थित आवास पर शुभ उपनयन संस्कार के अवसर पर बिहार सरकार के भवन

निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, सूबे के कला संस्कृति एवं युवा मंत्री जितेंद्र राय सहित महागठबंधन के अनेकों नेता शामिल हुए। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ कामेश्वर प्रसाद सिंह ने भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी एवं स्थानीय विधायक सह मंत्री जितेंद्र राय को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुराने कांग्रेसी सहित कांग्रेस कार्यकताओं एवं महागठबंधन के नेता भी शामिल हुए। इस अवसर पर जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह, जदयू के वरिष्ठ नेता वैद्यनाथ सिंह विकल, कांग्रेस नेता मनोज सिंह भारद्वाज, डॉ शंकर चौधरी के अलावे बड़ी संख्या में शिक्षाविद् और शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सम्पादकीय

छात्रों पर मानसिक दबाव कम करने के उपाय

व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण चीज है, लेकिन आजकल अच्छे नंबर लाने का बहुत दबाव है। छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा कठिन होती जा रही है। ऐसे में छात्रों के दबाव को कम करने के लिए कुछ कदम उठाने की जरूरत है। सबसे पहले जब बच्चे स्कूल जाते हैं तो माता-पिता उनसे अच्छे रिजल्ट की उम्मीद करते हैं। स्कूलों से वापस आने के बाद, उन्हें निजी शिक्षण कक्षाओं में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्हें फुर्सत ही नहीं मिलती। इसी तरह विश्वविद्यालयों में सीटों की संख्या कम होने के कारण छात्रों को प्रवेश पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है और कड़ी प्रतिस्पर्धा से गुजरना पड़ता है। इससे छात्रों पर भारी दबाव भी पड़ता है। इसके अलावा, यह छात्रों के लिए बिल्कुल भी फायदेमंद नहीं है। जब पढ़ाई और प्रतियोगिता का दबाव बढ़ता है तो इसका प्रभाव छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। इस दबाव को कम करने के लिए माता-पिता को यह समझना चाहिए कि उनके बच्चे भी अवकाश के समय के हकदार हैं। प्रतियोगिता को कम करने के लिए अधिक विश्वविद्यालयों का भी निर्माण किया जाना चाहिए। स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव छात्रों में तनाव और चिंता को बढ़ाता है जिससे शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक स्वास्थ्य खराब होता है। छात्र उच्च ग्रेड और अकादमिक सफलता प्राप्त करने के लिए अपने माता-पिता, स्कूल, शिक्षकों, समाज या खुद से दबाव महसूस कर सकते हैं। हमारे छात्रों में तनाव और चिंता के लक्षणों को पहचानना, व्यावहारिक मुकाबला करने के कौशल विकसित करने में उनकी मदद करना, माता-पिता के साथ साझेदारी में काम करना, संतुलन के महत्व को मजबूत करना और यथार्थवादी अपेक्षाएं स्थापित करना सभी सहायक दृष्टिकोण हैं जो स्कूल उन छात्रों का समर्थन करने के लिए अपना सकते हैं जो ऐसा करने का दबाव महसूस करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिनों अपने वार्षिक परीक्षा पे चर्चा के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने भी कहा कि विद्यार्थियों के लिए परीक्षा एकमात्र पड़ाव है, तनाव नहीं, इसलिए विद्यार्थियों को परीक्षा के दिनों को मानसिक दबाव के रूप में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि वे बच्चों पर अंकों को लेकर दबाव न बनाएं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने भी हाल ही में एग्जाम वॉरियर्स में बच्चों को प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं माता-पिता से आग्रह करता हूं कि वे अपने बच्चों पर दबाव न डालें। लेकिन साथ ही, छात्रों को भी अपनी क्षमताओं को कम नहीं आंकना चाहिए। उन्होंने कहा, परिवार के सदस्यों की बहुत सारी उम्मीदें होना बहुत स्वाभाविक है और इसमें कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन अगर सामाजिक स्थिति के कारण परिवार के सदस्यों को ये उम्मीदें हैं तो यह चिंता का विषय है। पीएम मोदी ने कहा, जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं, उनका जीवन निश्चित रूप से धन्य होता है, रंगों से भरा जीवन। आपके और आपके साथियों के बीच परीक्षा में 2-3 अंकों का अंतर लंबे समय में जीवन में मायने नहीं रखता। जो समर्पित हैं वे निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करेंगे। पीएम मोदी ने अपने सत्र के दौरान कहा, आलोचना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भविष्य को बढ़ाने और आकार देने में मदद करती है। माता-पिता आलोचना नहीं करते, वे बाधित करते हैं। उन्हें अपने बच्चों को बीच में रोकना चाहिए।

सामान्य जीवन का अंतिम दशक

अनुज अग्रवाल

बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि अपना काम करके जा चुकी है और किसान व फल-सब्जी उत्पादक बस चुपचाप बबार्दी की दास्ताँ देख रहा है। हर दो-तीन महीने में बदलने वाले मौसम ने पिछले तीन वर्षों में इतनी करवटें ली है जिसका कोई पैटर्न ही नहीं नजर आ रहा। मौसम के बदलाव अब हर सप्ताह हो जाते हैं। लोग जाड़ा, गर्मी और बरसात सब एक साथ झेल रहे हैं। मगर मौसम विभाग अभी भी पुराने मॉडल पर भविष्यवाणी कर अपनी बेइज्जती करवाने से नहीं चूकता। जीवाश्म ईंधनों के बढ़ते अतिशय प्रयोग व पेट्रोलियम व रासायनिक पदार्थों से बने उत्पाद (प्लास्टिक, सिंथेटिक कपड़े, रासायनिक खाद, कीटनाशक आदि) से निकली मीथेन व कार्बन डाइऑक्साइड आदि गैसों ने धरती के हजारो साल से बने बनाए संतुलन को बिगाड़ दिया है और पृथ्वी का तापमान 1.5 डिग्री से लेकर 2.5 डिग्री तक बढ़ने के करीब है। तीस हजार बर्षों से मानव एक स्थिर वायुमंडल में जी रहा था जिसको पिछले तीन दशकों के विकास ने पूरी तरह बिखेर दिया है। शायद यह आखिरी दशक हो जिसको हम जैसे तैसे ठीक से जी भी पाएँ। हालाँकि इसकी शुरूआत दो सदी पहले ही प्रारंभ हो गई थी। यह बहुत खराब है क्योंकि हमारा शरीर नए व तीव्र बदलावों के लिए तैयार नहीं। लाखों जीव-जंतु व वनस्पतियों की प्रजातियां तो नष्ट भी हो चुकी हैं। अब मानव जीवन का अस्तित्व भी दाँव पर है। सरकारे और नीतिकार जो बाजार और जीडीपी को ही हर समस्या का समाधान मान बैठे है, वे भी इस न्यू नार्मल स्थितियों का सही आकलन नहीं कर पा रहे। हाँ यथाशीघ्र नीतियों, योजनाओं व जीवन शैली में क्रांतिकारी परिवर्तन होने चाहिए इस पर सब सहमत हैं किंतु एक दूसरे पर दोषारोपण कर उसी पुराने ढर्रे पर चल निकलते हैं क्योकि जिन बड़े बदलावों को करना होगा उसके लिए जनमानस को तैयार करने व नया तंत्र बनाने की इच्छा शक्ति किसी के भी पास नहीं।

चुनौती, कार्य योजना व वास्तविक क्रियान्वयन

1) यूएन (यूनाइटेड नेशन) व वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम का लक्ष्य जीवाश्म ईंधनों (पेट्रोल, डीजल, गैस, कोयला) व मांसाहार का प्रयोग पूर्णता समाप्त करना। सभी देशों का संकल्प सन 2070 तक जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य। व्यवहार में दुनिया में जीवाश्म ईंधनों व इनसे बने पदार्थों का उपयोग हर वर्ष 5-10 फीसदी तक बढ़ रहा है।

2) यूएन का लक्ष्य ग्रीन एनर्जी व इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा। दुनिया में अभी 10 फीसदी ही ग्रीन एनर्जी का प्रयोग। जितनी मात्रा में ग्रीन एनर्जी व इलेक्ट्रिक व्हीकल का प्रयोग बढ़ रहा है उसी अनुपात में पेट्रोलियम पदार्थों व उन पर आधारित वाहनों की बिक्री भी बढ़ रही है।

3)यूएन (यूनाइटेड नेशन) का लक्ष्य पूरी दुनिया में खेती को कारपोरेट सेक्टर के हवाले करना क्योंकि छोटे किसान गलत तरीके से खेती करते हैं जो ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाता है। जहां जहां कृषि सुधार लागू किए गए वहाँ वहाँ व्यापक विरोध। वास्तविक धरातल पर यह बढ़ा चुनावी मुद्दा व खेती से हटे लोगों को वैकल्पिक रोजगार देने में मुश्किलें।

4) यूएन का लक्ष्य मांसाहार व दुग्ध पदार्थों पर नियंत्रण व सन 2030 तक इसमें 30 फीसदी तक कमी लाना। मांसाहार, दूध व उनसे बने उत्पादों के दुष्प्रभाव के विरुद्ध जन अभियान चलाना व लोगों को ह्लवीजनह्व बनाना। लगातार बदलते मौसम के कारण अनाज उत्पादन में कमी होती जा रही है। चूँकि अभी भी अनाज का उत्पादन मानवीय आवश्यकता से बहुत अधिक हो रहा है इस कारण स्थितियाँ संभाल ली जा रही हैं। किंतु सप्लाई चेन बिगड़ने व विदेशी मुद्रा की कमी के कारण अनेक राष्ट्र भुखमरी का शिकार हो रहे हैं। विपरीत परिस्थितियों में भी अधिक उत्पादन के लिए जो नए बीज बनाए जा रहे हैं वे अपेक्षा के अनुरूप सफल नहीं हो रहे हैं। संकर फसलों से उत्पाद की गुणवत्ता भी गिरती जा रही है। अब पशुपालन (गाय, भैंस, सूअर, मुर्गी, मछली आदि) को कम करने की योजना पर काम चल रहा है। ये सारे बदलाव भीषण बेरोजगारी को भी जन्म दे रहे हैं।

5) यूएन का लक्ष्य ऐसी तकनीक, जीवन शैली व उपायों को अपनाना जिनसे कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण हो सके। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा प्रेरित वर्क फ्रॉम होम, एआई व डिजिटलीकरण पर आधारित चौथी औद्योगिक क्रांति को बढ़ाना। नई तकनीक के महँगा होने, कुशल विशेषज्ञों की कमी व विस्तार से रोजगार पर संकट की समस्या।

जीवाश्म ईंधनों के प्रयोग से हो रही ग्लोबल वार्मिंग के कारण जिन जलवायु परिवर्तनों का हम सामना कर रहे हैं उन्होंने मानव जीवन को बिखेरना शुरू कर दिया है-1) अतिवृष्टि व अनावृष्टि अब आम बात है। हम निरंतर तूफान, बाढ़, सूखे, चक्रवात, जंगलों में आग व भूकंप आदि का सामना कर रहे हैं और इन सभी चुनौतियों की निरंतरता बढ़ रही है। इस कारण व्यापक जन धन, संसाधन व कृषि उपज के नष्ट हो जाने से करोड़ों लोगों के जीवन यापन व विस्थापन का संकट आ खड़ा हुआ है। सरकार के आपदा प्रबंधन खर्च बढ़ते जा रहे हैं व आधारभूत ढाँचे को चोट पहुँच रही है। हर रोज यह चुनौती बढ़ती ही जानी है। रासायनिक खेती से बढ़ रही बीमारियों व मिट्टी की गुणवत्ता व उत्पादकता में कमी होती जाने के कारण दुनिया जैविक कृषि की ओर बढ़ रही है मगर जैविक कृषि से खाद व कीटनाशक कंपनियां बर्बाद हो जाएगी और बेरोजगारी बढ़ेगी। 2)बढ़ता तापमान व नई जीवन शैली विविध बीमारियों, मानसिक रोगों व महामारियों की वजह बनता जा रहा है। जिससे निकट भविष्य में करोड़ों लोगों को व्यापक परेशानी, आर्थिक तंगी से लेकर जान से हाथ धो बैठने तक की नौबत आ सकती है।

भारतीय रेल की बढ़ती कमाई का एक पहलू यह भी

भारतीय रेल अपने लगभग 65,000 किलोमीटर से भी लंबे रेल नेटवर्क पर इस समय लगभग 12200, यात्री ट्रेनें संचालित करता है। औसतन 2030 मेल एक्सप्रेस ट्रेंस यात्रियों को उनके गंतव्य तक प्रतिदिन पहुंचती हैं। इस समय देश में लगभग 8,300 रेलवे स्टेशन हैं। एक अनुमान के मुताबिक भारतीय रेल से प्रतिदिनलगभग दो करोड़ तीस लाख यात्री सफर करते हैं हालांकि कोविड-19 के बाद यह संख्या थोड़ी कम भी हुई है। गौरतलब है कि भारतीय रेल ने वर्ष 2050 तक की यातायात आवश्यकताओं को पूरा करने व 2030 तक बुनियादी ढांचे को विकसित करने की गरज से राष्ट्रीय रेल योजना (एनआरपी) 2030 तैयार की है। इससे रेलवे की आय में और अधिक वृद्धि हो सकेगी। इसके अलावा रेलवे स्टेशंस के विकास व आधुनिकीकरण पर भी काम किया जा रहा है। नई रेल लाइंस बिछाई जा रही हैं। देश के जिन अनेक क्षेत्रों से अब तक रेल सम्पर्क स्थापित नहीं हो सका था उन्हें भी रेल के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

निर्मल रानी

लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

प्रतिदिन सबसे अधिक रेल यात्रियों को सफर कराने के लिहाज से भारतीय रेल दुनिया के पहले व माल ढुलाई के हिसाब से दुनिया के पांच सबसे बड़े रेल नेटवर्क में चौथे नंबर पर है। भारतीय रेल अपने लगभग 65,000 किलोमीटर से भी लंबे रेल नेटवर्क पर इस समय लगभग 12200, यात्री ट्रेनें संचालित करता है। औसतन 2030 मेल एक्सप्रेस ट्रेंस यात्रियों को उनके गंतव्य तक प्रतिदिन पहुंचती हैं। इस समय देश में लगभग 8,300 रेलवे स्टेशन हैं। एक अनुमान के मुताबिक भारतीय रेल से प्रतिदिनलगभग दो करोड़ तीस लाख यात्री सफर करते हैं हालांकि कोविड-19 के बाद यह संख्या थोड़ी कम भी हुई है। गौरतलब है कि भारतीय रेल ने वर्ष 2050 तक की यातायात आवश्यकताओं को पूरा करने व 2030 तक बुनियादी ढांचे को विकसित करने की गरज से राष्ट्रीय रेल योजना (एनआरपी) 2030 तैयार की है। इससे रेलवे की आय में और अधिक वृद्धि हो सकेगी।

इसके अलावा रेलवे स्टेशंस के विकास व आधुनिकीकरण पर भी काम किया जा रहा है। नई रेल लाइंस बिछाई जा रही हैं। देश के जिन अनेक क्षेत्रों से अब तक रेल सम्पर्क स्थापित नहीं हो सका था उन्हें भी रेल के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय रेल की अब तक की सबसे तेज चलने वाली ट्रेन वंदे भारत ट्रेंस परिचालित की जा रही हैं। जिनकी अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटे की है। इसे शताब्दी व राजधानी जैसी अब तक की सबसे तेज गति वाली ट्रेंस के विकल्प के तौर पर माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त रेलवे विद्युतीकरण, लोकोमोटिव और ट्रेनों की ऊर्जा दक्षता में सुधार के साथ स्थाई उपकरणों और प्रतिष्ठानों व रेल स्टेशंस के लिए हरित प्रमाणन प्राप्त करने, डिब्बों में जैव शौचालय बनाए जाने तथा अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीकरणीय स्त्रोतों पर निर्भरता तथा शून्य कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करना आदि के क्षेत्र में भी भारतीय रेल तेज गति से काम कर रहा है।

जाहिर है रेल के विकास व आधुनिकीकरण पर हो रहे भारी भरकम खर्च के बीच भारतीय रेल द्वारा राजस्व की कमाई का कीर्तिमान स्थापित करने का समाचार भी काफी सुखद है। रेल विभाग के अनुसार 2022-23 में उसने अपनी आय में कीर्तिमान स्थापित करते हुये 2.40 लाख करोड़ रुपए की कमाई यात्रियों के किराये व माल भाड़े की ढुलाई के माध्यम से की। रेलवे की इस वर्ष की गयी 49000 करोड़ की कमाई से रेल रेवेन्यू में लगभग 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी। कोरोना काल के बाद रेल कमाई में रेवेन्यू की यह अप्रत्याशित बढ़ोतरी बताई जा रही है। इस कीर्तमान स्थापित करने वाली कमाई में केवल रेल पैसेंजर के किराये से ही 61 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जिसके कारण कुल आय 63,300 करोड़ तक पहुँच सकी। जबकि माल भाड़े की ढुलाई से 1.62 लाख करोड़ रुपए कमाये गये जोकि कुल बढ़ोतरी का केवल 15 प्रतिशत है। 2021-22 में यात्री किराये से होने वाली जो आय 39,214 करोड़ थी वह 22-23 में बढ़कर 63,300 करोड़ तक पहुँच गयी। अर्थात 61 प्रतिशत तक बढ़ी। रेलवे ने इस बढ़ती आय को रेलवे की बढ़ती लोकप्रियता के रूप में भी परिभाषित किया है।

बढ़ती जनसँख्या के अनुसार रेल यात्रियों की दिनोंदिन होती बढ़ोतरी तथा बेरोजगारी के वर्तमान दौर में युवाओं का रोजगार के लिये इधर उधर निरंतर आते जाते रहना रेल यात्रियों की बढ़ती संख्या व रेल आय में बढ़ोतरी का एक कारण तो है ही। साथ ही रेलवे ने कमाई के कुछ ऐसे तरीके भी अपना रखे हैं जिनसे रेल यात्रियों की जेब ढीली कर रेल अपनी आय की बढ़ोतरी में जोड़ रही है। उदाहरण के तौर पर कोरोना काल में कई ट्रेन्स को स्पेशल ट्रेन का नाम देकर उनके किरायों में वृद्धि कर दी गयी। अब कॉरोनाकाल भी समाप्त हो चुका है और भारतीय रेल अपनी पूरी क्षमता के साथ राष्ट्रीय स्तर पर रेल परिचालन भी कर रहा है। परन्तु स्पेशल का टैग अभी भी तमाम गाड़ियों से नहीं हटाया गया है। और बढ़ा हुआ किराया यात्रियों से धड़ल्ले से वसूला जा रहा है। हद तो यह है कि तमाम लोकल डेमू व एमु ट्रेन जिनसे रोजाना करोड़ों कामगार यात्रा करते हैं उनको भी सपेशल व एक्सप्रेस ट्रेन का नाम देकर किरायों में तीन गुना तक की वृद्धि कर दी गयी है। यानी जिन यात्रियों को कोरोना काल पूर्व दस रुपये किराया देना होता था उन्हीं से अब उसी गंतव्य का तीस रुपये वसूला जा रहा है। धन उगाही की आखिर यह कौन सी रणनीति है?

इसी तरह कोरोना के बहाने सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में मिलने वाले 50 प्रतिशत तक की छूट को समाप्त कर इस कमाई को भी अपनी कीर्तिमान स्थापित करने वाली आय के साधन के रूप में जोड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार 2022-23 के दौरान पुरुष वरिष्ठ नागरिकों से 2,891 करोड़ रुपए की कमाई हुई जबकि महिला वरिष्ठ नागरिकों से 2,169 करोड़ रुपए वसूले गये। जबकि देश के कोने कोने से असहाय वरिष्ठ नागरिकों द्वारा बार बार इस छूट को बहाल करने की मांग भी की गयी। परन्तु असंगठित वर्ग होने के नाते तथा वरिष्ठ नागरिकों का वोट बैंक न होने की वजह से सरकार के कान पर जुआं तक नहीं रेंग रही है। सरकार जानती है कि देश के वरिष्ठ नागरिकों के पास न तो किसानों जैसी ताकत व एकता है न ही युवाओं व छात्रों जैसी ताकत जो जंतर मंतर पर बैठकर उनको किराये में दी जाने वाली छूट को सरकार से बहाल करा सकें। कहना गलत नहीं होगा कि भारतीय रेल की बढ़ती कमाई में स्पेशल ट्रेंस के नाम पर, पैसेंजर ट्रेन को स्पेशल या एक्सप्रेस ट्रेन बताकर और वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में मिलने वाली छूट को समाप्त कर रेल विभाग द्वारा कमाई में कीर्तिमान के दावे करना कम से कम नैतिकता पूर्ण

पत्रकार भावना किशोर के साथ जो कुछ हुआ उसने समाज को झकझोर कर रख दिया है

ये दोनों घटनाएं ऊंचे ओहदों पर बैठे अधिकारियों द्वारा न सिर्फ नाहक आपा खोकर की गई अमानवीय हरकत है, बल्कि यह कानूनन अपराध के दायरे में भी आता है। जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों के द्वारा नारी से अभद्र एवं अपमान करने एवं अमानवीय घटनाओं का होना प्रशासनिक ढांचे एवं उसकी संरचना पर अनेक सवाल खड़े करता है। प्रश्न है कि क्यों भूल रहे हैं ऐसे लोग अपनी मयार्दाएं। नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करते हुए समाज में ऐसी नारी अपमान एवं अत्याचार की घटनाओं का कायम रहना दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। दिल्ली के जिस नर्सिंग कॉलेज में चोरी करने का आरोप लगाते हुए दो छात्राओं के साथ अवांछित व्यवहार की क्रूर एवं आपत्तिजनक घटना सामने आई है।

ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

दिल्ली के एक नर्सिंग कॉलेज में दो छात्राओं के साथ हो या पंजाब पुलिस द्वारा टाइम्स नाऊ- नवभारत टाइम्स की पत्रकार भावना किशोर को बदले की भावना से हिरासत में लेने की अवांछित घटनाएं नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की शर्मसार करने वाली घटनाएं हैं। ये दोनों घटनाएं ऊंचे ओहदों पर बैठे अधिकारियों द्वारा न सिर्फ नाहक आपा खोकर की गई अमानवीय हरकत है, बल्कि यह कानूनन अपराध के दायरे में भी आता है। जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों के द्वारा नारी से अभद्र एवं अपमान करने एवं अमानवीय घटनाओं का होना प्रशासनिक ढांचे एवं उसकी संरचना पर अनेक सवाल खड़े करता है। प्रश्न है कि क्यों भूल रहे हैं ऐसे लोग अपनी मयार्दाएं। नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करते हुए समाज में ऐसी नारी अपमान एवं अत्याचार की घटनाओं का कायम रहना दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है।

दिल्ली के जिस नर्सिंग कॉलेज में चोरी करने का आरोप लगाते हुए दो छात्राओं के साथ अवांछित व्यवहार की क्रूर एवं आपत्तिजनक घटना सामने आई है, वह बेहद चिन्ताजनक है। इससे पता चलता है कि किसी संस्थान में जिम्मेदारी वाले पद पर होने के बावजूद कोई व्यक्ति कैसे अपनी मयार्दाओं एवं जिम्मेदारियों को भूल जाता है और इस क्रम में वह किसी महिला के सम्मान को गहरी चोट पहुंचाता है। हालांकि दोनों के पास से कोई पैसा नहीं मिला।

सवाल है कि पैसा चोरी होने के बाद अगर वार्डन को कोई शक था भी, तो उसे खुद कानून हाथ में लेने का क्या अधिकार था? फिर, जैसा बर्ताव छात्राओं के साथ किया गया, क्या वह किसी भी रूप में शक को दूर करने की कोशिश लगती है? निश्चित रूप से यह न केवल स्त्री की गरिमा के विरुद्ध है, बल्कि ऐसे व्यक्ति के उस सामंती ढांचे को भी दशार्ता है, जो पद की अकड़ में किसी के खिलाफ अवांछित व्यवहार कर बैठता है। जो हमारे समूचे परिवेश एवं सांस्कृतिक सोच पर एक बदनुमा दाग है। सच यह है कि हड़बड़ी या फिर पद के नाहक अहं में आकर लड़कियों के कपड़े उतरवाए गए और इस तरह उन्हें अपमानित किया गया। अगर चोरी हुई भी, तो इसकी शिकायत पुलिस के पास की जा सकती थी। लेकिन वार्डन ने स्वयं को सर्वेसर्वा मानकर जो बर्ताव किया, वह कानून को तो ताक पर रखता ही है, हमारी मयार्दा, शालीनता, संस्कार एवं महिलाओं के प्रति सम्मानजनक नजरिये की धज्जियां भी उड़ाता है। इस तरह की घटनाओं की रह-रह की पुनरावृत्ति होना गंभीर चिन्ता का विषय है।

भले ही घटना हो जाने के बाद पीड़ित छात्राएं और उनके अभिभावकों की शिकायत के बाद इस मसले पर वार्डन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और अब उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी, लेकिन एक बड़ा प्रश्न है कि ऐसी घटनाएं कब तक समाज की गरिमा को क्षत-विक्षत करती रहेंगी। हैरानी की बात है कि समाज के जिस तबके के बारे में शिक्षित होने और किसी संस्थान के सभ्य आचार संहिता से संचालित होने की उम्मीद की जाती है, अक्सर उसी की ओर से ऐसी हरकतें सामने आती हैं, जिसमें आज भी सामंती मूल्य एवं पुरुषवादी संकीर्ण सोच बनी हुई हैं और उसे कानून की परवाह नहीं है।

सुप्रसिद्ध समाजशास्त्री डॉ. मृदुला सिन्हा ने महिलाओं की असुरक्षा एवं अवांछित बर्ताव के संदर्भ में एक कटु सत्य को रेखांकित किया है- ह्यअनपढ़ या कम पढ़ी-लिखी महिलाएं ऐसे हादसों का प्रतिकार करती हैं, किन्तु पढ़ी-लिखी लड़कियां मौन रह जाती हैं। सचमुच यह एक चौंका देने वाला सत्य है। पढ़ी-लिखी महिला इस प्रकार के किसी हादसे का शिकार होने के बाद यह चिंतन करती है कि प्रतिकार करने से उसकी बदनामी होगी, उसके पारिवारिक रिश्तों पर असर पड़ेगा, उसका कैरियर चौपट हो जाएगा, आगे जाकर उसको कोई विशेष अवसर नहीं मिल सकेगा, उसके लिए विकास का द्वार बंद हो जाएगा। वस्तुतः एक महिला प्रकृति से तो कमजोर है ही, शक्ति से भी इतनी कमजोर है कि वह अपनी मानसिक सोच को भी उसी के अनुरूप ढाल लेती है। भले ही नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने शिकायत दर्ज कर साहस का परिचय दिया है। महिलाओं के जागने से ज्यादा जरूरी है इस तरह की विकृत सोच एवं अवांछितों व्यवहार पर स्वतः नियंत्रित होने की। दिल्ली की यह घटना इस तरह का कोई अकेला उदाहरण नहीं है। आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं, जिसमें कहीं चोरी के आरोप में तो कभी परीक्षा में नकल रोकने के नाम पर कपड़े उतरवा कर लड़कियों की तलाशी ली जाती है। आम आदमी पार्टी के राजनेता एवं राजनीतिक दल तो इतने अहंकारी हो गये हैं कि उनके भ्रष्टाचार को उजागर करने वाली टाइम्स नाऊ की महिला पत्रकार को ही झूठा मामला बनाकर बिना महिला पुलिसकर्मी के सात घंटे तक हिरासत में रखा और अवांछित तरीके से परेशान किया।

ऑपरेशन शीशमहल में केजरीवाल के 45 करोड़ खर्च के मामले को उठाने वाली महिला पत्रकारों से बदसलूकी की गयी है। पहले उन्हें पीटा गया, उनके रास्ते रोके गए और अब एक पत्रकार को बीच रास्ते में हिरासत में ले लिया गया। ऐसी हरकतें करने वाले लोगों या संस्थानों को क्या इस बात का अंदाजा भी होता है कि ऐसे व्यवहार की शिकार लड़कियों के मन-मस्तिष्क पर क्या असर पड़ता है? करीब सात महीने पहले झारखण्ड से एक खबर आई थी, जिसमें नकल के शक में कपड़े उतरवा कर एक छात्रा की तलाशी लेने का आरोप था। इससे बेहद आहत और अपमानित महसूस करने के बाद छात्रा ने घर जाकर खुद को आग लगा ली थी। यह समझना मुश्किल है कि ऐसा करके किसी गड़बड़ी को रोकने की कोशिश की जाती है या एक नई गड़बड़ी को अंजाम दिया जाता है। अगर किसी संस्थान या व्यक्ति को चोरी या नकल का शक है तो क्या इससे निपटने का यही तरीका बचा है कि किसी लड़की को इस तरह अपमानित किया जाए? आजीवन शोषण, दमन, अत्याचार, अवांछित बर्ताव और अपमान की शिकार रही भारतीय नारी को अब और नये-नये तरीकों से कब तक जहर के घूंट पीने को विवश होना होगा? अत्यंत विवशता और निरीहता से देख रही है वह यह क्रूर अपमान, यह वीभत्स अनादर, यह दूषित व्यवहार। कब टूटेगी हमारी यह मूर्च्छा? कब बदलेगी हमारी सोच। यह सब हमारे बदलने पर निर्भर करता है। हमें एक बात बहुत ईमानदारी से स्वीकारनी है कि गलत रास्तों पर चलकर कभी सही नहीं हुआ जा सकता। यदि हम सच में नारी के अस्तित्व एवं अस्मिता को सम्मान देना चाहते हैं तो! ईमानदार स्वीकारोक्ति और पड़ताल के बिना हमारी दुनिया में न कोई क्रांति संभव है, न प्रतिक्रांति।

कर्नाटक में वोट से पहले भाजपा क्या-क्या नहीं कर रही!

शकील अख़्तर

कांग्रेस की समझ में आ गया होगा कि कुछ नहीं चल रहा है। और जो चल रहा हैवह उनके चलाए ही चल रहा है। जैसे राजस्थान में कर्नाटक चुनाव के मतदानसे ठीक एक दिन पहले बगावत!भाजपा का आखिरी दांव! राजस्थान से कर्नाटक में मैसेज कि कांग्रेस मेंभारी गुटबाजी है। यहां कर्नाटक में भी ऐसे ही लडेंगे।

इससे पहले महिला पहलवानों के आंसू, अडानी की कंपनियों में बीस हजार करोड़रुपया किसका है का बड़ा सवाल, नोटबंदी की लाइनें, करोना की बिना इलाज कीमौतें, मजदूर का पैदल जाना, किसान का आंदोलन, कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर जैसी युवाओं की जवानी बर्बाद करने वाली योजनाएं, चीन की घुसपैठ, मणिपुर जैसे सीमावर्ती राज्य का नस्लीय टकराव। इनमें से कुछ भी तो नहीं चला। जब कुछ चलता नहीं है तो वे डरते नहीं हैं। मगर बस डरते हैं तो एक हार से। और जनता पर भी इसका ही असर पड़ता है। सीधा धमाका। नशे में चूर जनताहड़बड़ा कर जाग जाती है। झटके से उठ बैठती है।

कर्नाटक में आज (बुधवार, 10 मई को) मतदान हो रहा है। भाजपा घबराई हुई है। वह बस इसी एक चीज से घबराती है। बाकी तो जैसा ऊपर लिखा कुछ उदाहरणों केजरिए जिनमें कई और भी जोड़े जा सकते हैं जैसे कहां है भाजपा? जो है वहमोदी मोदी है। मगर आदतन हम लोग भाजपा कह देते हैं। भाजपा है कहां? क्याकर्नाटक के चुनाव में किसी ने दो बार भाजपा के अध्यक्ष रहे सबसे वरिष्ठनेता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को कहीं देखा? दूसरे पूर्व अध्यक्ष गडकरीका कहीं नाम सुना? भाजपा का कोई पूर्व अध्यक्ष चुनाव में नहीं है। मगरसवाल वे उठाते हैं कि सोनिया क्यों?

कांग्रेस अगर अपने पूर्व अध्यक्षों का सम्मान करती है तो यह तो अच्छी बातहै। अपने वरिष्ठों, पूर्वजों का सम्मान सबको करना चाहिए। यह तो भारतीयपरंपरा है। खाली खुद को विश्व गुरु कहने से तो नहीं हो जाता। विश्व देखताहै कि हमारा गुरु बनने का दावा करने वाले अपने बड़े लोगों का, वरिष्ठोंका कैसे सम्मान करते हैं। कांग्रेस यह परंपरा निभाती रहती है। आडवानी काहाथ थामकर उन्हें सहारा देने के राहुल, सोनिया के फोटो विडियो सब ने देखेहोंगे। राजीव गांधी द्वारा भाजपा नेता वाजपेयी का हार्ट का आपरेशन करवानेके लिए अमेरिका भेजा जाना तो कभी किसी को मालूम ही नहीं पड़ता। मगर राजीवकी नृशंस हत्या पर अपना दर्द नहीं संभाल पाए वाजपेयी के खुद मुंह से वहसारी कहानी निकल गई कि कैसे राजीव गांधी को जब मालूम पड़ा कि वाजपेयी जीकी हार्ट सर्जरी तत्काल करने की जरूरत है तो उन्होंने कैसे अमेरिका भेजाऔर सारे इंतजाम किए। आज राजीव, सोनिया पर जो भी भाजपा नेता व्यक्तिगतहमला करता है उसे वाजपेयी जी के वीडियो के वह शब्द सुनना चाहिए जिसमें वेकह रहे हैं कि मेरी यह जो जिन्दगी है वह राजीव गांधी की दी हुई है।

तो कांग्रेस तो इ भारतीय परंपराओं पर कायम है। केवल अपनी पार्टी के हीनहीं दूसरी पार्टी, प्रतिस्पर्धी पार्टी के नेताओं को भी पूरा सम्मानदेती है। अभी कांग्रेस में शामिल हुए मध्य प्रदेश के पहले भाजपामुख्यमंत्री रहे कैलाश जोशी के पुत्र दीपक जोशी ने बताया कि जब कैलाशजोशी जैसे बड़े नेता नहीं रहे तो उस समय सीएम कमलनाथ ने उनसे पूछा किअन्त्येष्टी कहां करेंगे? हमने सामान्य श्मशान बता दिया। कमलनाथ ने कहानहीं बड़े नेता थे। उनका स्मारक बनना चाहिए। मैं जगह की व्यवस्था करवाताहूं। और उन्होंने तत्काल सारी व्यवस्थाएं करवाईं।

विडबंना है कि श्मशान-कब्रिस्तान पर राजनीति करने वाली पार्टी ने कभी इसकी चिंता नहीं की उसेखड़ा करने में अपना जीवन खपा देने वाले नेता और उनका परिवार आज अच्छेदिनों में कैसे रह रहा है। दीपक दूसरी ह्रदय विदारक बात बताते हैं। जबकरोना में उनकी पत्नी को एम्बूलेंस की जरूरत पड़ी तो शिवराज सरकार थी। उनकी अपनी पार्टी की। मगर पत्नी को एंबूलेंस नहीं दी गई। और वे नहींरहीं। यहां यह बताना थोड़ा अच्छा नहीं लगता है मगर लोगों की याददाश्त कमभी होती है और वे जानबुझकर भूल भी जाते हैं। इसलिए बताना पड़ रहा है किजब दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री थे और शिवराज सिंह चौहान का गंभीरएक्सिडेंट हो गया था तो दिग्विजय ने तत्काल हैलिकाप्टर से उन्हें इलाज केलिए भिजवाया।

तो बात हो रही थी कि उस कांग्रेस ने अपनी पूर्व अध्यक्ष सोनिया कोकर्नाटक में जहां से वे 1999 में अपना पहला चुनाव जीती थीं सम्मान पूर्वकएक रैली करने के लिए बुलाया तो मोदी जी कहते हैं कि उन्हें क्यों लाए? देना तो भाजपा को भ

संक्षिप्त खबरें

वार्ड पार्षद 21 के नेतृत्व में नाले की सफाई

गया। गया नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा के निर्देश दिए गया था कि हर हाल में नाले की सफाई दस मई तक चालू कर दिया जाए, उसके पहले ही पूर्व जिला स्टेंडिंग कमेटी सदस्य सह वर्तमान पार्षद 21 नैयर अहमद ने सुबह से ही फकीर चंद नाला एवं बहुत ही बढा नाला बाटम नाले की पूरी सफाई करायी गयी है जो सुबहसे ही चालु है इस वार्ड में पानी जाम की समस्या को प्राथमिकता देखते हुए नैयर अहमद ने ये समस्या किसी आम जनमानस को नही हो साथ ही हमारे 21 के सम्मानित वार्ड जनता को इसका भरपूर ध्यान रखते हुए बुधवार को नाले की सफाई चालु अपने निरक्षण मे कराए नैयर अहमद ने और जो भी नाला है हर मोहल्ले के नाले की सफाई की जाएगी यह कहना है वार्ड पार्षद 21 नैयर अहमद की।

दस एकड़ में लगे पेड़ पौधे जलकर खाक

मुजफ्फरपुर। गायघाट थाना अन्तर्गत बेनीबाद ओपी क्षेत्र के लदौर गांव में बुधवार को अचानक आग लग गई। तेज पछुआ हवा के कारण आग से करीब दस एकड़ में लगे पेड़ पौधे जलकर खाक हो गया। मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि आग कैसे लगी है इसकी जानकारी स्पष्ट नहीं हो सका है। आग लगने के कारण बगीचे में लगे दर्जनों आम के पेड़ झुलस गए।वहीं सूचना पर पहुंचीं अग्निशमन विभाग के कमीर्यों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकीन अग्निशमन वाहन में खराबी आ जाने के कारण आग नहीं बुझा सके। वहीं ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। इस घटना में फल लगे दर्जनों आम का पेड़ झुलस गया। बताया की इस घटना की जानकारी अंचलाधिकारी को दे दी गई है।

जल आपूर्ति नही होने से पानी की हुई समस्या

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में वुधवार को कार्यालय कार्यपालक पदाधिकारी पंचायत समिति सह प्रखंड़ पंचायती राज पदाधिकारी हेमनारायण चौधरी द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अनेकों पंचायत के वार्ड में नल -जल आपूर्ति बंद पाया गया. उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में लोगो को नल - जल आपूर्ति नही होने से पानी की समस्या का उत्तपन्न हो रही है.इस समस्या को देखते हुए कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड़ पंचायती राज पदाधिकारी महतो ने पत्र निर्गत कर पंचायत सचिव एव पंचायत के मुखिया को निर्देश दिया है कि एक सप्ताह के अंदर बंद नल - जल को ठीक कराकर लोगो के घर तक नल से जल आपूर्ति नही कराने वाले उंक्त पंचायत सचिव एव मुखिया पर कानूनी करवाई की जाएगी.वही पंचायत रसीदपुर के वार्ड संख्या - 4, 8, 14 एव नरार पूर्वी पंचायत के वार्ड संख्या - 12 में नल - जल में बाधा डालने एव लोकहित में सरकारी कार्य नही करने वाले उन व्यक्ति पर 36 घंटे के अंदर नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि हर हाल में सभी वार्ड सदस्यों को नोटिस को हस्तगत कराने का निर्देश दिया है.उन्होंने कहा कि निर्गत पत्र के अनुपालन नही होने की स्थित में अधोहस्ताक्षरी के अनुशंसा से स्थानीय थाना में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध 72 घंटे के अंदर में प्राथमिकी दर्ज कराने का सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है।

अंधेरा का लाभ उठाकर शराब कारोबारी हुआ फरार

मधुबनी खजौली रात्रि गश्ती के दौरान बीती रात एएसआई इन्द्रदेब सिंह एव बीएमपी के सशस्त्र पुलिस जवान के साथ पुलिस वाहन से छपराढी जाने क्रम में मुख्य सड़क पर चार वाइक सहित 300 एमएल के 1080 बोतल देशी नेपाली शराब को जप्त कर थाना पर लाया गया. एएसआई इन्द्रदेब सिंह ने बताया कि बीती रात्रि गश्ती के दौरान महुआ एकडारा से छपराढी जाने क्रम में रात्रि करीब 12.45 वजे विपरीत दिशा से चार मोटरसाइकिल पर बोरा में शराब को छुपाकर वाइक पर लाद कर दतुआर की ओर आ रहा था. शराब कारोबारी को पुलिस वाहन पर नजर पड़ते ही सभी शराब कारोबारी वाइक को पटक कर भागने लगा. पुलिस वाहन में सशस्त्र पुलिस बल द्वारा सभी शराब कारोबारी को खदेड़ कर पीछा किया गया. लेकिन अंधेरा का लाभ उठाकर चारो शराब कारोबारी फरार हो गया.वही गश्ती पुलिस पदाधिकारी एएसआई इन्द्रदेब सिंह ने चारों वाइक सहित बोरा में छुपाकर रखे शराब को थाना पर लाया गया.वही प्रभारी थानाध्यक्ष राम कुमार ने बताया कि शराब कारोबारी एव वाइक ऑनर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दी है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अनिश्चित कालीन अनशन चलाने की घोषणा

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर भाकपा माले जयनगर के द्वारा जयनगर प्रखंड के अंतर्गत वर्षो से बंद पड़े देवधा मध्य देवधा उत्तरी धमियाँ पट्टी और बैरा स्वास्थ्य उप केंद्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को नियमित चालू करने और डाक्टरों के उपस्थिती एवं दवाओं का व्यवस्था करने की मांग को लेकर देवधा मध्य स्वास्थ्य उप केंद्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अपने दर्जनों समर्थकों और सहयोगियों के साथ प्रखंड सचिव भूषण सिंह के नेतृत्व में विशाल धरना दिया गया। स्थल आयोजित सभा को संबोधित करते हुए हुए प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने कहा कि जयनगर के अंतर्गत देवधा मध्य देवधा उत्तरी धमियाँ पट्टी और बैरा स्वास्थ्य उप केंद्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सहित प्रखंड के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों का आम जनता खासकर कमजोर वर्गो को स्वास्थ्य सेवा मुहैया करने हेतु वर्षो पूर्व सरकार के द्वारा लाखों रुपया के लागत से निर्माण कराया गया था लेकिन स्वास्थ्य पदाधिकारियों के जनविरोधी नीतियों व व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण उक्त संस्थान को कागज पर ही चलाया जा रहा है। जिसके कारण उक्त संस्थान लावारिस स्थिति में देखा जा रहा है और आम जनता खासकर गरीब-दलित मजदूर तथा मजबूर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएँ से बंचित होना पड़ रहा है तथा प्रत्येक वर्ष लाखों की राशि के साथ साथ लाखों रुपया का स्वास्थ्य सामग्रियों भी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों को संचालित करने हेतु दिया जाता है। लेकिन स्थानीय स्वास्थ्य पदाधिकारी के द्वारा कागज पर ही उक्त सस्थानों को कार्यरत दिखा कर सरकार के द्वारा दिए जा रहे राशियों का बंदरबांट करने का काम किया जा रहा है। इस धरना के माध्यम से जयनगर के सभी ग्रामीण क्षेत्रों के बन्द पड़े सभी स्वास्थ्य उप केन्द्रों को चालू कर नियमित डाक्टरों और सभी प्रकार के दवाओं की व्यवस्था करने की मांग किया गया यदि एक सप्ताह के अंदर ग्रामीण क्षेत्रों के सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों को यदि चालू नहीं किया गया तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जयनगर पर अनिश्चित कालीन अनशन चलाने की घोषणा किया गया। स्थल पर अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर वीरेंद्र कुमार के द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह मनरेगा प्रोग्राम पदाधिकारी कृष्ण कुमार एवं देवधा थानाध्यक्ष रमेश शर्मा मौजूद थे और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रवि भूषण प्रसाद एवं स्वास्थ्य प्रबन्धक महेश कुमार के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया धरना को संबोधित एवं समर्थन किए भाकपा के पूर्व अंचल मंत्री नरेश ठाकुर रशीद अंसारी नजाम अवधेश राय शिबो देवी महेंद्री देवी रानी देवी दाना देवी मनोज सिंह धनेश्वर पासवान देवधा उत्तरी सरपंच सुजीत साह हसलेन अबुल राईन साविर मनीष झा भाकपा के शहर मंत्री शवण साह सहायक मंत्री जहांगीर रजौली पंचायत के पूर्व मुखिया राजू पंजियार चंद्र देव सिंह सहित अन्य लोगों ने संबोधित किए।

विद्युत पावर ग्रीड में लगी आग, काफी देर तक आपूर्ति रही ठप

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। बुधवार को रक्सौल स्थित विद्युत पावर ग्रीड में अचानक आग लग गई, जिसके कारण माहौल थोड़ा देर के लिए गंभीर हो गया। विभागीय अधिकारियों ने विद्युत आपूर्ति ठप कर तुरंत इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। अविलंब घटनास्थल पर पहुंच अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाया। घटना के दौरान ग्रीड के नीचे उगे लंबे-लंबे घासों में भी आग पकड़ लिया था, जिसे बुझा कर शांत किया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तार के स्पार्किंग के कारण उठी चिंगारी से आग पकड़ लिया, हालांकि कुछ नुकसान नहीं हुआ। इस बीच काफी देर तक विद्युत आपूर्ति ठप रहा, आग पर काबू पाने के बाद विद्युत को सुचारू रूप से चालू कर दिया गया। हालांकि ग्रीड में आग लगने की यह दूसरी घटना है, गत वर्ष भी ग्रीड में आग लग गई थी।

क्लास रूम में बैठ शिक्षिकाएं लगवा रही थी मेहंदी

प्रात : किरण संवाददाता

बोचहा।अनियमितता और सुर्खियां बटोरना शिक्षा विभाग में कोई नई बात नहीं है। हर दिन कोई न कोई एक मामला सुर्खियों में आता है। ताजा मामला विद्यालयों में छात्रा से मेहंदी लगवाने से जुड़ा है। दरअसल बोचहाँ प्रखंड क्षेत्र के सरफुद्दीनपुर पंचायत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय सरफुद्दीनपुर में बुधवार की सुबह करीब 10:30 बजे शिक्षिका कांति कुमारी, अपनी हाथों में मेहंदी लगा कर सूखने के इंतजार में बैठी हुई है। वहीं दूसरे शिक्षिका सुधा कुमारी अपने हाथों में मेहंदी लगवा रही है। इतना ही नहीं दोनों शिक्षिकाओं के हाथों में मेहंदी पढ़ने आई एक छात्रा किस तरह लगा रही है। यह बैठकर एक शिक्षिका देख रही होती है और किसी को कुछ पता नहीं चलता। दूसरी तरफ उप मुखिया अन्नू कुमारी ने बताया कि स्कूल में पढ़ने आई छात्रा से शिक्षिकाएं मेहंदी लगवा रही थी। इस बात की जानकारी मिली है। इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारी से की जाएगी। इस पूरे मामले को लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापक गीता ने शिक्षिका को जमकर फटकार लगाई और कहा कि इस तरह की बातें स्कूल में हो वह शोभिनी है नहीं है। आगे से ध्यान रखने को कहीं।

24 सितंबर को होने वाली अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन की समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

रांची रेडियम रोड स्थित साहु नर्सिंग होम के सभागार में झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु के अगुवाई में रांची में आगामी 24 सितंबर को होने वाली अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह ,आयोजक झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ ने अपनी तैयारी समिति की समीक्षा बैठक में कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक बुलाई गई थी ,जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री उमेश साहु,राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह के मुख्य संयोजक सुनील साहु, मुख्य कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु, प्रदेश कार्यसमीति सदस्य रमेश साहु, मिथिलेश साहु, कुणाल कुमार बंटी, ने अभी तक की तैयारी को लेकर सभी सदस्यों ने अपनी अपनी प्रगति एवम कार्यक्रम में आने वाली खर्च पर समाज के प्रबुद्ध लोगों से संपर्क स्थापित कर सहयोग प्राप्त करने हेतु कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक उदय शंकर प्रसाद, वरीय संरक्षक बिनोद गुप्ता, कुमुद प्रसाद साहु,अरुण गुप्ता, रमेश प्रसाद साह, संरक्षक सतीश गुप्ता, सोमेश्वर प्रसाद, बसंत कुमार लाल, बद्री गुलशन, तापस कुमार लाल, आनन्द शंकर, ज्ञान शंकर, दुर्गेश साहु, सोमेश्वर प्रसाद, महेन्द्र प्रसाद, दिलीप नाथ साहु, विनोद प्रसाद साहु, सूरज कुमार साहू, नंदलाल प्रसाद, महेन्द्र प्रसाद, ब्रह्मदेव प्रसाद,सरीखे अनेक समाजसेवियों से अनुरोध कर आर्थिक सहयोग के लिए अपने समाज के सक्रीय लोगों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है। कार्यक्रम में आगत अतिथियों का सकारात्मक झुकाव सोच को देखते हुए सभी सुविधाओ से युक्त कार्यक्रम स्थल का चयन करने के लिए कमिटी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि रांची में 1984 में आयोजित सम्मेलन के बाद रांची में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके चलते पूरे झारखंड के सुंडी समाज में काफी उत्साह देखी जा रही है।

अनियंत्रित ट्रक ने आधा दर्जन लोगों को कुचला, 3 की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

जिले के सरैया थाना क्षेत्र के रेवा घाट में आज अहले सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मुजफ्फरपुर छपरा मुख्य मार्ग किनारे लोगों ने तरबूज बेचने के लिए दुकान सजा रखी थी, इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रक भीड़ में ही घुस गई जिससे करीब आधा दर्जन लोग इसके चपेट में आ गए। इस घटना में अब तक तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। मौके पर पहुंची सरैया थाना पुलिस ने डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। घटना करीब 5:30 बजे सुबह घंटी बताई जाती है। इसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों की मानें तो सड़क किनारे लोग अपने खेतों से तरबूज लेकर रख कर बेचते थे जिससे मुजफ्फरपुर छपरा मुख्य मार्ग में आने जाने वाले लोग रोककर अपनी अपनी गाड़ी तरबूज खरीदते थे इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रक आई और सड़क किनारे तरबूज बेच रहे लोगों की भीड़ में जा घुसी जिससे घटनास्थल पर ही तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं कई लोग जख्मी बताए जा रहे हैं पूरे मामले पर पूछे जाने पर सरैया एसडीपीओ कुमार चंदन ने कहा कि एक अनियंत्रित ट्रक द्वारा कई लोगों को रौंदा गया है जो सड़क किनारे तरबूज बेच रहे थे इस घटना में एक मृतक की पहचान आकाश कुमार (19,)के रूप में हुई है।शेष दो की पहचान खबर लिखने तक न,हीं हो पाई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार 2 लोग स्थानीय हैं और 1 बाहरी बताए जा रहे हैं वहीं घायलों की शिनाख्त भी की जा रही है।

बंद चापाकलों के चालू कराने का प्रशासनिक दावा फेल ,बूंद बूंद को तरस रहे लोग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। एक ओर अत्यधिक खर्च कर चापाकल लगाने का सरकारी प्रयास जारी है.वहीं दूसरी ओर मरम्मती के अभाव में सैकड़ों चापाकल कई महीनों से बेकार पड़ा हुआ है. इससे जारी भीषण गर्मी में क्षेत्र के सार्वजनिक स्थल,हाट बाजार,मंदिर व स्कूलों में पानी की किल्लत से आमजन बेहाल है.इसको लेकर पकाही मुखिया विमला देवी ने प्रखंड प्रशासन को त्राहिमाम पत्र लिखा है.उन्होंने बताया है की पंचायत अंतर्गत बाघी हरनारायण,बाघी विशुनपुर माधो,बाघी मनियार समेत सभी गांवों के सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित चपाकल मरम्मती के आभाव में बेकार पड़ा हुआ है.जिससे जारी भीषण गर्मी में राह चल रहे राहगीर,मंदिरों में पूजा पाठ को पहुंचे श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.वही मुखिया ने पत्र में बताया है की उक्त मामले में विभाग को फोन कर सूचना देते है तो अभद्र भाषा बोलकर फोन काट दिया जाता है.मुखिया प्रतिनिधि चुन्नीलाल साह ने बताया की मरमति के आभाव में बंद पड़े चपाकलो से पानी की काफी किल्लत आमजनों को उठाना पड़ रहा है. नल का जल निर्धारित समय से दिया जाता है उसके बाद भीषण गर्मी में लोग पानी से परेशान रहते है.आंदोलन की चेतावनी देते हुए बताया की इसकी मरम्मती नही की जाती है तो इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारियों के साथ ही आमजन आंदोलन पर बाध्य होंगे.वही मामले में फोन करने पर बीडीओ से संपर्क नही हो पाया है।

भगवान शिव और देवी पार्वती के प्रेम, कर्तव्य, त्याग पर आधारित है महागाथा शो

प्रात : किरण संवाददाता

हर पल अनिश्चितता से भरी दुनिया में कलर्स के आगामी शो शिव शक्ति तप त्याग तांडव में प्रेम और भक्ति की शक्ति मुख्य स्थान लेने के लिए तैयार है। यह महागाथा ब्रह्मांड की पहली प्रेम कहानी को दशार्ते हुए भगवान शिव और देवी पार्वती के प्रेम, कर्तव्य, त्याग और अलगाव की यात्रा को प्रदर्शित करता है, जो तप, त्याग और तांडव में तब्दील हो जाता है। सिद्धार्थ कुमार तिवारी के स्वास्तिक प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित और प्रोड्यूस्ड, शिव शक्ति - तप त्याग तांडव में लोकप्रिय अभिनेता राम यशवर्धन और सुभा राजपूत क्रमशः शिव और शक्ति की प्रमुख भूमिकाओं में हैं। शिव की भूमिका निभाने के लिए तैयार राम यशवर्धन कहते हैं पौराणिक कहानी कहने के माहिर सिद्धार्थ कुमार तिवारी द्वारा निर्मित और कलर्स द्वारा प्रस्तुत शो शिव शक्ति तप त्याग तांडव में भगवान शिव की भूमिका निभाने का अवसर पाना सबसे बड़े सम्मान की बात है। हमारे आस-पास की हर चीज काम के प्रभाव में है, लेकिन यह शो ऐसी कालातीत प्रेम कहानी पेश करता है जो सभी भावनाओं से परे है। खुद शिव भक्त होने के नाते, यह शो मेरे लिए किसी भूमिका से कहीं अधिक मायने रखता है और उस परमेश्वर को मेरी श्रद्धांजलि है। हम में से कई लोग कहते हैं कि काम ही पूजा है और मेरे मामले में यह पूर्णतरू सच है। शक्ति के रूप में देखे जाने से पहले सुभा राजपूत कहती हैं शिव शक्ति तप त्याग तांडव सबसे भव्य प्रेम कहानी को दशार्ता है जिसमें देवत्व, भक्ति, त्याग और कर्तव्य के विषय निहित है। ये शिव और शक्ति के ही कारण हैं कि हम विश्वास करते हैं कि प्रेम हमेशा के लिए है। अपनी कला के माध्यम से हमारे देवताओं की महिमा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलना बहुत ही सौभाग्य की बात है! सिद्धार्थ कुमार तिवारी में पौराणिक कथाओं को सजीव करने की क्षमता है, और मेरे लिए यह यकीन करना भी मुश्किल है कि मैं उनके विजन का हिस्सा बन पाई हूं। मैं इस पेशकश को सबसे शानदार तरीके से रचने के लिए कलर्स को धन्यवाद देती हूं। शिव शक्ति तप त्याग तांडव जल्द ही प्रसारित होगा केवल कलर्स पर।

लाल बनारसी की कहानी दिव्य व अनूठे शहर माने जाने वाले बनारस की

प्रात : किरण संवाददाता

देश भर में एक अलौकिक शहर के तौर पर अपनी पहचान रखने वाले शहर बनारस में बुनकर समुदाय की कारीगरी से हर कोई वाकिफ और उनकी कलाकारी से हर कोई प्रभावित है। यह शहर बनारसी सिल्क साड़ियों के लिए दुनिया भर में काफी मशहूर है। गौरतलब है कि इनकी बुनाई और प्रतिभा की दुनिया भले ही कायल हो, मगर एक कड़वा सच यह भी है कि व्यापारियों द्वारा उनकी मेहनत के अनुरूप उन्हें पूरे पैसे नहीं दिये जाते हैं जिससे इन्हें जिंदगी में कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लेकिन क्या होता है जब उसी बुनकर समाज से एक लड़की इस शोषण के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती है और अपने समुदाय के लिए हक की लड़ाई लड़ती है? मगर शो की इस पृष्ठभूमि में जब बगावत का झंडा बुलंद करने वाली उसी लड़की और एक शातिर बिजनेसमैन एक-दूसरे के प्रति आकर्षोत होने लगते हैं तब एक नई तरह की समस्या आ खड़ी होती है। शो में शकुंतला का एक बेहद सशक्त किरदार निभाने वाली दिग्गज टीवी एक्टर नारायणी शास्त्री कहती हैं, मैं तीन शर्तों पर किसी भी शो में काम करने के लिए हामी भरती हूं - एक है सशक्त किरदार, ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ प्रोडक्शन हाउस और एक ऐसा चैनल जिसे कला की कद्र हो। लाल बनारसी को साइन करते हुए मैंने इन तीनों बातों को तवज्जो दी और हैट्रिक मार ली! शकुंतला एक बेहद सशक्त किरदार है जिसे शो में एक प्रभावशाली किरदार के तौर पर पेश किया गया है। जहां गौरी एक नई और एक आत्मविश्वास से भरपूर लड़की के तौर पर दिखेगी वहीं गर्व एक ऐसा किरदार है जिसकी शख्सियत के विभिन्न पहलुओं को में एक एक कर डिस्कवर करती रहती हूं। शो के सभी सहयोगी कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए एक सुखद एहसास जैसा है। शो के जरिए मैं अपने किरदार को नई बुलंदियों पर ले जाने के लिए आतुर हूं। लाल बनारसी में गौरी नामक किरदार के जरिए एक्टिंग की रोमांचक दुनिया में कदम रखने जा रही गौरी चित्रांशी कहती हैं, लाल बनारसी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका दिये जाने और एक लीड एक्टर के तौर पर शो के लिए काम करने को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। शो की प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करना भी मेरे लिए एक अलग किस्म का यादगार अनुभव है। मुझे अपने प्रतिभाशाली, बेहद सहयोगपूर्ण रवैया रखने वाले और समर्पित सह-कलाकारों के साथ काम करके काफी मजा आ रहा है। लाल बनारसी में गर्व अग्रवाल का किरदार निभानेवाले सावी ठाकुर कहते हैं, जब मुझे इस शो में काम करने का ऑफर मिला था और जब मैंमे इस शो की कहानी सुनी थी तो मैं इससे काफी प्रभावित हुआ था। मुझे अपने किरदार की गहराई काफी पसंद आई जो एक चालाक और मतलबी बिजनेसमैन के किरदार में है। उसका ताल्लुक एक टूटे हुए परिवार से है। ऐसे में उसका स्वभाव काफी व्यावहारिक है और उसकी जिंदगी में प्यार और जज्बात के लिए कोई जगह नहीं होती है।

अग्निकांड मे बेघर हुए 6 परिवार

प्रात : किरण संवाददाता

बोचहा। मुसहरी थाना क्षेत्र के आथर गांव में बुधवार की दोपहर अचानक लगी आग की चपेट में आकर 6 झोपड़ियां जल गईं। मुखिया सुरेश कुमार चौधरी ने बताया कि दोपहर के 1:30 बजे बबलू महतो, सुरेश महतो नामक व्यक्ति की झोपड़ी में आग लग गई। जिसने अन्य झोपड़ियों को भी चपेट में ले लिया।

इस घटना में छः परिवारों का घर राखकी ढेर में तब्दील हो गया। घर में रखे सामान ,खाने पीने की चीजें सभी जलकर नष्ट हो गई।पीड़ित परिवार ने स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगायाहै। उन्होंने बताया, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे दमकल विभाग के कर्मचारियों ने जब तक आग पर काबू पाया, तब तक वहां रहने वालों का सारा सामान जल चुका था। अंचलाधिकारी राजा कुमार ने बताया कि झोपड़ियां ही गरीबों का आशियाना थीं, जो अब बेघर हो गए हैं। उन्हें तत्काल प्लास्टिक वगैरह उपलब्ध करा दिया गया है। उनसे से नुकसान की रिपोर्ट मांगी गई है, जिसके बाद सरकारी मदद दी जाएगी।

प्यास के कारण होने वाले रोग का इलाज आयुर्वेद में संभव :वैद्य प्रो. दिनेश्वर प्रसाद

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। वैद्य प्रोफेसर दिनेश्वर प्रसाद, राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज अस्पताल, पटना, बेगूसराय , दरभंगा, बिहार के पूर्व प्राचार्य एवं पटना ,शेखपुरा ,के पाल मार्केट स्थित अमृत आयुर्वेद का निदेशक सहः मुख्य चिकित्सक ने हर घर, हर दिन आयुर्वेद कार्यक्रम के तहत आज तृष्णा (प्यास) के कारण होने वाले रोग के बारे में अमृत आयुर्वेद के बगल में 65 नंबर पिलर के सामने पाल मार्केट में जानकारी देते हुए बताया की इसे सामान्य लोग रोग नही मानते है।, बल्की रोगी का स्वभाव या इस मौसम के प्रभाव स्वरुप होने वाला एक तरह की परेशानी के रूप में इसे स्वीकार करते है। जबकि मुख्य रूप से आयुर्वेद के विद्वान आचार्य, चरक एवं सुश्रुत दोनो ने इसे तृष्णा रोग के नाम से वर्णन किया है । कही कही पर इसे कुछ एक रोगों का उपद्रव के रूप में इसका वर्णन किया गया है तो कहीं कहीं इसे स्वतंत्र रोग के रूप में भी स्वीकार करते हुए वर्णन किया गया है। शारीरिक, मानसिक, एवं आगंतुक कारणो से उत्पन तृष्णा (प्यास) अनेक रोगों के लक्षण या उपद्रव के रूप में या स्वय में एक रोग के रूप में आयुर्वेद के आचार्यों ने इसका वर्णन किया है। आयुवेर्दाचार्यो ने इसको परिभाषित करते हुए उल्लेख किया है कि जिस रोग में रोगी सतत यानी बार बार जल पीने के बाद भी तृप्ति का अनुभव नहीं करे या बार बार जल पीने की इच्छा व्यक्त करते रहे उसे तृष्णा रोग कहा गया है। इसके कारणो का उल्लेख करते हुए आचार्यों ने कहा है कि (संशोभ) (शरीर एवं मन)भय श्रम,बल क्षय जीर्ण रोग , क्रिया दियोग, धातु कर्षण, रूक्ष एवं शुष्क अन्न सेवन आदि , प्रकोपक कारणो से इस रोग की उत्पति होती है। दूसरे में कटु (कडवा) उष्ण (गर्म) तिष्ण, विदाही, क्षार, अम्ल, लवण, पदार्थो के अति सेवन, मद्यपान ,पित प्रकोपक कारणो एवं क्रोध से भी इस रोग की उत्पति होती है। इसके पूर्व रूप का वर्णन करते हुए मुख शोष तथा बार बार जल पीने की इच्छा , संताप इत्यादि लक्षणों का उल्लेख करते हुए मुख शोष, स्वरभेद, भ्रम, मूर्च्छा, संताप, प्रलाप, शरीर में स्तम्भन, तालू ,ओष्ठ एवं जिहवा में सूखापन, जिहवा का बराबर बाहर निकलना,भोजन की इच्छा में कमी का होना ,कान में सुनाई की कमी, शरीर में शिथिलता इत्यादि महशुस होता है। आचार्यों ने इसके कई एक प्रकारों का भी उल्लेख किया है। भेदों को ध्यान में रखते हुए भेदों के हिसाब से अलग अलग चिकित्सा का भी उल्लेख किया गया है। इसके लिए चिकित्सा का उल्लेख करते हुए शीतल जल का थोड़ा थोड़ा ,थोड़े थोड़े समय के अंतराल पर पिलाते रहना चाहिए।मधु एवं जल का मिश्रण आकंठ पिलाकर वमन (उल्टी) कराने से भी प्यास शांत हो जाती है। रक्तशाली यानी साठी चावल के भात का मधु के साथ प्रयोग कराना चाहिए।तालूशोष के निवारण के लिए गण्डुस का प्रयोग करना चाहिए। गोस्तनादि का नस्य देना चाहिए। संशोधन एवं संशमन चिकित्सा लक्षणों एवं कारणो को ध्यान में रखकर देते रहना चाहिए।सभी प्रकार के तृष्ण में पितशामक चिकित्सा या औषध देना चाहिए। परिपक्व यानी गुलर फल के स्वरस या क्वाथ में शर्करा मिलाकर पान कराना चाहिए ।

ऑनर किलिंग का मामला आया सामने, अधजले शव को पुलिस ने किया बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

सुगौली। स्थानीय प्रखंड से होकर बहने वाली सिकरहना नदी किनारे आनन-फानन में जलाए जा रहे दो शवों को पुलिस ने बरामद किया। पुलिस को देख जलाने आए सभी लोग फरार हो गए। उसके बाद पुलिस ने उक्त स्थल से अधजले दोनो शव को थाना लेकर आई। उक्त शव एक प्रेमी युगल के बताए जा रहे हैं और मामला ऑनर किलिंग का बताया जा रहा है।घटना के बाद आरोपित के घर पर पुलिस की छापामारी हुई, जहां सभी सदस्य फरार बताए जा रहे हैं, परंतु लड़की की मां को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने दिया बड़ा बयान

भागलपुर। देश भर में द केरला फिल्म को लेकर लोग दो धरा में बंट चुके हैं, एक धरा जहां फिल्म के समर्थन में चल है तो वहीं दूसरा फिल्म को बैन करने की मांग कर रहे है, वहीं इसको लेकर राजनीति सगर्मी भी तेज हो गई है। भागलपुर जिले में पहुंचे के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने फिल्म को लेकर बड़ा बयान दिया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा के तरफ से मेरा कहना है कि जिस तरह से उत्तरप्रदेश में केरला स्टोरी को टैक्स फ्री किया गया है, वैसे ही बिहार में भी फिल्म को टैक्स फ्री किया जाए। कश्मीर फाइल को जिस तरह लोगों ने देखा केरला स्टोरी भी सच्चाई है, इसे लोगों को देखना चाहिए। पश्चिम बंगाल में बैन फिल्म करने पर बोले वहां कोई लोकतंत्र नहीं है, वहां पर तुष्टिकरण की राजनीति है।

ए. के. गोपालन कॉलेज के नये भवन का किया शिलान्यास

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज के ए.के. गोपालन कॉलेज में नये भवन का निर्माण कार्य को लेकर सासंद सह महागठबंधन के नेता गिरिधारी यादव ने फीता काटकर किया। इसके पूर्व ए.के. गोपाल के प्रार्चाय अरुण कुमार ने सांसद गिरधारी यादव का फुल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कॉलेज के संगीत विभाग की शिक्षिका रेखा कुमारी के द्वारा स्वागतम संगीत भजन की प्रस्तुति की। इस मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष बिपिन बिहारी, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष सदानंद कुमार, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव सहित अन्य मंचासीन अतिथि का फुल माला से स्वागत किया गया। इस दौरान कॉलेज के प्रार्चाय अरुण कुमार के द्वारा बांका सासंद गिरिधारी यादव द्वारा कॉलेज के नये भवन विधिवत रूप से शिलान्यास के साथ भवन निर्माण कार्य की शुरूआत ईट रख कर शुभारम्भ किया गया। इस दौरान सासंद गिरिधारी यादव ने मिडिया को बताया कि ए. के. गोपालन कॉलेज के नये भवन का शिलान्यास किया गया है। वही उन्होंने जाति जन गणना के सवाल पर कहा कि केन्द्र सरकार के द्वारा जाती गणना पर रोक लगाया गया है, बिहार में जाती गणना जरूर होगा। वही बागेश्वर धाम के बागेश्वर बाबा के आगमन के सवाल पर कहा कि कोई बागेश्वर बाबा को हम नहीं जानते, कौन पागल बाबा, हम कोई बागेश्वर बाबा को नहीं जानते हैं।

पीएचसी में 5 महिलाओं का बंध्याकरण

असरगंज। असरगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निरंजन चौधरी की अध्यक्षता में असरगंज पीएचसी में 5 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। इस बंध्याकरण में स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्वस्थ्य कर्मी ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

आपसी विवाद में एक व्यक्ति घायल

असरगंज। असरगंज थाना क्षेत्र के शाहकुंड मोड़ के पास दो पक्षों के बीच मारपीट हो गया। इस मारपीट की घटना में में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निरंजन चौधरी ने घायल की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु मायागंज भागलपुर भेज दिया। इस संबंध में असरगंज थाना अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि संबंधित घटना की जांच की जा रही है। जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

सदर प्रखंड के चार पंचायत में होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन हुआ समाप्त

सदर मुंगेर। सदर प्रखंड के चार पंचायतों में विभिन्न पदों के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन का अंतिम दिन था। नामांकन के अंतिम दिन कुल 4 उम्मीदवारों ने नामांकन कराया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन पदाधिकारी विनय कुमार ने बताया कि, नामांकन के अंतिम दिन 4 लोगों ने अपना नामांकन कराया। वहीं, निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि, अब तक कुल 8 लोगों ने नामांकन कराया है। इसमें से 4 लोगों ने वार्ड सदस्य एवं 4 लोगों ने पंच पद के लिए नामांकन कराया है।

कुख्यात अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पूर्णिया/ केनगर। मधेपुरा जिले के कुख्यात अपराधी नवीन मंडल को केनगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर केनगर थाना क्षेत्र के भोकराहा गांव से गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नवीन मंडल पिछले छह महीने से छुपाकर अपने सबंधी भोकराहा गांव में रह रहा था और बर्थडे पार्टी में शामिल भी थे। अपने सबंधी के यहां बर्थडे पार्टी में शामिल होने पहुंचा हुआ था। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया की नवीन मंडल को गिरफ्तार करने के बाद मधेपुरा जिले के पुलिस को सौप दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह भी बताया गया की नवीन मंडल मधेपुरा जिले के टॉप टेन अपराधियों में से एक अपराधी है तथा नवीन मंडल को गिरफ्तार करने को लेकर मधेपुरा जिले की पुलिस ने 50 हजार का इनाम देने की भी घोषणा कर रखी थी।

भीषण अग्निकांड में सैकड़ों घर आग में हुए समाहित

प्रात : किरण संवाददाता

नाथनगर (भागलपुर)। नाथनगर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रत्तिपूर पंचायत के अजमेरी गांव में विगत शाम शार्ट सर्किट से लगी आग में सैकड़ों घर जलकर राख की ढेड़ में तब्दील हो गया। वही अगलगी की घटना में ग्रामीण परिवार के लाखो रुपये की संपत्ति जलने की सूचना सामने आते ही जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के कई अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान एसडीओ, सीटी डीएसपी, बीडीओ, सीओ के साथ साथ कई जनप्रतिनिधि के द्वारा लोगों को राहत कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने की कवायद में जुट गयी। वही अधिकारियों ने ग्रामीणों के रहने व खाने पीने की व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन को सुनिश्चित करने के साथ व्यवस्था को मुहैया कराने के निर्देश दिये। वही घटना के बाद मौके पर पहुंचे फायर बिग्रेड के आधा दर्जन बड़ी गाड़ियों ने आग पर काबू पाने की प्रयास में जुटी रही है, घंटो बीत जाने के बावजूद भी आग पर काबू नहीं पाया गया। पूरा गांव आग के चपेट में आकर उज्रबान दृश्य में तब्दील हो चुका है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों के बीच भगदड़ की स्थिति उतपन्न हो गई, लोग अपने अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर खेतों की ओर दौड़ भागते नजर आ रहे थे। आग इतना इतना भयावह स्थिति में था कि आग पर काबू पाने के लिए लोग हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे, घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने के वजह से आग लगी है, इधर घटना के बाद लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। वही मौके पर तीन थाने की पुलिस एवं फायर बिग्रेड की टीम पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश में डटी थी।

अपराधियों ने महिला को चाकू मार कर उतारा मौत के घाट

मृतक महिला के शव की अब तक नहीं हो पाई है पहचान, घटना की जांच में जुटी पुलिस

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के लोहिया पुल के नीचे सब्जी मंडी परिसर में बेखौफ अपराधियों ने एक महिला पर चाकू से कई वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना के तुरंत बाद घटना की सूचना आसपास के लोगों द्वारा स्थानीय मोजाहिदपुर थाना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही मोजाहिदपुर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार सदलबल मौके पर पहुंच कर घायल महिला को जख्मी व गम्भीर हालत में त्वरित इलाज के लिए मायागंज अस्पताल लेजाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। वही घटना की जानकारी प्राप्त होते ही सीटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी व उनकी पुलिस टीम अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने महिला के शव की शिनाख्त करने के साथ संबंधित घटना स्थल पर पहुंच कर आसपास के स्थलों का जायजा लिया। वही घटना अति व्यस्ततम जगह पर हुई इस निर्मम हत्या से लोगों में भय व खौफ का माहौल बना हुआ है। वहीं पुलिस मृत महिला के शव की पहचान को लेकर जुटी हुई है, तत्कालीन मृतिका के शव की पहचान नही हो पाने के कारण कानूनी प्रक्रिया के तहत पोस्टमार्टम के साथ मृतिका के शव को 72 घंटो के लिये मायागंज अस्पताल स्थित शीत गृह में रखवा दिया गया है।

वही आसपास के लोगों ने मृत महिला को लेकर बताया है कि वह पत्ता बेचने का काम लोहिया पुल व आसपास के इलाके में काम करती थी। वही अत्यंत व्यस्ततम इलाके में हुए इस हत्याकांड पर सिटी डीएसपी ने कहा कि मृत महिला की पहचान के लिए पुलिस कार्य कर रही है। वही घटना की जांच व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम अन्य कई बिंदुओं पर भी छानबीन में जुटी हुई है।

अतिक्रमणकारियों पर रेल प्रशासन का चला बुलडोजर

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज रेलवे स्टेशन के प्राईवेट बस स्टैंड में अतिक्रमण किये दुकानों पर रेल प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर जमीन पर जारी अवैध दुकानों पर बुलडोजर चलाते हुए अतिक्रमण मुक्त कराया है। इस दौरान सुलतानगंज रेलवे स्टेशन के प्राईवेट बस स्टैंड में रेलवे विभाग के कई अधिकारी, आरपीएफ, जीआरपी, पुलिस बल सहित अन्य अधिकारी एंव, स्टेशन मास्टर दिपक कुमार, मजिस्ट्रेट, प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, अंचला अधिकारी रवि कुमार, थानाध्यक्ष प्रिय रंजन के निगरानी में रेल प्रशासन के द्वारा प्राईवेट बस स्टैंड परिसर में संचालित सह अतिक्रमित सैकड़ों दुकानों पर बुलडोजर चलाते हुए ध्वस्त कर दिया गया है। गौरतलब है कि सुलतानगंज रेलवे परिसर में प्राईवेट बस स्टैंड में कई वर्षों से रेल विभाग के द्वारा डाक के माध्यम से दुकानों को मुहैया कराने के साथ व्यवसायी का दौर चलाया था, उक्त परिसर में सैकड़ों दुकाने खोली गयी थी, बाहर से आनेवाले बस यात्रीयों की सुविधाओं के लिए दुकान खोली गयी थी। अब रेलवे प्रशासन की अतिक्रमण हटाने को लेकर रेल प्रशासन के द्वारा भारत सरकार के निर्देश पर भारत अमृत योजना के अन्तर्गत में मालदा डीवीजन के द्वारा सुलतानगंज स्टेशन परिसर सहित अन्य जगहों के सौंदर्यकरण किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इसी कड़ी में वजह से मालदा डीवीजन के डीआरएम के निर्देश पर स्टेशन परिसर में संचालित सभी अतिक्रमण दुकानो को बुलडोजर के माध्यम से हटाया जा रहा है। जिससे अमृत भारत योजना के तहत सौंदर्यकरण के कार्य हो सके। इस दौरान रेलवे विभाग के सभी अधिकारी, स्थानीय पुलिस पदाधिकारी एंव तमाम दुकानदार मौजूद थे।

अस्पताल परिसर में एक अधेड़ मूर्छित हो गिरा

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिला का सबसे चर्चित जयप्रकाश नारायण सदर अस्पताल जहां हर समय किसी न किसी लापरवाही व अनियमितता बढ़तने के मामले तो कभी मरीजों को अस्पताल कर्मियों द्वारा निजी अस्पताल में लेजाने जैसे कई मामलों को लेकर सुर्खियों में बना रहता है, अस्पताल में इलाज के लिए आये रोग से पीड़ित मरीज अपना इलाज करवा कर ठीक स्वस्थ हो अपने घर को खुशी-खुशी लौटते हैं, तो वहीं कई मरीजों को अस्पताल कर्मियों की अनदेखी व लचर व्यवस्था से निराश होकर भी वापस लौट जाना पड़ता है। एक बार फिर ऐसी ही एक लापरवाही का मामला सामने आया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि जयप्रकाश नारायण सदर अस्पताल परिसर कैंपस के ठीक पीछे मिरजानहाट शीतला स्थान चौक के रहने वाले प्रीतम कुमार अचानक मूर्छित होकर गिर पड़ा उसके गिरने के करीब एक घंटे तक वो जमीन पर यूं ही मूर्छित हो गिरा पड़ा रहा था, लेकिन अस्पताल का ना तो कोई कर्मचारी वहाँ पहुंचा और ना ही कोई गार्ड, वहीं अस्पताल पहुंचे अन्य मरीज के परिजन भी उक्त व्यक्ति को ऐसे ही छोड़ दिए। मूर्छित व्यक्ति की खैरियत लेने की किसी ने पहल नहीं की। वहीं जब मीडिया प्रतिनिधि वहां पर पहुंचे, तब उक्त स्थल पर गार्ड और कर्मचारी भी पहुंचे और मूर्छित पड़े व्यक्ति को उठाकर इमरजेंसी में लेजाया गया जहां भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। वही डॉक्टर का कहना है कि अधेड़ व्यक्ति को मिर्गी की बीमारी होना प्रतीत हो रही है। अगर ज्यादा देर तक पड़ा रहता तो उसकी मौत भी हो सकती थी। जब अस्पताल में घंटों मरीज इस तरह से पढ़े मिले तो समझा जा सकता है कि अस्पताल में निगरानी व्यवस्था कैसी है।

बचपन का प्यार को दिया जीवन संगनी का दर्जा

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। बचपन का प्यार कभी भूल नहीं जाना रे, ऐसा ही कुछ दृश्य कर दिखाया सबौर की मीनाक्षी और नीरज ने हकीकत में बदल दिया। मामले की हकीकत का पता तब चला जब एक जोड़ी नई नवेली दुल्हन अपने पति के साथ सुरक्षा की गुहार लगाने एसएसपी कार्यालय पहुंची।

जहां एसएसपी से मिलकर अपने जान माल की सुरक्षा की गुहार को लेकर आवेदन दिया है। दरअसल भागलपुर सबौर के भिट्ठी की रहने वाली मीनाक्षी और सबौर के ही नीरज कुमार दोनों बचपन से ही एक साथ स्कूल में पढ़ते थे, इस दौरान दोनों अच्छे दोस्त बन गए थे। कॉलेज में भी एकसाथ पढ़े धीरे धीरे दोनों में प्यार हो गया और इसके बाद दोनों एक दूसरे से मिलने लगे इसी क्रम में दोनों ने साथ जीने मरने की कसमें खाई, लेकिन घरवालों को इसकी भनक लगते ही मीनाक्षी की पढ़ाई बन्द कर घर मे बन्द कर दिया था। विगत चार मई की रात मौका पाकर मीनाक्षी घर से भाग कर नीरज के साथ गोनू बाबा धाम मन्दिर में पहुँची और शादी रचा ली।

जब मीनाक्षी के परिवारवालों को इसकी जानकारी मिली तो मीनाक्षी को फोन कर जान मारने की धमकी देने लगे। इसके बाद दोनों युगल जोड़ी अपनी जीवन रक्षा की गुहार ले एसएसपी आनंद कुमार के समक्ष पहुंचे जहां उन्होंने अपने जीवन रक्षा व सुरक्षा को लेकर गुहार लगाई। वही एसएसपी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए सबौर थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह को पति पत्नी के लिए सुरक्षा प्रदान करने की बात कही। साथ ही उनके अपील को सुनकर उन्होंने सुरक्षा के आश्वासन भी दिये हैं।

स्वास्थ्य विभाग ज्वाइंट सेक्रेट्री व एडीशनल डायरेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल का जायजा लेने के लिए दो सदस्यीय टीम के आगमन के साथ ही पूरे विभाग में अफरा तफरी का माहौल बन गया। टीम को लेकर बताया जा रहा है कि जॉइंट सेक्रेटरी सुधीर कुमार व एडीशनल डायरेक्टर एके गुप्ता ने सभी वार्ड, विभाग एवं भवनों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई वार्डों में अनियमितता पाई, तो कई वीभागों में साफ सफाई के साथ उसके रखरखाव पर भी बात की।

वहीं उन्होंने दवाइयों के स्टॉक को देखा साथ ही एक्सरे विभाग, पैथोलॉजी विभाग एवं ब्लड विभाग में भी पहुंच कर जानकारी प्राप्त करने के साथ साथ गतिविधियों का जायजा लिया। उसके बाद इमरजेंसी वार्ड और आईसीयू विभाग का जायजा लेने के साथ मरीजों के इलाज व रखरखाव को लेकर कई बिंदुओं पर मौजूद चिकित्सकों व पदाधिकारियों से वार्ता की। जांच टीम में ज्वाइंट सेक्रेट्री स्वास्थ्य विभाग सुधीर कुमार व एडीशनल डायरेक्टर ए के गुप्ता के नेतृत्व में मायागंज अस्पताल के अधीक्षक एवं कई पदाधिकारी मौजूद थे।

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के आगमन पर हुआ ऐतिहासिक स्वागत

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी भागलपुर पहुँचे। उनके आगमन पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन की अगुवाई में जगह जगह उनका जोड़दार स्वागत किया गया। बिहपुर में विधायक शैलेंद्र व शाहनवाज हुसैन ने उन्हें चांदी का मुकुट पहनाया। वही प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने क्षेत्र कई मंदिरों में पूजा अर्चना की। इसके बाद भागलपुर शहरी क्षेत्र में उनका काफिला जीरोमाइल से सर्किट हाउस तक जुलूस के साथ ले जाया गया। जहां सम्राट चौधरी ने इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश पर चुटकी ली। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात पर उन्होंने कहा कि वो मजाक करने जाते हैं। यहां से वो कहकर जाते हैं, विरोधी को एकजुट करेंगे, और वहां जाकर भूल जाते हैं। यहां जो वो माहौल बना रहे हैं की विरोधी दल मिल रहे हैं वो अपने आप मे हास्यास्पद है। वो बिहार के लोगों को झूठ बोलना सीखा रहे है।

महाराणा प्रताप जयंती पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड के नवगाई ग्राम स्थित युवक संघ राष्ट्रीय पुस्तकालय के प्रांगण में महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसकी अध्यक्षता अवकाश प्राप्त शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया अभिराम चौधरी थे। ग्रामीण विकास फाउंडेशन ,युवक संघ राष्ट्रीय पुस्तकालय एवं ओएसिस कोचिंग सेंटर नवगाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत कलाकार पुष्पेंद्र कुमार सिंह द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन पर आधारित वीर गाथा गीत के साथ किया गया। इसके बाद स्कूली बच्चों के बीच महाराणा प्रताप से जुड़े प्रश्नों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को ओएसिस कोचिंग सेंटर द्वारा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 80 वर्ष की उम्र पार कर चुके गाँव के बरिष्ठ नागरिकों को सुनील कुमार सिंह राठौर के सहयोग से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर मौलेश्वरी प्रसाद सिंह, सरपंच विनय कुमार सिंह, प्राचार्य इंद्रजीत सिंह, प्राचार्य मनोज कुमार सिंह, त्रिलोचन सिंह, मृगेन्द्र सिंह, शिव कुमार सिंह, रामाशीष चौधरी, कौशल सिंह एवं डॉक्टर संतोष मिश्रा आदि ने भी महाराणा प्रताप के संबंध में अपने अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम का संचालन फाउंडेशन के अध्यक्ष ठाकुर अनुरंजन सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान सर्वजीत सिंह आशुतोष उर्फ सिप्पी, सत्यम, रमेश सिंह आदि मौजूद थे।

पंचायत उपचुनाव में अंतिम दिन 05 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

संग्रामपुर। पंचायत उपचुनाव 2023 को लेकर प्रखंड कार्यालय में नामांकन के अंतिम दिन 9 मई को पांच नामांकन पत्र दाखिल किए गए। विदित हो कि प्रखंड के बढ़ौनियां पंचायत से एक पंचायत समिति सदस्य, रामपुर पंचायत वार्ड नं 3 से ग्राम पंचायत सदस्य के आलावे राजद पंच पद के लिए रामपुर पंचायत वार्ड नंबर 4,9, 12, 13 तथा दुरमट्टा पंचायत वार्ड नं 5 के लिए चुनाव कराया जा रहा है। इसके लिए नामांकन की तिथि 3 मई से 9 मई तक के लिए निर्धारित की गयी थी। नामांकन की अंतिम तिथि तक बढ़ौनियां पंचायत से दो नामांकन पत्र रुपा कुमारी एवं अमरजीत पासवान द्वारा दाखिल किया गया। रामपुर पंचायत वार्ड नं 3 से ग्राम पंचायत सदस्य के लिए एकमात्र प्रत्याशी पूनम देवी द्वारा पर्चा भरा गया।

न्यायिक दंडाधिकारी के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष ने की बैठक

मुंगेर। जिला एवं सत्र न्यायाधीश- सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष दीपांकर पांडे ने कहा है कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार आगामी 13 मई 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इसको लेकर अध्यक्ष श्री पांडेय ने अपने अध्यक्षता में सभी न्यायिक दंडाधिकारी के साथ बैठक की। श्री पांडे ने न्यायिक दंडाधिकारी से कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत की अपेक्षा अधिक से अधिक वादों का निष्पादन कराना सुनिश्चित करें।

आर्दश पत्रकार संघ के निशिकांत राय बने राष्ट्रीय महासचिव

मुंगेर प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । आर्दश पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार चतुवेर्दी ने निशिकांत राय को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्ति किया है। निशिकांत राय मुंगेर जिले के सुभाष नगर के रहने वाले है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनके उपर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया की आदर्श पत्रकार संघ क्रांतिकारी पत्रकारों का एक ऐसा संगठन है जो पत्रकार सुरक्षा, हित, संरक्षण के लिए सरकारी व्यवस्था से जंग जारी है और देश के अलग-अलग राज्यों से लोग जुड़ कर पत्रकार सुरक्षा अधिनियम कानून के लिए अपनी जद्दोजहद व संगठन ने ठानी है ! आगे आने वाले दिनों में बढ़ती कारवां पत्रकारों के लिए एकमात्र ऐसा संगठन साबित होगा जहां बिना किसी भेदभाव ऊंच-नीच छोटे-बड़े का अंतर रखे हुए सबको समान्य रूप से सबकी सुरक्षा संरक्षण जिम्मेदारी के लिए रूपरेखा तैयार कर कलम के सिपाहियों के ऊपर हो रहे अत्याचार से बचाव के लिए संगठन पूरी ताकत से लड़ाई लड़ने का काम करेगा। समान स्वाभिमान और कलम की रक्षा देश हित में समाज की अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को उसके अधिकार की बात और न्याय दिलाने के लिए आवाज बनना संगठन का मुख्य उद्देश्य है !

पत्रकारों द्वारा विशेष कार्य के लिए विशेष सम्मान से नवाजा जाएगा: इधर आर्दश पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार चतुवेर्दी ने आज सुनील कुमार को झारखंड का प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्त किया है। उन्हें झारखंड की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। मुंगेर जिला के खड़गपुर क्षेत्र के निवासी निशिकांत राय बीते 31 वर्षों से पत्रकारिता क्षेत्र मे जुड़े है । इंडियन पंच से अपने पत्रकारिता की शुरूआत करने वाले निशिकांत डा. जाकिर हुसैन संस्थान मुंगेर शाखा के प्रबंध निदेशक भी हैं !

आपने कई संस्थान के लिए काम किया है। संतोष सहाय बिहार के लिए एक ऐसा चेहरा जिन्होंने पूरी जीवन पूर्ण ईमानदारी निष्ठा और कलम के सच्चे सिपाही होने का गौरव से पत्रकारिता का सम्मान बढ़ाया कलम के सम्मान में कभी भी समझौता नहीं किया । मुंगेर के मूल निवासी संतोष सहाय बीते, 31 वर्षों से पत्रकारिता क्षेत्र मे सक्रिय रहे हैं. यूपी के सहारनपुर से इन्होंने वर्ष 94 में द ट्रिब्यून से पत्रकारिता की शुरूआत की ! भागलपुर विश्वविद्यालय से अंग्रेजी भाषा मे एम ए श्री सहाय ने वर्ष 92 में दिल्ली यूनिवर्सिटी से जर्नलिजम कोर्स किया है! बिहार वापस लौटने के बाद दैनिक हिंदुस्तान, दैनिक जागरण व दैनिक भास्कर मे विभिन्न पदों पर काम करने के बाद इसी वर्ष मुंगेर दैनिक भास्कर से बतौर ब्यूरो चीफ सेवानिवृत्त हुए हैं। संतोष सहाय जी को आदर्श पत्रकार संघ का प्रदेश अध्यक्ष बिहार बनाया गया है जिनके कंधों पर संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

टीबी को लेकर स्वास्थ्यकर्मी चला रहे हैं जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । जब तक हमलोग जागरूक नहीं होंगे तब तक समाज के अन्य लोग जागरूक नहीं हो सकते हैं। क्योंकि अकेले कोई भी इंसान या संगठन किसी के खिलाफ क्रांति नहीं ला सकता है। कुछ इसी तरह की क्रांति लाने के लिए जीविका दीदियों का समूह कार्य करने में जुटा हुआ है। संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मिहिरकान्त झा ने बताया कि जिले में जीविका समूह से जुड़ी हुई दीदी टीबी जैसी बीमारी को आगामी 2025 तक जड़ से मिटाने में अपनी-अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। टीबी को जड़ से मिटाने के उद्देश्य से लगातार स्वास्थ्य कर्मियों सहित अन्य सहयोगी संस्थाओं के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाता है। टीबी संक्रमण की जांच से लेकर इलाज तक की सुविधा बिल्कुल निःशुल्क है। पौष्टिक आहार खाने के लिए टीबी मरीज को निक्षय योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। किसी भी व्यक्ति को टीबी के लक्षण दिखे तो घबराने की आवश्यकता नहीं है। नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर जांच करानी चाहिए। अगर दो सप्ताह तक लगातार खांसी हो या खांसी में खून निकलने जैसे लक्षण दिखे तो तत्काल सरकारी अस्पताल जाना चाहिए।

श्रीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिवाकर राजपाल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए आगामी 2025 का वर्ष निर्धारित किया गया है। जिसके लिए ग्रास रूट पर कार्य करने की आवश्यकता है। वहीं लोगों को भी समेकित रूप से इसकी जागरूकता को लेकर प्रयास करना होगा। जिले के सभी प्रखंडों में सामुदायिक स्तर तक स्वास्थ्य कर्मियों सहित कई अन्य सहयोगी संस्थाएं कार्य कर रही हैं। जिसमें जीविका समूह से जुड़ी हुई महिलाओं की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि ग्रामीण स्तर पर इनलोगों द्वारा बनाया संगठन कार्य करता है। प्रतिदिन इनलोगों द्वारा बैठक कर अधिक से अधिक रोगियों की खोज और उपचार कराई जाती है।

श्री नगर प्रखंड की वरीय यक्ष्मा पर्यवेक्षक ममता कुमारी ने बताया कि जनवरी 2023 में 09, फरवरी में 12 व मार्च महीने में 09 टीबी मरीजों की पहचान की गई है। स्थानीय अस्पताल में ही टीबी संक्रमित व्यक्तियों की बलगम (स्पूटम) जांच की जाती है। जांच होने के बाद इनलोगों को निःशुल्क दवा का वितरण किया जाता है। किसी भी व्यक्ति को अगर बीमारी हो जाए तो उसको नियमित रूप से दवा का सेवन करना होता है। लगातार छः महीनें तक इलाज के दौरान भरपूर मात्रा में पौष्टिक आहार लेना चाहिए। जैसे- सोयाबीन, दाल, मछली, अंडा, पनीर सहित हरि सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करना होता है। कर्नाटका हेल्थ प्रमोशन ट्रस्ट की प्रखंड समन्यवयक उषा कुमारी ने बताया कि स्थानीय श्री नगर प्रखंड के सभी पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका एवं सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ता सहित जीविका समूह से जुड़ी हुई दीदियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर सामुदायिक स्तर पर बैठक कर लोगों को टीबी को लेकर जागरूक किया जाता है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान किसी भी व्यक्ति में टीबी का लक्षण मिलने की स्थिति में स्थानीय अस्पताल रेफर किया जाता है या स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बलगम जांच करायी जाती है ताकि बीमारी की सही समय पर जानकारी मिल सके। उसके बाद निःशुल्क दवा दी जाती है।

पूर्व विधायक एवं जिप सदस्य ने अग्निपीड़ित परिवार के बीच वितरित किया राहत सामग्री

प्रात : किरण संवाददाता

रूपौली । पूर्व विधायक शंकर सिंह, प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र संख्या 05 की जिप सदस्य सह अध्यक्ष लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं ग्रामीण स्वच्छता समिति जिला परिषद पूर्णिया ने अग्नि पीड़ितों के बीच दुख की इस बेला में राहत सामग्रियों का वितरण कर उन्हें अन्य सुविधा मुहैया कराने का भरोसा दिलाया। इन्होंने अपने निजी कोष से मुहैया कराई गई राहत सामग्रियों में थाली, ग्लास, रसद सहित महिला पुरूषों के तन ढ़कने को वस्त्र आदि का वितरण किया। वहीं लक्ष्मीपुर छर्रापट्टी पंचायत में ही रंगरा बासा के अग्नि पीड़ितों को सरकारी लाभ से वंचित रहने की शिकायत सुन तत्काल ही अंचलाधिकारी सह आपदा प्रबंधन पदाधिकारी रूपौली राजेश कुमार को दूरभाष पर बात कर यथाशीघ्र सुविधा प्रदान करने की बात कहा। पीड़ित परिजनों ने अपनी अपनी दुख दर्द को बताया। राहत सामग्री वितरण करने पहुंचे पूर्व विधायक के कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया सुलोचना देवी, वार्ड सदस्य संघ के जिलाध्यक्ष सह उप मुखिया सुमन कुमार, पैक्स अध्यक्ष हिंमाशु कुमार, सोनू सिंह, समाजसेवी पप्पू कुमार उर्फ फाईटर, राजा कुमार, पुनित कुमार आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। राहत सामग्री अग्निपीड़ित परिवारों में राजकुमार शर्मा, सतीमा देवी, सुशील कुमार शर्मा, बीरबल शर्मा, सुलोचना देवी, रिंकी देवी सहित 26 पीड़ित परिजनों के बीच बांटा गया। बता दे कि आग ने लक्ष्मीपुर छर्रापट्टी पंचायत के पांचू टोला गांव में भयानक तबाही मचाई थी। आगजनी की इस घटना में 24 परिवारों के फूस के घर ज

संक्षिप्त खबरें

वार्ड पार्षद 15 के लिए किया नामांकन

गया।बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने गया नगर निगम वार्ड पार्षद के दो वार्ड चुनाव के लिए उपचुनाव के लिए आज डीआरडीए आफिस में आज वार्ड 15 के लिए दिपक चंद्रवंशी ने अपना नामांकन दाखिल किया, वार्ड पार्षद प्रत्याशी को नामांकन दाखिल के बाद समर्थक लोग ने फुल मालाओं से स्वागत किया।मिडिया को संबोधित करते हुए दिपक चंद्रवंशी ने कहा यह चुनाव मेरा नही है जनता यह चुनाव है वार्ड की जनता पर पूर्ण विश्वास है और माता बहनों का मेरे उपर आशीर्वाद है।हमने जो पिछले पाच सालो में वार्ड का विकास है उससे ज्यादा विकास करुगा और अपने वार्ड को बिहार का नं वन वार्ड बनाकर दिखाउंगा।

हज यात्रियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 मई को

गया।गया जिला के सभी हज यात्रियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14 मई 2023 के सुबह 09 बजे ए0आर0 पैलेस, नगमतिया रोड, गया में हज यात्रा से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।इसके साथ ही हज यात्रियों को पोलियो का टीका एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।सभी हज यात्रियों से अनुरोध है कि दिनांक 14 मई 2023 को सुबह 9:00 बजे ए0आर0 पैलेस, नगमतिया रोड, गया पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

भोजपुर में दो बाइक की आपसी भिड़ंत में बाइक सवार दो जख्मी

आरा।भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के आजमनगर गांव के समीप बुधवार की सुबह दो बाइक की आपसी भिड़ंत हो गई।हादसे में एक बाइक पर सवार दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए।जिसके बाद जख्मियों में एक को इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।वहीं जख्मी दूसरे युवक का इलाज गड़हनी पीएचसी में कराया जा रहा है।जानकारी के अनुसार जख्मी युवक गड़हनी थाना क्षेत्र के आजमनगर गांव निवासी अशोक सिंह का 20 वर्षीय पुत्र गुड्डूकुमार एवं दूसरा उसी गांव का निवासी उस दोस्त शामिल है।इधर जख्मी गुड्डूकुमार की मां ने बताया कि जख्मी युवक की बुधवार की सुबह वह बुधवार की सुबह अपने दोस्त के साथ बाजार घूमने जा रहा था।

नामांकन के दूसरे दिन भी नहीं खुला खाता,कटे 4 नाजिर राशिद

गड़हनी।भोजपुर जिले के नगर पंचायत गड़हनी में वार्ड 9 में पार्षद पद के लिए होने वाले उप चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन भी एक भी प्रत्यासीयों ने नामांकन नहीं कराया। प्रखंड गड़हनी के नाजिर पंकज कुमार ने बताया कि बुधवार को तीन लोगों नाजिर रसीद कटाया।अभी तक वार्ड पार्षद के लिए कुल 4 लोगों ने नाजिर रशीद कटवाया है।तीन मई 2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया था जिसमे कुल मतदाता 641 है।जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 315 एवम महिला मतदाता 326 है।

डीडीसी ने कर्मियों के साथ बैठक कर दिया कई निर्देश

करपी (अरवल) बुधवार को करपी प्रखंड कार्यालय में अरवल उप विकास आयुक्त रविंदर कुमार प्रधानमंत्री आवास कर्मियों के साथ में समीक्षा बैठक, उप विकास आयुक्त मीडिया से बात करते हुए कहा की बैठक में सभी आवास कर्मियों को बताया गया कि जो पेंडिंग मे अपूर्ण पड़े है उसे एक सप्ताह में आवास पूर्ण करने के लिए निर्देश दिया गया है उसके बाद जो मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना है उसको सर्वे करके जो बचा हुआ है उसको सर्वे कर पूरा किया जाएगा ग्रामसभा से पारित कर , उन्होंने कहा कि ऐसे लोग है जो पैसा भुगतान करने के बाद आवास पूर्ण रूप से नहीं बनाया है उसे पैसा का वसूली किया जाएगा।

पॉक्स मशीन संचालक द्वारा पीडीएस विक्रेता से हर महीने का मांगा जाता है नजराना

करपी(अरवल): पॉक्सो मशीन का करपी ब्लॉक कॉर्डिनेटर ब्रजभूषण शर्मा के द्वारा प्रत्येक जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का शोषण कर हर महीने लिया जाता है नजराना, जन वितरण प्रणाली दुकानदार के विक्रेताओं द्वारा विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक डीलर को बरगलाया जाता है और हर महीने डरा धमका कर अवैध 1000 हजार रुपया का नजराना महीना में मांगा जाता है,आगे मिली जानकारी के अनुसार अधिकारियों का नजरें धूमिल करने में लगे हैं सॉक्स मशीन का संचालक कारपी ब्लॉक कॉर्डिनेटर, प्रत्येक पीडीएस विक्रेता से हर महीने शोषण कर अवैध रूप से डरा धमका कर किया जाता है पैसे की वसूली।

प्रदूषण नियंत्रण के रेडियो वेब टेक्नोलॉजी संयंत्र जल्द लगेगा : नगर आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

गया।भारत के 132 नगरों में वायु की गुणवत्ता में सुधार हेतु राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण परिषद के द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें बिहार के तीन नगर यथा पटना नगर निगम गया नगर निगम एवं मुजफ्फरपुर नगर निगम का चयन किया गया है। मंगलवार को दोपहर 2:30 बजे अपर मुख्य सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार पटना के द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की समीक्षा की गई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रधान सचिव वन विभाग, सचिव बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद पटना ,नगर आयुक्त नगर निगम पटना, नगर आयुक्त नगर निगम मुजफ्फरपुर एवं नगर आयुक्त नगर निगम गया अभिषेक अभिलाषा शर्मा ने भाग लिया है।

गया नगर निगम क्षेत्र की नगर निगम के सभी सड़कों के सभी छोटे बड़े गड्ढे को तत्काल प्रभाव से भरने हेतु निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही साथ गया समाहरणालय एवं मिर्जा गालिब, चौक के नजदीक प्रदूषण नियंत्रण हेतु रेडियो वेब टेक्नोलॉजी से निर्मित आईटी कानपुर द्वारा विकसित संयंत्र लगाने पर विचार किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण हेतु गया नगर निगम में सीएनजी वाहनों के चालन पर भी विचार किया गया है।इस बैठक में नगर प्रबंधक गया नगर निगम, पर्यावरण पदाधिकारी गया नगर निगम एवं नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के कंसलटेंट सानू कुमार उपस्थित थे।

बेलगाम ट्रक ने सड़क पार कर रहे पलदार को रौंदा, मौत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया हाई स्कूल गेट के समीप बुधवार की अहले सुबह बेलगाम ट्रक ने सड़क पार कर रहे एक पलदार को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए बिहिया पीएचसी ले जाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा।

जानकारी के अनुसार मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया राजा बाजार वार्ड नंबर 8 स्व.जवाहर प्रसाद के 42 वर्षीय पुत्र ददन प्रसाद है। वह पेशे से पलदार था एवं बिहिया बाजार में पलदारी करता था। इधर मृतक के भाई बहादुर तुरहा ने बताया कि वह फल दुकानदार है और उसने मंगलवार की रात दो पिकअप तरबूज मंगवा कर घर के बाहर दुनिया हाई स्कूल के गेट के सामने ही रखा था। उसी तरबूज की रखवाली करने को लेकर वह छोटे भाई उपेंद्र के साथ वही सोया हुआ था। बुधवार की अहले सुबह जब वह शौच करने के लिए सड़क पार कर घर जा रहा था। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बेलगाम ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना परिवार के अन्य लोगों को दी। सूचना पाकर सभी घर के बाहर आए। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए बिहिया पीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन उसके शव को वापस आरा सदर अस्पताल ले आए।

इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई वर्तमान में दूसरे स्थान पर था। मृतक के परिवार में पत्नी रेणु देवी व चार पुत्री काजल,दीपापूजा एवं गुडन है। के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की पत्नी रेणु देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भोजपुर में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार छात्र को मारी टक्कर, मौत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर ब्लॉक के समीप बुधवार की सुबह अज्ञात वाहन ने बाइक सवार छात्र को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही।जानकारी के अनुसार मृतक नारायणपुर थाना क्षेत्र के अहिले गांव निवासी रामधारी सिंह का 22 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार है।

वह..पार्ट वन का छात्र था और कंपटीशन की भी तैयारी करता था। इसके बावजूद वह अपनी पॉकेट खर्च को लेकर कभी-कभी फोन कॉल पर शादी एवं अन्य पार्टियों में वीडियो रिकॉर्डिंग भी करता था। इधर मृतक का छोटा भाई गोलू कुमार ने बताया कि वह इमरजेंसी कॉल पर कभी-कभी शादी एवं अन्य पार्टियों में वीडियो रिकॉर्डिंग करने जाता था। बुधवार की सुबह भी वह बाइक पर सवार होकर वीडियो रिकॉर्डिंग करने के सिलसिले से ही एक अन्य युवक को लेने अपने गांव से उदवंतनगर गांव जा रहा था। उसी दौरान उदवंतनगर ब्लॉक समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद उसके दोस्त एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए उदवंतनगर पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद हम लोगों को फोन द्वारा इसकी सूचना मिली। सूचना पाकर परिजन पहले उदवंतनगर थाना पहुंचे। इसके बाद सभी आरा सदर अस्पताल आए। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाइयों में बड़ा था। मृतक के परिवार में मां सुनीता देवी एवं एक छोटा भाई गोलू कुमार है। मृतक के पिता रामधारी सिंह दिल्ली में रहकर प्राइवेट जॉब करते है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां सुनीता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भोजपुर सड़क हादसे में हुये जख्मी युवक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले में हुये सड़क हादसे में जख्मी युवक की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के एम्स में सोमवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक पीरो थाना क्षेत्र के चतुभुर्जी बरांव गांव निवासी रामचंद्र सिंह का 20 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार है एवं गांव पर ही रहकर खेती किया करता था। आपको बता दें कि बीते सोमवार की दोपहर वह अपने दोस्त सह बरांव पंचायत के मुखिया श्रीराम सिंह के भतीजे चंदन सिंह व अपने दो अन्य साथियों के साथ कार पर सवार होकर आरा के बाजार समिति से अपने गांव चतुभुर्जी बरांव वापस लौट रहा था। उसी दौरान पीरो थाना क्षेत्र के अलमारी टोला मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन सीधी भिड़ंत हो गई थी। हादसे में उसके दोस्त सह बरांव पंचायत के मुखिया श्रीराम सिंह के भतीजे चंदन सिंह की मौत हो गई। जबकि मनोज कुमार,गोल्डन सिंह एवं दीपू कुमार जख्मी हो गए थे। जिसके बाद तीनों को इलाज को इलाज के लिए आरा शहर के निजी अस्पताल लाया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद मनोज कुमार की हालत को चिंता देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे पटना के एम्स में भर्ती कर इलाज कराया जा रहा था। जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन द्वारा इसकी सूचना वहां के स्थानीय थाना को दी गई। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व दो बहन में पांचवें स्थान पर था। मृतक के परिवार में मां जोनिया देवी,तीन भाई हरेराम सिंह,कृष्णा सिंह,सोनू सिंह व दो बहन मुन्ना कुमारी एवं रीमा कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां जोनिया देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जिला पदाधिकारी अभियंत्रण महाविद्यालय का निरीक्षण किया

प्रात : किरण संवाददाता

कलेर (अरवल)।जिलाधिकारी ने अभियंत्रण महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने 2022 23 फाइनल परीक्षा का जायजा लिया। ज्ञात हो कि 7 सेमेस्टर के अंतर्गत इलेक्ट्रिकल मेकेनिकल एवं सिविल के 106 परीक्षार्थी फाइनल परीक्षा में भाग ले रहे हैं जो 17 मई तक चलेगा। परीक्षा की विधि व्यवस्था एवं कॉलेज के भौतिक जानकारी लेते हुए उन्होंने संबंधित विद्यालय के प्राचार्य प्रणव कुमार से कहा कि कदाचार मुक्त परीक्षा लिया जाए। वहीं उन्होंने विद्यालय की व्यवस्था को देखते हुए प्रधानाचार्य को सराहना करते हुए कहा कि संसाधन युक्त परीक्षा लिया जा रहा है जो बहुत ही सराहनीय है। इस मौके पर उन्होंने जानकारी दिया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा कॉलेज से संबंधित 8 एकड़ जमीन अधिग्रहण किया जाना है। जिसमें अध्यापकों के लिए रेसिडेंस एवं हॉस्टल के अलावे अन्य सुविधा युक्त भवन बनाया जाएगा। मौके पर जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने आचार्य प्रणव कुमार से स्कूल गतिविधियों एवं संवैधानिक विषय पर चर्चा करते हुए विद्यालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मो कासिम सहायक पुलिस अधीक्षक राजीव रंजन प्रखंड विकास पदाधिकारी मो यूनिस सलीम मेहंदिया थाना अध्यक्ष अमित कुमार के अलावे अन्य पदाधिकारी प्रो प्रणव कुमार से सामान्य गतिविधियों पर चर्चा करते हुए कहा कि स्कूल संचालन एवं व्यवस्था में यदि व्यवधान होता है तो प्रशासन का सहयोग ले।

जलसंकट से मचा हाहाकार: पीएचईडी विभाग पर कांग्रेसी नेताओं ने किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। गांव से लेकर शहर तक शहर में जलसंकट से हाहाकार मचा हुआ है। पानी का लेयर काफी नीचे चले जाने से इलाके के अधिकांश चापानल और बोर वेल्स सूख गए हैं। आलम यह है कि लोगों का पीना, नहाना, कपड़े और बर्तन धोना भी मुश्किल हो गया है। इससे आजिज औरंगाबाद में रोड पर कांग्रेसी नेताओं ने पीएचईडी विभाग के कार्यालय में मुख द्वार पर पानी समस्या को लेकर पदर्शन किया। पदर्शन का नेतृत्व अखिल भारतीय युथ ब्रिग्रेड नेता शहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने किया। सल्लू खान ने कहा कि जल संकट का मसला गांव से लेकर शहर तक पीएचईडी विभाग के लिए बेहद गंभीर है। लोग पानी के बिना त्राहिमाम कर रहे हैं। लोगों की समस्याओं से पीएचईडी विभाग बेपरवाह है। पीएचईडी और नगर में इतने सरकारी टैंकर होने के बावजूद पेयजलापूर्ति नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि जब पीएचईडी विभाग लोगों को सुविधा देनी चाहिए। यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे लोग आमरण अनशन करने को बाध्य हो जाएंगे। कहा कि जनता की सुनने वाला कोई नहीं। पीएचईडी विभाग और नगर परिषद में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जनता के हितों से किसी को कोई मतलब नहीं है। जल संकट व्याप्त है, लोग परेशान हैं लेकिन पीएचईडी विभाग और नगर परिषद के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा। हालात यही रहा तो जनता सड़क पर उतरने को भी बाध्य हो जाएगी। कहा कि शहर में जल संकट गहराता जा रहा है। जल संकट गहराने का कारण श्री सीमेंट फैक्ट्री परिसर में किया गया बोरिंग हैं। कहा कि फैक्ट्री को बटाने नदी से पानी लाना है परंतु परिसर में ही अनावश्यक रूप से अधिकारियों ने कई बोरिंग कराया है। सल्लू खां ने कहा 25 से 30 बोरिंग कराया गया है। फैक्ट्री चलाने एवं कार्य करने के लिए जमीन से पानी नहीं निकालना है परंतु यहां नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है। फैक्ट्री में हो रहे पानी खर्च को लेकर कई संगठनों ने बवाल किया है। कॉन्ग्रेस नेताओं ने इसको लेकर आंदोलन की घोषणा की है। बताया जाता है कि बटाने नदी से फैक्ट्री में पाइप लाइन से पानी लाना होता है। भूजल का पानी प्रयोग पर रोक है परंतु ऐसा हो नहीं रहा है। यही हाल ग्रामीण इलाके की है। ररफीगंज, मदनपुर, देव के अलावा कमोवेश सभी प्रखंडों में पानी संकट उत्पन्न हो गया है। पहड़तली इलाके में पानी के लिए कोहराम मचा है। जंगलों में रहने वाले पशु पानी बिना दम तोड़ रहे हैं। अबतक तीन हिरण के गांव में उतरने के कारण मौत हुई है पर जंगलतटीय इलाके के ग्रामीणों ने बताया कि पानी बिना जंगल में हिरण, बंदर, हनुमान के अलावा अन्य जंगली तड़पकर मर रहे हैं। ग्रामीण इलाके में पानी संकट को देखते हुए डीजल अथवा इलेक्ट्रीक मोटर के चलाने पर रोक लगा दी गई है। कांग्रेसी नेताओ को पीएचईडी विभाग के कर्चपालक अभियंता अभय कुमार ने समझाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्या बताए गई तो उन्हे ने जल्द ही समाधान करने की बात की ।कहा की शहरी इलाका में भी कुछ दिनों के बाद पीएचईडी विभाग काम करेगी शहर पानी के समस्या का निदान करेगी ।पानी की समस्या की वरीय अधिकारी को औगत करूंगा ।कांग्रेसी नेताओ गर्मी को देखते हुए पेयजल संकट को देखते हुए कांग्रेसी नेता सल्लू खां माथे पर रख कर पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

निर्देशन के लिये गुरु बक्शी विकास का नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। विगत दिनों गुरु बक्शी विकास के निर्देशन में पटना के कलक्ट्रीएट घाट पर अंतर्राष्ट्रीय गंगा महाआरती का प्रदर्शन हुआ। 11 दिवसीय गंगोत्सव कार्यक्रम का निर्देशन आरा के गुरु बक्शी विकास ने किया।

मुख्य संयोजक कैप्टन प्रवीण कुमार की परिकल्पना गंगा महाआरती को सफल बनाने में गुरु बक्शी विकास का मुख्य योगदान रहा। आईईए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से इस महाआरती को वर्ल्ड रिकॉर्ड के खिताब से नवाजा गया और आरा के गुरु बक्शी विकास का नाम निर्देशन के लिये गुरु बक्शी विकास का नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। गुरु विकास ने इस आरती के लिये चार भाषाओं में संगीत तैयार किया। आईईए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की तरफ से श्री संजीव कपूर व दूरदर्शन के निदेशक डॉ. राजकुमार नाहर ने गुरु विकास को प्रमाण पत्र व पदक प्रदान किया। गुरु विकास को इससे पूर्व कथक नृत्य के क्षेत्र में स्वर्ण पदक, नृत्य भूषण, कथक चक्र चूड़ामणि, नृत्य रत्न, नटेश्वर सम्मान समेत कई बड़े पुरस्कार प्राप्त हैं। इस उपलब्धि पर कैप्टन प्रवीण कुमार, पंडित विजय शंकर मिश्रा, पंडित रामप्रकाश मिश्रा, पंडित अरविंद कुमार आजाद, विदुषी बिमला देवी, पंडित दयानाथ उपाध्याय, पंडित भोला नाथ मिश्रा समेत कई लोगों ने बधाई दी। गुरु विकास ने बताया कि वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिये गंगा आरती की तैयारी पिछले 1 वर्षो से चल रहीं थी।

विश्व प्रसिद्ध गया जं पर गयापालो जंक्शन पर विष्णु चरण लगाने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

गया। भगवान विष्णु नगर में आज।श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति इलाके चौदह संईया गयापाल पंडा समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का एक शिष्टमंडल दल मंगलवार को समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल की अगुवाई में सदस्य मणि लाल बारिक, राजन सिजुआर एवं प्रेम नाथ टईया ने गया जंक्शन के स्टेशन प्रबंधक से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा।

शिष्टमंडल दल ने कहा कि गया रेलवे जंक्शन परिसर में भगवान विष्णु की चरण पादुका पूर्व में लगाई गई थी , लेकिन रेलवे विभाग के लापरवाही के कारण उसे हटा दिया गया है। उन्होंने स्टेशन प्रबंधक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि गया रेलवे जंक्शन पर प्रत्येक दिन रेल मार्ग से देश- विदेश से बड़ी संख्या में हिंदू तीर्थ यात्रियों और पिंडदानियों का आवागमन होता रहता है। गया जंक्शन पर्यटन के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। साथ ही पूरे विश्व में गया जी की पहचान विष्णुपद से है। इसके बावजूद भी हिंदुओं की भावनाओं को दरकिनार कर विष्णु चरण पादुका को हटा दिया गया है, जिससे लोगों में रेलवे के प्रति काफी रोष व्याप्त है।

जो करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों के आस्था के साथ खिलवाड़ है। भगवान विष्णु की चरण पादुका कई वर्षों से स्टेशन परिसर में लगी हुई थी। इसे हटाना उचित नहीं है। तीर्थयात्रियों एवं हिंदुओं की भावनाओं और गया जी के पौराणिक महत्व को देखते हुए गया रेलवे स्टेशन परिसर पर जल्द से जल्द भगवान विष्णु की चरण पादुका लगाने की मांग की

भोजपुर में दो बाइक की सीधी भिड़ंत में बाइक सवार तीन दोस्त जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाजार के समीप दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बारात जा रहे एक बाइक पर सवार तीन दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।जानकारी के अनुसार जख्मियों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के इंग्लिश टोला गांव निवासी भगवान सिंह का 25 वर्षीय पुत्र किंदल सिंह,जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पिलापुर गांव निवासी हीरालाल सिंह का 18 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार एवं आयर थाना क्षेत्र के आयर गांव निवासी सत्येंद्र कुमार सिंह का 17 वर्षीय पुत्र रमेश कुमार शामिल है। इधर जख्मियों के परिजन भीम कुमार यादव ने बताया कि संदीप कुमार अपने दोस्त किंदल सिंह एवं रमेश कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर अपने बड़े भाई दीपक कुमार का बारात रोहतास जिला के रामनगर गांव जा रहा था।

जैसे ही उनकी बाइक फतेहपुर बाजार के समीप पहुंची। तभी विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक ट्रक से चकमा खाकर सामने से इसकी बाइक से टकरा गई। जिससे वह तीनों बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

नुक्कड़ नाटक का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से नेहरू युवा केंद्र द्वारा ह्लकैच द रैनह्व वर्षा संचय कर जल बचाने की पहल नुक्कड़ नाटक ह्यअभियो से चेतह्व की प्रस्तुति भोजपुर जिला के जगदीशपुर प्रखंड,शाहपुर प्रखंड, बड़हरा प्रखंड,कोइलवर प्रखंड,आरा सदर प्रखंड में स्थानीय कलाकार अनिल सिंह, अंबुज कुमार,राजू सिन्हा,शेफाली श्रीवास्तव,रिया श्रीवास्तव,श्रेयश भारद्वाज द्वारा किया गया। इस अवसर वहाँ उपस्थित ऊडसुश्री निकिता सिंह ने कहा कि संचय करने या इकट्ठा करने की प्रक्रिया को जल संरक्षण कहा जाता है। विश्व भर में पेयजल की कमी एक संकट बनती जा रही है। इसका कारण पृथ्वी के जलस्तर का लगातार नीचे जाना भी है। इसके लिये अधिशेष मानसून अपवाह जो बहकर सागर में मिल जाता है, उसका संचयन और पुनर्भरण किया जाना आवश्यक है, ताकि भूजल संसाधनों का संवर्धन हो पाये। अकेले भारत में ही व्यवहार्य भूजल भण्डारण का आकलन 214 बिलियन घन मी. (बीसीएम) के रूप में किया गया है जिसमें से 130 बीसीएम की पुनः प्राप्ति हो सकती है। इस समस्या का एक समाधान जल संचयन है।

सेंसेक्स
61749.25 पर बंद
निफ्टी
18255.80 पर बंद

सोना
60592
चांदी
70100

म्यूचुअल फंड बाजार में होगा बहुत बड़ा बदलाव, मुनाफा बढ़ाने के लिए बदलेगा नियम

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय म्यूचुअल फंड बाजार में बहुत बड़ा बदलाव होने जा रहा है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने फंड प्रबंधकों के प्रदर्शन के आधार पर शुल्क वसूलने का नियम प्रस्तावित किया है यानी फंड के प्रबंधक फंड के प्रदर्शन के आधार पर निवेशकों से शुल्क ले सकेंगे। जानकारी के मुताबिक इस पर जल्द फैसला लिया जा सकता है। वर्तमान में, विभिन्न प्रकार की योजनाओं के आकार और प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) के आधार पर कुछ फीसद शुल्क के रूप में लिया जाता है।

सेबी प्रदर्शन से जुड़ी फीस के साथ म्यूचुअल फंड योजनाओं की एक नई श्रेणी का प्रस्ताव करने की तैयारी कर रहा है। इसक वजह है कि कई सक्रिय रूप से प्रबंधित म्युचुअल फंड अपने मानक सूचकांकों को मात देने में विफल रहे हैं। जानकारों के मुताबिक सेबी का यह प्रस्ताव पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज के शुल्क वसूली ढांचे के समान है, जिसके तहत म्यूचुअल फंड अग्रिम शुल्क वसूल कर सकेंगे। पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज एक पेशेवर वित्तीय सेवा है जहां इक्विटी पोर्टफोलियो का

प्रबंधन एक शोध दल की मदद से कुशल पोर्टफोलियो प्रबंधकों और शेयर बाजार के पेशेवरों द्वारा किया जाता है।

ज्यादा मुनाफा मिल सकेगा

जानकारों का मानना है कि यह नया नियम निवेशकों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है, जो ज्यादा रिटर्न देने में कारगर साबित हो सकता है। उनके मुताबिक सेबी पिछले कुछ समय से निवेशकों को फायदा पहुंचाने के लिए निवेश नियमों में बदलाव करता आ रहा है। यह नया प्रस्ताव वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सही प्रतीत होता है क्योंकि कुछ म्यूचुअल फंड योजनाओं ने लंबी अवधि में खराब प्रदर्शन किया है जबकि कुछ ने शीर्ष पीएमएस योजनाओं की तुलना में बेहतर रिटर्न दिया है। सेबी की इस पहल से फंड प्रबंधकों को निवेशकों के लिए बेहतर मुनाफा अर्जित करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

इसके नकारात्मक पहलू भी

हालांकि, इस प्रस्तावित हदलाव के नकारात्मक पक्ष भी हैं। जानकारों ने कहा कि पूरी संभावना है कि फंड के प्रबंधक निवेशकों को ज्यादा मुनाफा दिलाने और अपने फंड के शुल्क में वृद्धि करने के लिए अनुचित जोखिम उठा सकते हैं। इसका खराब असर निवेशकों को प्रभावित कर सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निवेशकों को इस तरह के शुल्क ढांचे को समझने में मुश्किल हो सकती है। इससे भ्रम बढ़ सकता है, जिससे निवेशकों की भागीदारी घट सकती है। इस तरह के शुल्क लेने वाले फंड में निवेश करने का निर्णय लेने से पहले संभावित जोखिमों और लाभों पर सावधानीपूर्वक विचार करना महत्वपूर्ण है। निवेशकों के लिए फंड प्रबंधक के ट्रैक रिकॉर्ड और निवेश रणनीति का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करना भी जरूरी हो जाएगा।

बैंकों में पड़े 35000 करोड़ का कोई दावेदार नहीं, वारिस खोजने में जुटी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। बैंकों में लावारिस पड़े जाम रकम को लेकर सरकार बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। एफएसडीसी की बैठक में बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों में बिना दावे वाली रकम को संबंधित लोगों तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाएगी। आपको बता दें कि बैंकों में 35000 करोड़ रुपए बिना दावे के रकम है, जिसका कोई दावेदार सामने नहीं आया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में फाइनेंशल स्टेबिलिटी ऐंड डिवेलपमेंट काउंसिल की बैठक में रेगुलेटर्स से कहा था कि वे बैंकिंग शेयर, डिविडेंड, म्यूचुअल फंड या इंश्योरेंस आदि के रूप में जहां भी बिना दावे वाली रकम पड़ी है, उसके सेटलमेंट के लिए विशेष अभियान चलाएं।

ऐसे में पहला सवाल बनता है कि बिना दावे वाली रकम कौन सी है। इसका जवाब है- ऐसा कोई भी डिपॉजिट जिसमें दस साल या उससे ज्यादा समय से कोई गतिविधि नहीं देखी गई है यानी रकम जमा करने वाले ने न तो फंड जमा किया और न ही उसे निकालने की जहमत की। ऐसा अमूमन तब होता है जब खाताधारक अपने चालू या बचत खाता जिसे वह अब इस्तेमाल नहीं करना चाहता, उसे बंद कराना भूल जाते हैं या फिर बैंक में जमा एफडी को बैंक को सूचित किए बिना खाते में रखते हैं। ऐसे भी मामले होते हैं जहां खाताधारक की मृत्यु हो चुकी होती है और नॉमिनी या कानूनी वारिस बैंक में जमा रकम को लेने के लिए दावा नहीं कर पाते। देश के तमाम खातों में जमा 35 हजार करोड़ रुपए बिना दावे वाली रकम को इस साल फरवरी में बैंकों ने रिजर्व बैंक के सुपुर्द किया था। ऐसे में अगर आपको जानना है कि आपका खाता भी इस कैटिगरी में है या नहीं, तो बैंक की नजदीकी शाखा जाकर पता किया जा सकता है। यही नहीं बैंक की वेबसाइट पर जाकर भी इसकी जानकारी ली जा सकती है। खाता ऐक्टिव करने के लिए बैंक आपसे आईडी दस्तावेज, अड्रेस प्रूफ और खाता इस्तेमाल न करने की वजह पूछ सकता है। हालांकि रिजर्व बैंक ऐसी रकम के लिए सेंट्रल वेब पोर्टल जल्द लाने जा रहा है।

डाबर, सिप्ला, विप्रो, टाटा स्टील समेत 9 स्टॉक देंगे तगड़ा मुनाफा, एक्सपर्ट्स ने की है खरीदारी की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को जहां कमजोरी के साथ बंद हुए वहीं, घरेलू शेयर बाजार भी सुबह की तेजी के ट्रैक से उतर गया। दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। बीच यह 2.92 अंक की मामूली गिरावट के साथ 61,761.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 62,027.51 अंक तक गया और नीचे में 61,654.94 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1.55 अंक यानी 0.01 फीसद की हल्की बढ़त के साथ 18,265.95 अंक पर बंद हुआ। ऐसे में आज के लिए आप किस शेयर पर दांव लगाना चाहेंगे मार्केट एक्सपर्ट इंट्राडे के लिए कुल 9 स्टॉक्स को खरीदने की सिफारिश किए हैं।

अनुज गुप्ता ने 405 के टारगेट प्राइस के साथ विप्रो को खरीदने की सलाह दी है। साथ 368 के स्टॉप लॉस के साथ चलने को कहा है। दूसरी ओर उन्होंने टाटा स्टील को करेंट प्राइस पर खरीदने की सलाह दी है। टाटा के इस स्टॉक के लिए आप 119 का टारगेट प्राइस रखें और स्टॉप लॉस 106 का लगाएं। आनंद राठी में टेक्निकल रिसर्च के वरिष्ठ प्रबंधक गणेश डोंगरे के स्टॉक्स डोंगरे ने

स्वास्थ्यङ्ग को 445 के टारगेट प्राइस और 415 के स्टॉप लॉस के साथ 425 पर खरीदने की सलाह दी है। दूसरी तरफ उन्होंने 322 के लक्ष्य मूल्य के लिए 309 पर बिरलासॉफ्ट को खरीदने की सिफारिश की है। इस स्टॉक पर 302 के स्टॉप लॉस के साथ चलने को भी कहा है। च्वाइस ब्रोकिंग के कार्यकारी निदेशक सुमीत बगड़िया ने आज के लिए 955-960 के टारगेट प्राइस के साथ सिप्ला के शेयर खरीदने को कहा है। साथ स्टॉप लॉस 925 का लगाकर चलें। उन्होंने डाबर को 528-535 के टारगेट प्राइस के साथ सीएमपी पर खरीदने और 508 का स्टॉप लॉस लगाकर चलने की सलाह दी है।

वैशाली पारेख के आज के स्टॉक्स

महिंद्रा एंड महिंद्रा को 1228 के स्टॉप लॉस और 1287 के टारगेट प्राइस के साथ 1245 पर खरीदें। इनका दूसरा स्टॉक है ईआईएच लिमिटेड, जिसको 188 पर स्टॉप लॉस 185 और टारगेट प्राइस 195 के साथ खरीदने की सलाह दी जाती है। जबकि, सिटी यूनियन बैंक को 138 पर स्टॉप लॉस 135 और लक्ष्य मूल्य 145 के साथ खरीद सकते हैं।

उर्वरक धांधली रोकने के लिए 112 इकाइयों के लाइसेंस रद्द, 30 एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी। सब्सिडी वाले उर्वरकों का गैर कृषि उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए पिछले छह महीनों में 15 राज्यों में स्थित 370 संयंत्रों का औचक निरीक्षण किया गया और उल्लंघन करने वाली 112 निर्माण इकाइयों के लाइसेंस रद्द किए गए। वहीं, आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत 30 प्राथमिकी दर्ज कर 11 को जेल भेजा गया है और 70,000 यूरिया बैग जब्त किए गए हैं। रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा, पिछले छह महीनों में गुजरात (92), केरल (54), तमिलनाडु (40) और कर्नाटक (39) में सबसे अधिक उर्वरक इकाइयों का निरीक्षण किया गया। पूरी दुनिया में इस समय उर्वरक संकट है। हमारे देश में किसानों को प्रति बोरी 2,000-2500 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है।

संकट में फंसी जयप्रकाश (जेपी) एसोसिएट्स 3,956 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाने में विफल हो गई है। इसमें मूल राशि और ब्याज भी शामिल हैं। जेपी समूह की कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लि. (जेएएल) ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी 30 अप्रैल को मूल रकम 1,642 करोड़ और ब्याज 2,314 करोड़ रुपये लौटाने में चूक गई। कंपनी ने विभिन्न बैंकों से कई तरह की जरूरतों के लिए यह कर्ज लिया था। जेएएल ने कहा, उस पर ब्याज समेत कुल 29,277 करोड़ का कर्ज है। इसे 2037 तक लौटाया जाना है।

कर्ज घटाने के लिए उठा रहे कदम

जेएएल ने कहा, वह कर्ज में कमी लाने को ठोस कदम उठा रही है। कुल उधारी में 18,106 करोड़ रुपये प्रस्तावित स्पेशल पर्पज व्हीकल को स्थानांतरित करने पर और कम हो जाएंगे। इसके लिए सभी हितधारकों से मिली मंजूरी को एनसीएलटी के आदेश का इंतजार है। फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को 6.2 फीसदी से घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया है। 2024-25 के लिए भी विकास दर अनुमान को 0.2 प्रतिशत घटाकर 6.7 फीसदी किया है।एजेंसी ने कहा, वैश्विक मांग के साथ उच्च महंगाई और ब्याज दरों के कारण भारत की आर्थिक वृद्धि दर में कमी आएगी। इसके साथही, फिच रेटिंग्स ने स्थिर दृष्टिकोण के साथ भारत की रेटिंग को बीबीबी (-) पर बरकरार रखा है।

क्रेडिट कार्ड से ऋण भुगतान रोकना बीमाधारकों के लिए अच्छा, कर्ज के जाल में फंसने से रोकेगा

नई दिल्ली, एजेंसी। कर्ज लौटाने के लिए क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल पर रोक का इरडाई का निर्देश पॉलिसीधारकों को कर्ज के जाल में फंसने से रोकेगा। बीमा कंपनियों ने बीमा नियामक के इस निर्देश का स्वागत किया है।

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडाई) ने हाल के आदेश में सभी जीवन बीमाकर्ताओं से कहा है कि वे बीमा पॉलिसी गिरवी रखकर लिए गए कर्जों को चुकाने में क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल पर फौरन रोक लगाएं। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा, पॉलिसी पर लिए गए कर्ज पर ब्याज दरें बिना गारंटी वाले व्यक्तिगत ऋण की तुलना में बहुत कम हैं। लिहाजा, ग्राहकों के लिए पॉलिसी ऋण चुकाने को क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करना वित्तीय समझदारी नहीं होगी।

क्रेडिट कार्ड पर चुकाना पड़ता है अधिक ब्याज

सिक्योरनाउ के सह-संस्थापक कपिल मेहता ने कहा, नियामक को यह लगता है कि क्रेडिट कार्ड से बीमा ऋण चुकाने वाले कर्ज के जाल में फंस जाते हैं। उन्होंने कहा, अधिकांश बीमा ऋण 8 से 15 फीसदी दर वाले होते हैं, जबकि क्रेडिट कार्ड की ब्याज दरें 20 फीसदी से ऊपर हो सकती हैं। आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस के एमडी-सीईओ कमलेश राव ने कहा, यह आदेश पॉलिसीधारकों के सर्वोत्तम हितों को सुनिश्चित करने में मदद करता है।

एशियन पेंट्स डैम्प फ्रूफ ने एक संगीतमय विज्ञापन लॉन्च किया

मुंबई, एजेंसी। गर्मी चल रही है और बारिश आने में अब ज्यादा वक्त नहीं रह गया है। इसलिए, घर के मालिकों को अपने घर को बारिश और लीकेज से बचाने के लिए आवश्यक तैयारी करनी होगी। इसे देखते हुए, एशियन पेंट्स ने स्मार्टकेयर डैम्प प्रूफ' के लिये एक नया कैम्पेन और टेलीविजन विज्ञापन लॉन्च किया है। इस विज्ञापन में ब्राण्ड एम्बेसेडर रणबीर कपूर और हरफनमौला मनोज पाहवा नजर आ रहे हैं। विज्ञापन में इन दोनों कलाकारों के बीच संगीत का एक दिलचस्प और मनोरंजक मुकाबला दिखाया गया है जिसमें छतों और टेरेस की मौसमी सीलन और लीकेज की चुनौतियों के लिये प्रभावी समाधान पर जोर दिया गया है। ऑगिल्वी द्वारा परिकल्पित इस टेलीविजन विज्ञापन में, रणबीर कपूर और मनोज पाहवा एक मजेदार कव्वाली मुकाबला करते हैं। वे दर्शकों को रिसती हुई और सीलन वाली छतों से घर के मालिक को होने वाली तकलीफ का प्रासंगिक सफर दिखाते हैं। इस विज्ञापन में एशियन पेंट्स स्मार्टकेयर डैम्प प्रूफ' की जबर्दस्त ताकत दिखाई गई है जोकि छतों एवं टेरेस की वाटरप्रूफिंग के लिए घरों का सबसे बड़ा रक्षक है।

सिकल सेल तथा थैलेसीमिया एवं अप्लास्टिक एनीमिया की रोकथाम के लिए नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग कर जेनेटिक कुंडली बनाये

भोपाल। जानलेवा बीमारी सिकल सेल तथा थैलेसीमिया एवं अप्लास्टिक एनीमिया की संपूर्ण रोकथाम के लिए सभी चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े लोगों को मिलजुल कर विशेष रुप से आदिवासी बच्चों और उनके परिजनों के बीच मिशन चलाने की जरूरत है। जिसके तहत अधिकतम व्यक्तियों की जांच और बेहतर स्वास्थ्य मुहैया कराई जायें। इसके साथ ही हमें नवजात शिशुओं की पूरी स्क्रीनिंग करते हुए उसकी जेनेटिक कुंडली भी बनानी होगी ताकि संभावित मरीजों पर आरंभिक दौर में लगाम लगाई जा सके। सिकलसेल के साथ ही हमें थैलेसीमिया और एप्लास्टिक एनीमिया जैसी गंभीर बीमारियों पर भी आरंभिक स्तर से ही प्रभावी ढंग से नियंत्रण करने की जरूरत है। हमें ऐसे मल्टीपरपज हेल्थ वर्कर्स की जरूरत है जो लोगों को ट्रेनिंग देने के साथ-साथ उन्हें इस बीमारी के खिलाफ लड़ने के लिए मोटिवेट भी कर सकें।

81 प्रतिशत लुढ़कने के बाद 9 दिन में 38 प्रतिशत चढ़ा ब्राइटकॉम ग्रुप का शेयर

दिग्गज इनवेस्टर शंकर शर्मा ने खरीदे 2.5 करोड़ शेयर

नई दिल्ली, एजेंसी। एक साल में 81 पर्सेंट लुढ़कने के बाद डिजिटल मार्केटिंग कंपनी ब्राइटकॉम ग्रुप के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। कंपनी के शेयर बुधवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 13.02 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। पिछले 9 दिन में ब्राइटकॉम ग्रुप के शेयरों में 38 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। दिग्गज इनवेस्टर शंकर शर्मा ने ब्राइटकॉम ग्रुप के शेयरों पर बड़ा दांव लगाया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 72 रुपये है।

ब्राइटकॉम ग्रुप लिमिटेड के शेयरों में पिछले 9 ट्रेडिंग सेशन में 38 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 28 अप्रैल 2023 को बीएसई में 9.35 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे थे। ब्राइटकॉम ग्रुप के शेयर 10 मई 2023 को बीएसई में 13.02 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। वहीं, पिछले 5 दिन में ब्राइटकॉम ग्रुप के शेयरों में करीब 21 पर्सेंट की तेजी आई है। कंपनी के शेयर 4 मई 2023 को बीएसई में 10.75 रुपये के स्तर पर थे, जो कि 10 मई को 13.02 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं।

शंकर शर्मा के पास हैं कंपनी के 2.50 करोड़ शेयर

दिग्गज इनवेस्टर शंकर शर्मा के पास ब्राइटकॉम ग्रुप के 2.50 करोड़ शेयर या 1.24 पर्सेंट हिस्सेदारी है। यह डेटा मार्च 2023 तिमाही तक का है। ब्राइटकॉम ग्रुप

के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 9.27 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 2627 करोड़ रुपये है। कंपनी ने पिछले 2 साल में 2 बार बोनस शेयर दिए हैं। कंपनी ने अगस्त 2021 में 1ः4 के रेशियो में बोनस शेयर दिया है। वहीं, मार्च 2022 में कंपनी ने 2:3 के रेशियो में बोनस शेयर दिया है।

दवाओं पर कारोबार मार्जिन को वाजिब बनाने पर 16 मई को बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और दवा उद्योग के बीच 16 मई को दिन भर चलने वाली प्रस्तावित बैठक में दवाओं पर कारोबार मार्जिन को तर्कसंगत बनाने (ट्रेड मार्जिन रेशनलाइजेशन) सहित दवा के मूल्य निर्धारण जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। उद्योग जगत के सूत्रों ने कहा कि अगले सप्ताह होने वाली इस बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और औषधि विभाग के अधिकारी भाग लेंगे। बैठक में राष्ट्रीय दवा मूल्य प्राधिकरण (एनपीपीए), स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी भी भाग लेंगे। इस बैठक में कई उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

सूत्रों ने कहा कि चर्चा में टीएमआर एक बड़ा मुद्दा होगा। सूत्र ने कहा, 'टीएमआर के अलावा अगले बैचों में सीलिंग प्राइस में बदलाव पर भी चर्चा होगी। सीलिंग प्राइस का निर्धारण करने समय एक ही कंपनी की एक दवा के कई ब्रांड होने पर एक ब्रांड के मूल्य पर विचार करने पर भी बैठक में चर्चा हो सकती है। केंद्र सरकार पिछले कुछ समय से बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर कारोबार मार्जिन को तार्किक बनाने पर विचार कर रही है। इसका मकसद इन दवाओं की कीमतों में कमी लाना है।

इस पूरे मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों का कहना है कि टीएमआर चरणबद्ध तरीके से लागू होगा और पहले चरण में 100 रुपए या इससे अधिक मूल्य की दवाएं शामिल की जा सकती हैं। सूत्र ने कहा, 'दवाओं के मूल्य पर फिलहाल कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। अगले सप्ताह होने वाली प्रस्तावित बैठक में इस विषय पर चर्चा होने की संभावना है। दवा बनाने वाली कंपनियां जिस मूल्य पर थोक विक्रेताओं को दवाओं की बिक्री करती हैं उसे कारोबार मार्जिन कहा जाती है। थोक विक्रेता दवाएं फिर स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं (रिटेलर) को बेचते हैं और उसके बाद उपभोक्ता अधिकतम खुदरा मूल्य का भुगतान करते हैं। सूत्रों ने दावा किया कि सरकार ट्रेड मार्जिन 33-50 प्रतिशत के बीच तय कर सकती है। इस बीच, कारोबारी इकाइयों ने सरकार एवं एनपीपी से एनएलईएम दवाओं पर मौजूदा कारोबार मार्जिन में संशोधन पर विचार करने के लिए कहा है।

महिन्द्रा ई-हब का इनक्यूबेशन प्रोग्राम युवा उद्यमियों को विशेषज्ञों के मार्गदर्शन और नेटवर्किंग अवसरों की पेशकश करेगा

हैदराबाद/नयी दिल्ली, एजेंसी। महिन्द्रा युनिवर्सिटी की पहल महिन्द्रा ई-हब ने आकांक्षी उद्यमियों और शुरूआती चरण के उद्यमों के लिए प्री-इनक्यूबेशन प्रोग्राम शुरू किया है। बारह सप्ताह वाले इस व्यवहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत एक सुगठित रूपरेखा की पेशकश की जाएगी जिसमें संवादात्मक व निर्देशात्मक सत्र, कौशल निर्माण और कारोबारी विचारों को वैधानिक बनान और उन्हें शोधित करना एवं एक ठोस वित्तीय योजना के साथ उन्हें जमीन पर उतारने की स्थिति में लाना शामिल है। इस कार्यक्रम के लिए आवेदन लेना 20 अप्रैल से प्रारंभ हुआ है जो 20 मई तक जारी रहेगा।

इस प्री-इनक्यूबेशन कार्यक्रम का ज़ोर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआर और वीआर, एंटरप्राइस टेक, फिन टेक, ग्रीन टेक्नोलॉजी, मोबिलिटी एवं लॉजिस्टिक्स एवं अन्य प्रौद्योगिकी क्षेत्रों पर है। इसे 18 वर्ष से लेकर 40 वर्ष की आयु के बीच के अंग्रेजी बोलने वाले युवा उद्यमियों को सहयोग करने के लिए डिजाइन किया गया है। शुरूआती चरण के स्टार्टअप्स, कामकाजी पेशेवर और उदीयमान उद्यमी जो भारत में पंजीकृत हैं या उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) से मान्यता प्राप्त करने के पात्र हैं, वे इस कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्री-इनक्यूबेशन एक ऐसा निशुल्क कार्यक्रम है जो 10 जून से शुरू होगा।

भारत, कनाडा कुशल कामगारों, छात्रों की आवाजाही पर बातचीत में तेजी लाने पर सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और कनाडा ने कुशल कामगारों, पेशेवरों और छात्रों की आवाजाही को लेकर बातचीत में तेजी लाने पर सहमति जतायी है। दोनों देश यह मानते हैं कि द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कनाडा की अंतरराष्ट्रीय व्यापार, निर्यात संवर्धन, लघु उद्यम तथा आर्थिक विकास मंत्री मैरी एनजी के बीच बैठक के बाद संयुक्त बयान में यह कहा गया। दोनों नेताओं ने व्यापक व्यापार समझौते के महत्व पर जोर दिया।

उल्लेखनीय है कि दोनों देशों ने 2022 में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत शुरू की थी। लक्ष्य को हासिल करने के मकसद से व्यापार समझौते पर शुरूआती प्रगति (ईपीटीए) पर बातचीत जारी है और इस पर कई दौर की बातचीत पहले ही हो चुकी है। व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते की दिशा में ईपीटीए शुरूआती कदम है। व्यापार समझौते पर शुरूआती प्रगति के तहत अन्य बातों के अलावा वस्तुओं, सेवाओं, निवेश, व्यापार के समक्ष तकनीकी बाधाएं और विवाद समाधान शामिल हैं। दोनों मंत्रियों की यह बैठक व्यापार और निवेश पर भारत-कनाडा मंत्री स्तरीय बातचीत के तहत हुई। गोयल बैठक के लिये कनाडा में थे। बयान के अनुसार, ''मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच बड़ी संख्या में पेशेवरों, कुशल श्रमिकों, छात्रों तथा कारोबारियों की यात्रा और द्विपक्षीय आर्थिक भागीदारी बढ़ाने में इनके महत्वपूर्ण योगदान पर गौर किया।

केकेआर और राजस्थान रॉयल्स में मुकाबला आज

अब कोलकाता बिगाड़ेगा प्वाइंट्स टेबल का खेल

कोलकाता (एजेंसी)। पिछले कुछ मैचों में अच्छे प्रदर्शन से प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम गुरुवार को यहां संघर्षरत राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंक तालिका में शीर्ष चार में जगह बनाने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। दो बार के चैंपियन केकेआर ने करो या मरो की स्थिति में पहुंचने के बाद शानदार प्रदर्शन किया तथा सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के खिलाफ अंतिम गेंद तक पहुंचे पिछले दोनों मैचों में जीत दर्ज करके प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा।

जीते तो शीर्ष चार टीम में आ जाएंगे – इन दोनों मैचों में जीत से केकेआर का न सिर्फ मनोबल बढ़ा बल्कि वह अंक तालिका में आठवें से छठे स्थान पर पहुंच गया। अभी केकेआर और राजस्थान रॉयल्स सहित चार टीमों के समान 10 अंक हैं। अभी भले ही नेट रन रेट के आधार पर रॉयल्स की टीम आगे हो लेकिन यदि केकेआर इस मैच में जीत दर्ज करता है तो समीकरण भी बदल जाएंगे और नितीश राणा की अगुवाई वाली टीम शीर्ष चार टीम में जगह बना देगी। केकेआर की टीम जहां पिछले दोनों मैच में जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं वही पिछले सत्र का उपविजेता राजस्थान रॉयल्स लगातार तीन मैचों में हार से पस्त है। राजस्थान रॉयल्स की टीम अपनी गलत रणनीति के कारण 200 रन से अधिक के स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही और अब वह करो या मरो की स्थिति में पहुंच गई है।

चक्रवर्ती तुरुप का इक्का साबित हुए – केकेआर की टीम गेंदबाजी में सबसे वरुण चक्रवर्ती पर निर्भर रहेगी जिन्होंने उसकी पिछली दोनों जीत में अहम भूमिका निभाई थी। सनराइजर्स के खिलाफ जहां चक्रवर्ती ने अंतिम ओवर में नौ रन का सफलतापूर्वक बचाव किया वहीं पंजाब के खिलाफ उनकी गेंदबाजी ने अंतर पैदा किया। ऐसे समय में जबकि अनुभवी गेंदबाज सुनील नारायण विकेट हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तब चक्रवर्ती केकेआर के लिए तुरुप का इक्का साबित हुए हैं। उन्होंने इस सत्र में अभी तक 17 विकेट हासिल किए हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी उनके चार ओवर महत्वपूर्ण होंगे। केकेआर की टीम प्रबंधन ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में शामिल शार्दुल ठाकुर को पंजाब के खिलाफ मैच में गेंदबाजी नहीं करवाने का फैसला किया, लेकिन इससे उनका तेज गेंदबाजी विभाग काफी कमजोर नजर आया। इस मैच में वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा ने आखिरी दो ओवर में 36 रन लुटाए। यह देखना होगा कि केकेआर अगले मैच में शार्दुल का उपयोग करता है या नहीं।

राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर और संजू सैमसंग जैसे शानदार फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं और ऐसे में केकेआर के गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। केकेआर के लिए जहां तेज गेंदबाजी विभाग चिंता का विषय है वहीं रॉयल्स को भी इस महत्वपूर्ण मैच में सही रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा। सनराइजर्स के खिलाफ मैच में ओवेद मैकाय के बजाय कुलदीप यादव को 19वां ओवर सौंपने का फैसला गलत साबित हुआ क्योंकि इस युवा तेज गेंदबाज ने इस ओवर में 24 रन लुटा दिए थे।

टीम इस प्रकार हैं

कोलकाता नाइट राइडर्स –नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, जेसन रॉय, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड विसे, कुलवंत खेजरोलिया, मनदीप सिंह, आर्या देसाई और जॉनसन चार्ल्स।

राजस्थान रॉयल्स– संजू सैमसन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर, शिमरोन हेटमेयर, जो रूट, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, ओबेड मैककॉय, नवदीप सैनी, कुलदीप सेन, कुलदीप यादव, रविचंद्रन अश्विन , युजवेंद्र चहल, केसी करियप्पा, जेसन होल्डर, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौर, एडम ज़म्पा, केएम आसिफ, मुरुगन अश्विन, आकाश वशिष्ठ और अब्दुल पीए।

मैच शुरू– शाम 7.30 बजे।

मां बनने के बाद स्ट्राइकोवा ने जीता पहला मैच, मेरिना को 3 सेट में हराया

रोम (एजेंसी)। चेक गणराज्य की बारबरा स्ट्राइकोवा ने मातृत्व अवकाश से वापसी करते हुए अपना पहला महिला एकल मुकाबला जीता जब उन्होंने मंगलवार को यहां इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में मेरिना जानेवस्का को तीन सेट में हराया। सैंतीस साल की स्ट्राइकोवा ने यूक्रेन में जन्मीं बेल्जियम की खिलाड़ी के खिलाफ 6-1, 3-6, 6-3 से जीत दर्ज की। अपने बेटे विन्सेंट के जन्म के कारण स्ट्राइकोवा ने दो साल से भी अधिक समय बाद दो हफ्ते पहले टूर पर मैड्रिड ओपन के साथ वापसी की थी। मैड्रिड में स्ट्राइकोवा को एकल वर्ग के पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा था जबकि उन्होंने अपनी जोड़ीदार सीह सू वेई के साथ मिलकर युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। स्ट्राइकोवा अगले दौर में नौवीं वरीय मारिया सकारी से भिड़ेंगी। अन्य मुकाबलों में एना ब्लिंकोवा ने मायर शेरिफ को 2-6, 6-2, 6-3 से हराया जबकि नूरिया पेरिजास डियास ने ज्यूल नीमेइर को 4-6, 6-4, 6-2 से शिकस्त दी।

...फिल्मी है सूर्यकुमार की लव स्टोरी

अपने दोस्त से बोले सूर्यकुमार ये तेरी फ्रेंड है क्या? बात तो करवा ही सकता है

मुंबई (एजेंसी)।आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस ने एक बार फिर खराब दौर को पीछे छोड़ते हुए प्लेऑफ की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। और ये सब संभव हुआ है सूर्यकुमार यादव की बदौलत, जिसने आरसीबी के खिलाफ 35 गेंदों में 83 रन बनाए। वह इस सीजन में अभी तक 11 मैचों में 4 अर्धशतक भी जमा चुके हैं। सूर्यकुमार अगर मैदान पर चारों ओर बड़े शॉट खेलने का माद्दा रखते हैं और अपनी फिटनेस से सबको प्रभावित करते हैं तो इसके पीछे उनकी पत्नी देविशा शेट्टी का अहम रोल रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दोनों की पहली मुलाकात कब और कैसे दोनों की लव स्टोरी की शुरुआत हुई थी... तो आइए जानते हैं..।

सूर्या ने यूट्यूब के शो 'ब्रेकफास्ट विद चैंपियंस' में अपनी लव स्टोरी के बारे में खुलासा किया था। उन्होंने कहा था, कॉलेज में किसी और लड़की के साथ मैं बैठा हुआ था और मैं दूसरी तरफ देख रहा था। वो मेरे पीछे से चलकर आ रही थी। मेरे दोस्त ने आवाज दी तो हमने पीछे मुड़कर देखा। मेरे दोस्त ने मुझे और साइड में किसी को हाय किया।

फिर सूर्या ने अपने जोस्त से पूछा- ये तेरी फ्रेंड है क्या? बात तो करा ही सकता है। हाय-हेल्लो, बाकी बाद में देख लेंगे। मैं गया, बातचीत की। 5 मिनट मे बात खत्म और वो चली गई। मेरे दोस्त ने मुझसे बोला कि तेरे बस का कुछ नहीं है। उस वक्त बीबीएम बहुत चलता था।

सूर्या ने आगे बताया , मैं अपने दोस्त से कहा कि बीबीएम का पिन दिलवा दे, कहीं तो बात आगे बढ़े। मेरे दोस्त ने कहा कि मैं कोशिश करता हूं। अगले दिन मैं फिर बीबीएम पर रिक्वेस्ट भेजे जा रहा हूं और उधर से कैंसल होती जा रही है। इसके बाद मैंने फेसबुक पर रिक्वेस्ट भेज दिया, फिर उधर असेप्ट हो गई। जब लड़की ने पूछा कि क्या करते हो। तो सूर्या ने कहा, मैं मुंबई इंडियंस के लिए क्रिकेट खेलता हूं। मैंने सोचा कि ये अच्छा एंगल रहेगा, लेकिन उधर से साधारण रिप्लाई आए। इसके बाद हमने मिलकर बातचीत शुरू की। शुरू-शुरू में लड़ाई बहुत होती थी, लेकिन धीरे-धीरे सीरियस हो गया ।

शुभमन गिल को नजरअंदाज कर रहा बीसीसीआई 13 शतक के बावजूद नहीं मिल रही टीम में जगह

नईदिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2023 में भारत के अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ युवा खिलाड़ी भी पूरी तरह छाए हुए हैं और इस सीजन अब तक हर एक मैच का अपना अलग ही रोमांच दिखा है। हालांकि, आईपीएल के इस रोमांच के बावजूद सभी फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञों की निगाहें भारतीय टीम के आगामी अंतर्राष्ट्रीय मैचों पर बनी हुई है। भारतीय टीम आईपीएल 2023 के खत्म होते ही अगले महीने 7 जून से 11 जून के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी और यही नहीं इस साल के अंत में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप पर भी सभी फैंस की निगाहें टिकी हुई हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट्स के लिए मास्टर प्लान बना चुका है और इन टूर्नामेंट्स के लिए अनुभवी खिलाड़ियों के साथ कुछ युवा खिलाड़ियों को भी तैयार करने में जुटा हुआ है।

बीसीसीआई ने युवा खिलाड़ियों ईशान किशन, केएस भरत के साथ-साथ अनुभवी खिलाड़ियों अजिंक्य रहाणे, जयदेव उनादकट के मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह दी है। हालांकि, युवा खिलाड़ी शुभमन गिल ने भी हाल ही में भारतीय टीम में शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्हें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए नहीं चुना गया। शुभमन चाहे ही टेस्ट चैंपियनशिप में जगह नहीं बना पाए हों, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि वह वनडे विश्व कप के लिए बीसीसीआई की योजनाओं का हिस्सा हैं। बीसीसीआई जहां युवा खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के चलते राष्ट्रीय टीम में जगह दे रहा है, लेकिन इन्हीं युवा खिलाड़ियों में से एक नाम सरफराज खान का भी है, जिन्हें बीसीसीआई बार-बार नजर अंदाज कर रहा है।

सरफराज के नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 13 शतक, करीब 80 की औसत से बना रहे रन – सरफराज खान के नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 37 मैचों की 54 पारियों में 79.65 की औसत से कुल 3505 रन दर्ज हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सरफराज 13 शतक और 9 अर्धशतक लगा चुके हैं, लेकिन इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद इस खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह नहीं मिल रही। भारतीय टीम ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेली थी और इस सीरीज में सरफराज के साथ फैंस को भी पूरी उम्मीद थी कि उन्हें भारतीय टीम में चुना जाएगा, लेकिन भारतीय टीम में जगह ना मिलने परसरफराज साथ-साथ फैंस ने भी निराशा व्यक्त की थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के दौरान युवा खिलाड़ी श्रेयस अय्यर जो भारतीय टीम का हिस्सा थे, जब वह चोटिल हो गए तो फिर यह कहा जाना लगा कि सरफराज को उनकी जगह टीम में मौका मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

वहीं हाल ही में जब भारतीय अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल के दौरान चोटिल हो गए और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप से बाहर हो गए तो फैंस इस बार पक्का मान चुके थे कि सरफराज को भारतीय टीम में मौका जरूर मिलेगा, लेकिन बीसीसीआई ने राहुल के रिप्लेसमेंट के तौर पर ईशान किशन को टीम में जगह दी और सरफराज के हाथ एक बार फिर निराशा लगी।

डॉन ब्रेडमैन के बाद फर्स्ट क्लास क्रिकेट में दूसरे सबसे सफल खिलाड़ी – ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज सर डॉन ब्रेडमैन के बाद सरफराज खान फर्स्ट क्लास क्रिकेट में औसत के मामले में दूसरे सबसे सफल खिलाड़ी हैं ।ब्रेडमैन जिनका फर्स्ट क्लास क्रिकेट में औसत 95.14 का है, वहीं उनके बाद 79.65 की औसत के साथ दूसरा नंबर सरफराज खान का आता है। इसके अलावा पिछले दो-तीन साल से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका बल्ला खूब गरज रहा है। 2019-20 सीजन में वह 155 की औसत से 928 रन बना चुके हैं, जबकि 2021-22 सीजन में 123 की औसत से 900 से अधिक रन बनाए हैं।

भारत की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, रवींद्र जडेजा, मो. शमी, मो. सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट, सूर्यकुमार यादव, केएस भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), आर अश्विन, अक्षर पटेल

पिता के साथ बेटी भी है बेहतरीन खिलाड़ी, जीवा का धोनी के साथ फुटबॉल खेलने का वीडियो वायरल

चेन्नई (एजेंसी)। आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का टूर्नामेंट में अब तक प्रदर्शन शानदार रहा है। धोनी टीम के लिए इस सीजन फिनिशर का रोल बखूबी निभा रहे हैं। टूर्नामेंट में जहां धोनी अंतिम ओवरों में अपने गगनचुंबी छक्कों से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं, वहीं उनकी बेटी जीवा सिंह घोनी भी काफी सुर्खियों में हैं। जीवा की आए दिन कोई ना कोई प्यारी तस्वीर या वीडियो वायरल हो रही है। हाल ही में जीवा की एक ओर वीडियो काफी वायरल हो रही है, जिसमें वह फुटबॉल खेल रही हैं। इस वीडियो में धोनी को उनके साथ खेलते हुए देखा जा सकता है। चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर वीडियो शेयर किया है, इसमें धोनी के साथ जीवा को देखा जा सकता है और धोनी जिस अंदाज में गगनचुंबी छक्के लगाते हैं जीवा भी उसी अंदाज में फुटबॉल को किक मारती हुई नजर आ रही है। इस वीडियो में एक और छोटा बच्चा नजर आ रहा है, जो जबरदस्त अंदाज में बल्लेबाजी कर रहा है।

आईपीएल 2023 में शानदार फॉर्म में दिख रहे धोनी

आईपीएल 2023 में धोनी को ज्यादा बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला है, लेकिन वह जब-जब मैदान में उतरे हैं। उन्होंने अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी से फैंस का दिल जीता है। धोनी इस सीजन में 11 मैचों की 7 पारियों में 200 की स्ट्राइक रेट से कुल 76 रन बना चुके हैं और इस दौरान उनके बल्ले से 8 छक्के और 2 चौके निकले हैं।

बांग्लादेश-आयरलैंड मैच बारिश से धुला, दक्षिण अफ्रीका को हुआ फायदा, विश्वकप में बनाई जगह

चेम्सफोर्ड (एजेंसी)। बांग्लादेश और आयरलैंड के बीच तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने से दक्षिण अफ्रीका ने इस साल के आखिर में भारत में होने वाले वनडे विश्वकप में अपनी जगह सुरक्षित कर दी। आयरलैंड को आईसीसी वनडे सुपर लीग के जरिए विश्व कप में स्वत- प्रवेश करने के लिए श्रृंखला के तीनों मैच में जीत दर्ज करने की जरूरत थी। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका स्वत- क्वालीफाई नहीं कर पाता लेकिन इसके बजाय आयरलैंड को अब जून और जुलाई में होने वाले अंतिम क्वालीफाइंग दौर से गुजरना पड़ेगा।

मंगलवार को खेले गए मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 246 रन बनाए। इसके जवाब में आयरलैंड ने जब 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 65 रन बनाए थे तभी बारिश आ गई और इसके बाद आगे का खेल नहीं हो पाया। बांग्लादेश की तरफ से अनुभवी बल्लेबाज मुश्फिकर रहीम ने सर्वाधिक 61 रन बनाए जो उनका वनडे में 44 वां अर्धशतक है। नजमुल हुसैन शंटो ने 44 और तौहीद ह्रदय ने 31 गेंदों में 27 रन बनाए।

बांग्लादेश ने नियमित अंतराल में विकेट गवाएं। आयरलैंड की तरफ से जोश लिटिल सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 61 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके जवाब में आयरलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने पांचवें ओवर की समाप्ति तक 10 गेंदों के भीतर पॉल स्टर्लिंग (15) और कप्तान एंडी बालबर्नी (5) के विकेट गंवा दिए।

गोलकीपर अदिति को ओलंपिक क्वालीफायर्स से पहले वापसी की उम्मीद

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत की महिला फुटबॉल टीम की गोलकीपर अदिति चौहान को इस साल के आखिर में या फिर अगले साल के शुरू में ओलंपिक क्वालीफायर्स से पहले वापसी करने की उम्मीद है।

अदिति नेपाल के खिलाफ चेन्नई में मैत्री मैच खेलते हुए चोटिल हो गई थी। जिसके बाद उन्हें एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) का ऑपरेशन करवाना पड़ा था।

अपने घर पर स्वास्थ्य लाभ कर रही अदिति ने कहा,'' यह लंबी और चुनौतीपूर्ण यात्रा है लेकिन मैं इसे जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हूं।''

उन्होंने कहा,'' किसी खिलाड़ी के लिए यह बहुत निराशाजनक समय होता है, लेकिन मैं इस समय और ऊर्जा को कुछ सकारात्मक और रचनात्मक कामों पर लगाना चाहती हूं।''

तेपे सिगमन सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज

खिताब जीतने के लिए गुकेश के सामने स्वीडलर की चुनौती

मालमो,स्वीडन (एजेंसी)। तेपे सिगमन सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट में छठा राउंड शांतिपूर्ण बीता और खेले गए सभी मुक़ाबले बेनतीजा रहे और अब जबकि एक राउंड बाकी है यह देखना होगा की कौन सा खिलाड़ी खिताब अपने नाम करता है । छठे राउंड में भी 14 वर्षीय यूएसए के अभिमन्यु मिश्रा का शानदार प्रदर्शन बरकरार रहा और उन्होने दूसरे वरीय भारत के अर्जुन एरिगासी से बाजी ड्रॉ खेली । अन्य मुकाबलो में इज़राइल के बोरिस गेलफंड नें भारत के डी गुकेश से , रूस के पीटर स्वीडलर नें स्वीडन के निल्स ग्रंडेलीयूस से और जर्मनी के विन्सेंट केमर नें नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट से बाजी ड्रॉ खेली ।

अब छह राउंड के बाद पीटर और अभिमन्यु 4 अंक पर तो गुकेश और निल्स 3.5 अंको पर खेल रहे है , भारत के नजरिए से देखे तो गुकेश अंतिम राउंड में पीटर को हराकर अभी भी खिताब जीत सकते है जबकि अभिमन्यु और निल्स और पीटर के पास भी यही मौका होगा ।

पहलवानों ने उच्चतम न्यायालय की निगरानी में बृजभूषण का नार्को परीक्षण कराने की मांग की

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रदर्शनकारी पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के आरोपों पर बृजभूषण शरण सिंह के स्वयं के निर्दोष होने का दावा करने के बाद बुधवार को उच्चतम न्यायालय की निगरानी में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष का झूठ पकड़ने वाला नार्को परीक्षण कराने की मांग की।ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक तथा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट सहित देश के कुछ शीर्ष पहलवान पिछले एक पखवाड़े से जंतर-मंतर पर धरना दे रहे हैं और एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों के कथित यौन शोषण के मामले में बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। रियो ओलंपिक 2016 की कांस्य पदक विजेता साक्षी ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''जो लोग डब्ल्यूएफआई प्रमुख के पक्ष में बोल रहे हें और कह रहे हैं कि हम झूठ बोल रहे हैं, मैं कहती हूं कि बृजभूषण को उच्चतम न्यायालय की निगरानी में नार्को परीक्षण से गुजरना चाहिए... और सात महिला पहलवानों (जिन्होंने कथित यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए) को भी।''उन्होंने कहा, ''जो भी दोषी पाया जाए उसे फांसी पर लटका दो।'' दिल्ली पुलिस के 28 अप्रैल को बृजभूषण के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज करने के एक दिन बाद डब्ल्यूएफआई प्रमुख ने निर्दोष होने का दावा करते हुए था कि वह किसी भी तरह की जांच का सामना करने को तैयार हैं। साक्षी ने देश की महिलाओं से अपील की कि वे आगे आएं और पहलवानों का समर्थन करें जैसे उन्होंने 2012 में निर्भया मामले के समय किया था।

साक्षी ने कहा, ''मैं देश की महिलाओं से आग्रह करती हूं कि वे हमारा समर्थन करें जैसे उन्होंने निर्भया मामले में किया था। हमारे साथ एकजुटता दिखाएं क्योंकि हम भी महिलाओं के हितों के लिए लड़ रहे हैं। अगर हम यह लड़ाई जीतते हैं तो हम मजबूत संदेश देंगे लेकिन अगर हम हार जाते हैं तो हम 50 साल पीछे चले जाएंगे।'' पहलवानों ने साथ ही अधिकारियों के कथित तौर पर कार्रवाई नहीं करने के विरोध में गुरुवार को बांह पर काली पट्टी बांधने का फैसला किया। एशियाई खेल 2018 की स्वर्ण पदक विजेता विनेश ने कहा, ''मैं सभी व्यक्तियों और संगठनों से अपील करती हूं कि वे गुरुवार को काली पट्टी बांधकर हमारे विरोध प्रदर्शन में शामिल हों। कल, हम काली पट्टी बांधकर अपना विरोध व्यक्त करेंगे।''बुधवार को प्रदर्शनकारियों की संख्या में काफी इजाफा देखा गया।तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया ने कहा कि सार्वजनिक धारणा के विपरीत आंदोलनकारी पहलवान राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के खिलाफ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अगर प्रतियोगिताएं भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा नियुक्त तदर्थ पैनल की देखरेख में होती हैं तो वह उनका स्वागत करेंगे।पूनिया ने कहा, ''लेकिन अगर डब्ल्यूएफआई प्रमुख किसी भी तरह से शामिल हैं तो हम इसका विरोध करेंगे।''उन्होंने कहा, ''मैं आईओए तदर्थ समिति से सभी टूर्नामेंट आयोजित कराने का अनुरोध करता हूं क्योंकि हम भी कुश्ती गतिविधियों को रोकना नहीं चाहते। हम पहलवानों को यहां (विरोध स्थल) नहीं बुला रहे हैं क्योंकि उनके प्रशिक्षण और तैयारियों को नुकसान होगा। हम तदर्थ समिति के गठन की सराहना करते हैं।''

पूनिया ने कहा, ''एशियाई खेल और ओलंपिक क्वालीफायर जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होने वाले हैं। (तदर्थ) समिति को टूर्नामेंट आयोजित करने चाहिए (लेकिन) किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं जिस पर गंभीर आरोप लगे हों।'' उन्होंने कहा, ''लोग बार-बार कहते हैं कि हम टूर्नामेंट नहीं होने दे रहे हैं। मैं स्पष्ट कर दूं कि हमने किसी भी प्रतियोगिता को नहीं रोका है। लेकिन मेरा सवाल यह है कि जिसके खिलाफ इतने सारे आरोप हैं वह प्रतियोगिता कैसे आयोजित कर सकता है।'' यह पूछने पर कि क्या भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के किसी अधिकारी ने अभी तक पहलवानों से संपर्क किया है, पूनिया ने कहा, ''देखिए लोग आ रहे हैं लेकिन हमें आश्वासन नहीं चाहिए क्योंकि एक बार हम उनका आश्वासन ले चुके हैं और (तीन महीने बाद) हमें वापस लौटना पड़ा। यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक हमें न्याय नहीं मिलता।'' पूनिया ने यह भी आरोप लगाया कि सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ पहलवानों की छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वह किस सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''पूरा आईटी सेल पहलवानों की छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है।

संक्षिप्त समाचार

केरल में महिला हाउस सर्जन पर धारदार चाकू से वार, इलाज के दौरान हुई मौत

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। कोट्टाराकरा में हिंसक अवस्था में अस्पताल लाए गए एक मरीज ने बुधवार तड़के एक महिला हाउस सर्जन और चार अन्य को चाकू मार दिया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। एक चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि अस्पताल लाए जाने के समय हिंसक स्थिति में मौजूद व्यक्ति ने सर्जिकल ब्लेड उठाया और वंदना दास पर कई बार हमला किया, जब वह उसका इलाज कर रही थी। भारतीय चिकित्सा संघ के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा, सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, कोल्लम जिले के पूयापल्ली के 42 वर्षीय स्कूल शिक्षक संदीप ने अपने घर में हंगामा किया था और पुलिस द्वारा घायल होने के बाद उसे अस्पताल लाया गया था।

अलग-अलग सड़क हादसों में एक की मौत, चार घायल

गुरुग्राम, एजेंसी। साइबर सिटी और आसपास सड़क हादसों पर लगाम नहीं लग पा रही है। लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाने के बाद भी प्रतिदिन छह से सात हादसे सामने आ रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण लापरवाही से वाहन चलाना है। वाहनों की रफ्तार इतनी अधिक रहती है कि जब तक चालक संभलते हैं तब तक हादसा हो जाता है। सोमवार को भी विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज किए गए। इस साल अब तक 150 से अधिक लोगों की मौत सड़क हादसों में हो चुकी है। गांव जखोपुर के रहने वाले संदीप और अजय सोमवार दोपहर बाइक से गुरुग्राम से आ रहे थे। बाइक संदीप चला रहे थे। घामड़ोज टोल प्लाजा के नजदीक पीछे से आ रही थार गाड़ी ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक सहित गिर गए। अधिक चोट लगने की वजह से अजय की मौत हो गई। संदीप की शिकायत पर भोंडसी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संदीप का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बता दें कि गुरुग्राम-सोहना हाईवे पर अक्सर हादसे हो रहे हैं। अधिकतर हादसे वाहनों की तेज रफ्तार की वजह से होते हैं। शांति नगर में रह रहे दिनेश कुमार अपने भाई तरुण कुमार के साथ बाइक से धारूहेड़ा जा रहे थे। बिलासपुर चौक से कुछ आगे रांग साइड आ रही हरियाणा रोडवेज की बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक सहित गिर गए। आसपास के लोगों ने उन्हें नजदीक अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से उन्हें गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में भेज दिया गया। दिनेश की शिकायत पर बिलासपुर थाना पुलिस ने रोडवेज बस चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। गांव ख्वासपुर के रहने वाले नीरज कुमार रविवार को अपनी बाइक से जमालपुर बाजार जा रहे थे। पटौदी-गुरुग्राम रोड पर एक तेज रफ्तार वैगनार कार ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें नजदीक अस्पताल में भर्ती कराया। शिकायत के आधार पर बिलासपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

महिला मीडियाकर्मी पर कुत्तों का हमला, बचने के प्रयास में 6 फीट नीचे गिरी; कंधे में आई गंभीर चोट

गाजियाबाद, एजेंसी। राजनगर एक्सटेंशन की केडीपी ग्रैंड सवाना सोसायटी में सोमवार आधी रात को सोसाइटी के सेंट्रल पार्क में टहल रहीं महिला मीडियाकर्मी पर सात कुत्तों ने हमला बोल दिया। बचने के लिए भागीं तो पार्क की रेलिंग से छह फीट नीचे आकर गिरीं। उनके कंधे में गंभीर चोट आई है। सोसाइटी में रहने वाली अमोला शील शुक्ला ने बताया कि वह खाने के बाद पार्क में टहलने गई थीं। पार्क जमीन से करीब दो फीट ऊंचा है और इस पर रेलिंग भी लगी है। टहलते समय अचानक सात कुत्ते उन्हें घेरकर भौंकने लगे। वह पीछे हटीं तो हमला कर दिया। कुत्तों से बचने के लिए भागीं और रेलिंग के ऊपर से पास में खड़ी कार पर गिरीं और लुड़ककर जमीन पर आ गिरीं। यहां भी चार कुत्ते पहले से मौजूद थे। उनके पिता ने लोगों को मदद से कुत्तों को भगाया। उनके कंधे की हड्डी डिस्लोकेट हो गई है।

शरारत पड़ी भारीः महागुनपुरम सोसायटी की लिफ्ट में युवकों ने दिखाया चाकू, दहशत में बच्ची

गाजियाबाद, एजेंसी। कविनगर थाना क्षेत्र के एनएच-9 स्थित महागुनपुरम में रविवार को लिफ्ट में जा रही बच्ची को दो युवकों ने चाकू दिखाया। इस घटना के बाद से बच्ची दहशत में है। घटना के बाद से सोसायटी के लोगों में रोष है। बच्ची को लिफ्ट में चाकू दिखाने वाली घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। आरोपितों के माफी मांगने पर बच्ची के पिता ने पुलिस से शिकायत नहीं की है। हालांकि पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए दोनों आरोपितों का शांतिभंग की धारा में चालान किया है। महागुनपुरम सोसायटी की 12 साल की एक बच्ची आठवीं कक्षा की छात्रा है। वह रविवार को सोसायटी में ही दूध लेने जा रही थी। जब वह लिफ्ट से छठी मंजिल से चौथी मंजिल पर पहुंची तो यहां दो युवक बीटेक छात्र राजन मौर्य व शारिफ अहमद लिफ्ट में घुसे। एक युवक के हाथ में छोटा चाकू था। उसने उसे बच्ची को दिखाया। इससे बच्ची बेहद डर गई। दोनों युवक ग्राउंड फ्लोर पर उतर गए और दहशत में आई बच्ची वापस अपने फ्लैट पर पहुंची। उसने स्वजन को घटना के बारे में बताया। इसके बाद स्वजन ने मेंटेनेंस स्टाफ से शिकायत की और दोनों युवकों को पकड़ लिया गया।

बंगले पर बढ़ा बवाल, एक साथ आई दो-दो मुसीबत

नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास के पुनर्निर्माण में पर्यावरण नियमों की अनदेखी की वास्ताविकता का पता लगाने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने मंगलवार को एक संयुक्त समिति का गठन किया। मुख्य सचिव की अगुवाई में गठित समिति को 31 मई तक रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। एनजीटी प्रमुख जस्टिस एके गोयल, जस्टिस सुधीर गोयल और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने नरेश चौधरी की ओर से दाखिल याचिका पर यह आदेश दिया है। याचिका में मुख्यमंत्री के सरकारी आवास और उसके आसपास की संपत्तियों में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा किए गए विकास कार्यों या निर्माणों में पर्यावरण नियमों की अनदेखी करने का आरोप लगाया गया है। याचिका में 6-फ्लैग स्टाफ रोड (मुख्यमंत्री आवास) और 45-47 राजपुर रोड (इसके आसपास की संपत्ति) को विकसित करने के दौरान स्थायी और अर्ध-स्थायी निर्माण करने और 20 से अधिक पेड़ों को अवैध रूप से काटने का आरोप लगाया गया है। गठित समिति में मुख्य सचिव के अलावा दिल्ली सरकार के प्रमुख सचिव (वन एवं पर्यावरण), दिल्ली शहरी कला आयोग (डीयूएसी) के प्रतिनिधि, संबंधित जिलाधिकारी शामिल हैं। पीठ ने समिति को एक सप्ताह के भीतर बैठक करने और तीन सप्ताह में रिपोर्ट पेश करने को कहा है। एनजीटी ने आदेश में कहा कि समिति किसी अन्य विभाग या प्राधिकरण के साथ बातचीत करने और मौके पर जाकर निरीक्षण करने के लिए स्वतंत्र होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता गौरव कुमार बंसल ने पीठ को बताया कि मुख्यमंत्री आवास में पुनर्निर्माण का कार्य डीयूएसी की मंजूरी के बगैर अवैध रूप से किया गया है। हरित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए डीयूएसी की टिप्पणियों की अनदेखी की गई है। आरोप लगाया गया है कि पेड़ों को काटने की अनुमति फरवरी 2009 के दिल्ली सरकार (वन और वन्यजीव विभाग) द्वारा पारित आदेश में 'हेरफेर और धोखाधड़ी' के जरिए प्राप्त की गई है।

इधर दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास को लेकर कांग्रेस नेता अजय माकन के दावे पर उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव से रिपोर्ट तलब की है। माकन ने मुख्यमंत्री आवास के नवीनीकरण को लेकर सात बिंदुओं में सवाल उठाते हुए जांच की मांग की थी। राजनिवास सूत्रों के मुताबिक एलजी को लिखे पत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अजय माकन ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री आवास पर खर्च की गई राशि 45 करोड़ नहीं बल्कि 171 करोड़ रुपये थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह धनराशि कोविड महामारी के दौरान खर्च की गई जब लोग अस्पतालों में बिस्तर और ऑक्सीजन की कमी के चलते परेशान थे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आवास के डिजाइन, यहां लगाए गए पेड़ों को नष्ट करने, मुख्यमंत्री आवास के पास मौजूद अन्य बंगलों को लेकर किए गए फेरबदल, नियमों के उल्लंघन आदि को लेकर आरोप लगाए गए हैं। राजनिवास के मुताबिक, मुख्य सचिव को दिए पत्र में कहा गया कि उपरोक्त पत्र में उठाए गए प्रत्येक मुद्दे पर सात दिन में रिपोर्ट पेश की जाए।

जितेंद्र की मौत की सुलझी गुत्थी, लूट के बाद पत्थर मारकर की गई थी हत्या

गुरुग्राम, एजेंसी। सेक्टर-37 में परिवार सहित किराये पर रह रहे जितेंद्र कुमार की मौत मामले की गुत्थी सुलझ गई। लूटपाट करने के बाद तीन युवकों ने पत्थरों से चोट मारकर उनकी हत्या कर दी थी। तीनों को क्राइम ब्रांच की मानेसर टीम ने सोमवार रात सेक्टर-37 इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में गांव बिछिया के रहने वाले अनिल कुमार, आजमगढ़ जिले में गांव पत्थरपुरवा के रहने वाले सूरज और अलीगढ़ जिले में गांव बोरिया के रहने वाले जगत के रूप में की गई।

तीनों नशा करने के आदी हैं। इसके लिए लूटपाट करते थे। जितेंद्र से मोबाइल छीन रहे थे। विरोध करने पर पत्थरों से चोट मारकर हत्या कर दी थी। पूछताछ के लिए तीनों को तीन दिन की रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान तीनों की निशानदेही पर मोबाइल की बरामदगी की जाएगी। मूल रूप से बिहार के नालंदा जिले में गांव बीबीपुर के रहने वाले 36 वर्षीय जितेंद्र कुमार एक निजी कंपनी में काम करते थे।

गैस गोदाम के नजदीक मिला था शवः उनका शव पिछले महीने सेक्टर-37 इलाके में इंडेन गैस गोदाम के नजदीक मिला था। उनके चेहरे पर चोट लगी थी। इस वजह से पत्नी ने हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की थी। तभी से आरोपितों की पहचान से लेकर तलाश की जा रही थी। क्राइम ब्रांच की मानेसर टीम के प्रभारी एसआई ललित कुमार को सूचना मिली कि मामले में शामिल आरोपित सेक्टर-37 इलाके में टेलीफोन एक्सचेंज के नजदीक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। टीम मौके पर पहुंची और तीनों को गिरफ्तार कर लिया। सहायक पुलिस आयुक्त (क्राइम) प्रीतपाल का कहना है कि आरोपितों की पहचान के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रयास करके वारदात से संबंधित सूचनाएं एकत्रित की गईं। इससे गिरफ्तारी संभव हो सकी। तीनों महंगा नशा करने के आदी हैं। इसके लिए अकेले व्यक्ति के साथ लूटपाट करते थे, ताकि नशे की सामग्री खरीद सकें। लूटपाट का विरोध करने पर आरोपितों ने पत्थरों से चोटें मारकर हत्या कर दी थी। शव को खाली पड़ी जमीन में फेंक दिया था। तीनों मोबाइल लेकर वहां से फरार हो गए थे। रिमांड के दौरान पता चलेगा कि तीनों ने कितनी वारदात को अंजाम दिया था।

सीवर में शख्स की मौत के 20 दिन बाद एफआईआर, नगर निगम के अधिकारियों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

बादशाहपुर, एजेंसी। गुरुग्राम सोहना राजमार्ग पर आंबेडकर भवन के सामने सीवर के मेनहोल में 20 अप्रैल को मिले शव के मामले में नगर निगम अधिकारियों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। बादशाहपुर पुलिस ने मामला घटना के 20 दिन बाद मृतक के भाई की शिकायत पर दर्ज किया है।

मृतक के भाई का आरोप है कि नगर निगम की लापरवाही से सीवर के मेनहोल का ढक्कन खुला था। जिसमें गिरकर उनके भाई की मौत हो गई। पुलिस 20 दिन बाद भी इस मामले में किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई। शिकायत के बाद भी मामला गोलमोल दर्ज किया गया है। किसी भी अधिकारी को नामजद नहीं किया गया है।

20 अप्रैल को दोपहर करीब तीन बजे बादशाहपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि सीवर के मेनहोल में किसी व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अग्निशमन विभाग की मदद से करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद शव को निकाला। मृतक का बैग भी गटर में ही मिला था। बैग में लैपटाप के अलावा उसके कुछ दस्तावेज मिले। उनके आधार पर मृतक की पहचान मथुरा जिला के औरंगाबाद के बालाजी कालोनी के रहने वाले दिनेश के रूप में हुई थी। दिनेश सेक्टर-57 में तिगरा गांव में अपने भाइयों के साथ रहकर टैक्सी चलाने का काम करता था। 14 अप्रैल को वह अपना बैग लेकर अपने भाई को गांव जाने के लिए कहकर निकला था। उसके बाद से उसका कोई संपर्क किसी से नहीं हुआ। शव की पहचान मथुरा के औरंगाबाद के बालाजी कालोनी के रहने वाले दिनेश के रूप में हुई थी। पुलिस ने शव मिलने के बाद दावा किया था कि अलग-अलग पहलुओं से जांच की जा रही है। यह हत्या का मामला है या हादसा है या फिर नगर निगम की लापरवाही है। नगर निगम की लापरवाही भी सामने आ रही है। पुलिस ने उसके बाद शायद इस मामले में जांच बिल्कुल भी आगे नहीं बढ़ाई।

अतीक-अशरफ के हत्यारों के पास कहां से आई इतने महंगी पिस्टल, गाजियाबाद में ओवैसी ने सीएम योगी से पूछा सवाल

गाजियाबाद, एजेंसी। डासना नगर पंचायत के चुनाव प्रचार में प्रचार के आखरी दिन अपनी पार्टी एआईएमआईएम की प्रत्याशी हज्जन हंसार पत्नी हाजी आरिफ अली के पक्ष में पार्टी के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने जमकर दहाड़ते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा के प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर हमला किया।

उन्होंने कहा, च्च्गोडसे की औलादों ने हम पर इसी क्षेत्र में गोलियां चलवाईं, मगर हम डासना की सरजमीं पर फिर मौजूद हैं, हम हाजी आरिफ अली से प्यार करते हैं। हम किसी से डरने वाले नहीं हैं सिर्फ अल्लाह से डरते हैं।

आगे उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में आपने जो फैसला लिया था मैं उसकी कदर करता हूं मगर यहां आपको बताना जरूरी समझता हूं कि आपने जो अपने कीमती वोट सपा को झोली भर भर कर दिये तो यहां से बीजेपी का विधायक कामयाब हो गया।

ओवैसी ने कहा कि मेरी अब आपसे बड़ी इज्जत अहतराम से अपील है कि इसबार आप लोग ऐसी गलती न करें डासना नगर पंचायत की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी हज्जन हंसार पत्नी हाजी आरिफ अली आपके बीच पहले भी रही हैं और आज भी आपकी हक की लड़ाई लड़ने को खड़ा है कोई अगर आपके साथ नाइंसाफी करेगा तो हाजी आरिफ सीना

तानकर आपके हक की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा खड़ा है। इसलिये 11 मई को एकजुट होकर अधिक से अधिक अपनी कीमती वोट का इस्तेमाल करें अपनी वोट को पतंग के निशान पर डालें जिससे हज्जन हंसार पत्नी हाजी आरिफ अली को कामयाब बनायें एआईएमआईएम को मजबूत बनाये।

झोंपडी में रहने वालों के पास इतने महंगे पिस्टल कहां से आये?: एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा, च्च्अतीक व अशरफ को पुलिस कस्टडी में मार दिया गया। एनकाउंटर से लोकतंत्र कमजोर होता है, एनकाउंटर से जनता का विश्वास कोर्ट से कम हो जायेगा, पुलिस से भी कम हो जायेगा, कोई अगर सत्ता में बैठकर तय करेगा कि कोर्ट फैसला नहीं करेगा, गोली से इन्साफ करूंगा तो इससे लोकतंत्र खत्म हो जायेगा। मुख्यमंभी बताएं कि झोंपडी में रहने वालों के पास 8-8 लाख रुपए के इतने महंगे पिस्टल कहां से आये, पाकिस्तान से आये, आईएसआई से आये?ज्ज बता दें कि औवेसी करीब एक घंटे मंच पर रहे जिसमें उन्होंने 30-35 मिनट भाषण दिया

नेताओं के बिगड़े बोल, ओमप्रकाश बोले- आवारा पशु को कहते खट्टर; भाजपा नेता का पलटवार

नई दिल्ली, एजेंसी। नेताओं का बड़बोलापन और ऊल जुलूल बयान देने का सिलसिला जारी है। अब फिर से दो राज्यों के नेता अपने बयानों के कारण चर्चा में है। एक पूर्व मुख्यमंत्री ने तो वर्तमान मुख्यमंत्री के उपनाम को लेकर ही विवादित बयान दे डाला और उसका मतलब भी बताया, जबकि बंगाल के एक विधायक ने विरोधी दलों के नेता-कार्यकर्ताओं को खाल उधेड़ने तक की धमकी दी। नेताओं के इन विवादित बयानों पर भाजपा व पंजाबी समाज ने पलटवार किया है।

पूर्व सीएम चौटाला का विवादित बयानः पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को लेकर विवादित बयान दिया है। चौटाला ने कहा कि हमारे यहां पर जो आवारा पशु

होते हैं उनको खट्टर कहा जाता है। चौटाला यहीं पर नहीं रुके। उन्होंने कहा कि यह बात मैंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सीएम बनने के बाद भी कही थी और अब इसको फिर से दोहरा रहा हूं। पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला मंगलवार को रेवाड़ी में इनेलो कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे। चौटाला ने कहा कि भाजपा और जजपा के बीच बेमेल गठबंधन अब ज्यादा दिनों तक चलने वाला नहीं है। चौटाला के इस बयान पर भाजपा और पंजाबी समाज ने पलटवार किया है। भाजपा सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश खोला ने कहा कि हमारे यहां तो जो दिव्यांग होता है उसे चौटाला कहकर बुलाया जाता है, लेकिन भाजपा नेता पहले भी इसको लेकर विरोध जताते थे और अब भी जताते हैं। भाजपा नेताओं ने कभी भी अपनी मर्यादा को भंग नहीं किया। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली ने कहा कि पूर्व सीएम ने मर्यादा का उल्लंघन किया है। पंजाबी समाज की ओर से भी चौटाला के बयान पर आपत्ति दर्ज कराई है। पंजाबी समाज के प्रधान व भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रेमनाथ गेरा, महेंद्र छाबड़ा, रूचिका नागपाल आदि ने बयान जारी कर कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी अमर्यादित भाषा से सिर्फ पंजाबी समाज का ही नहीं, बल्कि पूरी खट्टर बिरादरी का भी अपमान किया है।

किसी को बताया तो जान से मार दूंगा; दुष्कर्म कर आरोपित ने दी धमकी

पति पर हमला कर महिला को किया था किडनैप

गुरुग्राम, एजेंसी। पटौदी मंडी क्षेत्र में दो अज्ञात व्यक्ति एक महिला के पति को पत्थर से बुरी तरह घायल कर महिला का अपहरण कर ले गए तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। महिला का पति दो माह पूर्व गुजर गया था। उनके तीन बच्चे थे। पति के गुजर जाने के बाद लगभग एक महीने पहले महिला ने अपने देवर के साथ शादी कर ली थी तथा उनके साथ अपने बच्चों सहित एक नलकूप के कोठरे में रह रही थी। सोमवार को दो अज्ञात व्यक्ति उस कोठरे पर आए तथा पानी मांगा। रात को वही दो व्यक्ति दोबारा कोठरे पर आए तथा कोठरे के बाहर सो रहे उसके पति के सिर में गार्डर की टुकड़ी से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। शोर सुनकर जब महिला बाहर आई तो, तब तक उसका पति अचेत हो चुका था। दोनों ने महिला को मारपीट कर उसे काबू किया तथा जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गए। खेत में दोनों युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया तथा जाते जाते उसके द्वारा पहने हुए गहने भी ले गए और धमकी देते हुए महिला से कहा कि अगर किसी से बताया तो जान से मार दूंगा। पति को पटौदी के अस्पताल में पहुंचाया। गंभीर स्थिति को देखते हुए सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित महिला के बयान पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। इलाके के डीसीपी मनबीर सिंह, एसीपी क्राइम सोमबीर और थाना प्रबंधक राकेश कुमार ने घटनास्थल पर जाकर छानबीन की।

यूएस मॉल में गोलीबारी में मारी गई भारतीय इंजीनियर का पार्थिव शरीर स्वदेश भेजने की प्रक्रिया जारी

न्यूयार्क एजेंसी। अमेरिका के ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह शनिवार को टेक्सास के मॉल में हुई गोलीबारी में जान गंवाने वाली भारतीय इंजीनियर ऐश्वर्या थतिकोंडा का पार्थिव शरीर स्वदेश ले जाने के लिए औपचारिकताएं पूरी करने में परिजनों की मदद कर रहा है। इसके साथ ही दूतावास ने यह भी पुष्टि की कि इस दुखद घटना में दो भारतीय घायल भी हुए हैं। मैककिनी निवासी ऐश्वर्या (26) अपने एक दोस्त के साथ मॉल में खरीदारी कर रही थीं कि तभी डलास में ऐलेन प्रीमियम आउटलेट्स में बंदूकधारी मौरिसियो गार्सिया ने उन पर गोली चला दी। गोलीबारी शनिवार को अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे हुई जब मॉल का बाहरी हिस्सा खरीदारों की भीड़ से भरा था। गोलीबारी में कम से कम आठ लोग मारे गए और हमलावर मौरिसियो गार्सिया (33) को भी पुलिस ने मार गिराया था। भारत के तेलंगाना राज्य में रंगा रेड्डी जिला अदालत में जिला न्यायाधीश की बेटी ऐश्वर्या परफेक्ट जनरल कॉन्ट्रैक्टर्स एलएलसी में प्रोजेक्ट मैनेजर थीं। ह्यूस्टन स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ऐश्वर्या के तथा गोलीबारी में घायल दो अन्य भारतीयों के परिवार के संपर्क में है।

ह्यूस्टन में भारतीय महावाणिज्य दूत असीम महाजन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि वे ऐश्वर्या का पार्थिव शरीर उनके

परिवार के पास भेजने के लिए औपचारिकताएं पूरी करने में परिजनों की मदद कर रहे हैं। महाजन ने कहा, ''गोलीबारी की इस दुखद घटना में दो अन्य भारतीय नागरिक भी घायल हुए हैं। हम स्थानीय एवं अस्पताल प्रशासन, घायलों के रिश्तेदारों और समुदाय के नेताओं के साथ लगातार संपर्क में हैं।'' सूत्रों के अनुसार घायलों में से एक की हालत गंभीर है। वाणिज्य दूतावास के अधिकारी हरसंभव मदद करने के लिए डलास में मौजूद हैं। ऐश्वर्या के सुपरवाइजर श्रीनिवास चालुवाड़ी के अनुसार, सभी उसे याद करते हैं, इसलिए नहीं कि वह दुखद परिस्थितियों में मारी गई, बल्कि इसलिए कि वह व्यक्तिगत रूप से बहुत अच्छी थी। उन्होंने कहा कि वह 18 मई को 27 साल की हो जाती और उसका परिवार उसके लिए जन्मदिन की पार्टी की योजना बना रहा था। तेलुगु एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका के नेता अशोक कोल्ला थतिकोंडा के पार्थिव शरीर को भारत भेजने की व्यवस्था कर रहे हैं। मारे गए अन्य लोगों में तीन साल का एक बच्चा, उसके माता पिता, एक सुरक्षा गार्ड और प्राथमिक स्कूल जाने वाली दो बहन शामिल हैं।

घटना में सात अन्य लोग भी घायल हुए हैं और उनका अस्पताल में इलाज हो रहा है। अपराध की जांच जारी है तथा घटना में मारे गए लोगों के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है। थटिकोंडा अपनी मास्टर डिग्री हासिल करने के लिए करीब पांच साल पहले अमेरिका पहुंची थी। उसने 2020 में पूर्वी मिशिगन विश्वविद्यालय से स्नातक किया। विश्वविद्यालय ने एक बयान में कहा, आज सुबह हमें यह जानकर गहरा दुख हुआ कि टेक्सास के डलास के बाहर एक मॉल में शनिवार को हुई गोलीबारी में मारे गए। लोगों में ईस्टर्न मिशिगन विश्वविद्यालय की स्नातक ऐश्वर्या थटिकोंडा भी शामिल है। उसे विश्वविद्यालय के परवाज के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

भारत-आसियान देशों के युद्धाभ्यास वाले इलाके में पहुंचा चीनी जहाज

बीजिंग, एजेंसी। भारत ने आसियान देशों के साथ मिलकर सोमवार को साउथ चाइना सी में मिलिट्री ड्रिल की थी। इस दौरान चीन का सर्विलांस वेसल यानी निगरानी रखने वाला जहाज शियांग यैंग होंग 10 उनके आसपास के इलाके में आया। सर्विलांस वैसल के अलावा चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी के 8 और जहाज उसके साथ मौजूद थे। रॉयटर्स के मुताबिक इसकी जानकारी दो भारतीय अधिकारियों ने दी है।

वियतनाम के एक्सपर्ट ने बताया कि ऐसा कर चीन मिलिट्री ड्रिल को डिस्टर्ब करना चाहता था। मिलिट्री ड्रिल के दौरान चीन वियतनाम के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन में आ गया था। वो भारत और दूसरे देशों के जंगी जहाजों से केवल 80 किलोमीटर दूर था। हालांकि, जहाज ने कुछ नहीं किया। जब चीन का निगरानी रखने वाला जहाज मिलिट्री ड्रिल वाले इलाके की ओर बढ़ा तो भारत और असियान देशों के जहाजों ने अपना ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम बंद कर दिया, ताकि उन्हें डिटेक्ट नहीं किया जा सके। दरअसल, ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम यानी एक ट्रैकिंग सिस्टम होता है जो आसपास मौजूद दूसरे जहाजों की जानकारी देता है। इसमें जहाज में मौजूद स्क्रीन पर दूसरे वैसल रिफलेक्ट होते, यानी दिखते हैं। इस मामले में भारतीय सेना के सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि चीन का जहाज मिलिट्री ड्रिल के ज्यादा नजदीक नहीं आया। जिससे किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया गया। हालांकि, इलाके में उसकी एक्टिविटीज पर नजर रखी जा रही है। सिंगापुर और भारत की नौसेना पहली बार आसियान देशों के युद्धाभ्यास में सह आयोजक हैं। ये अभ्यास 2 मई को शुरू हुआ था, कल इसका आखिरी दिन था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555